# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# आपदा में प्रत्येक विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार को मोहद्दीपुर क्षेत्र की दो प्रमुख भवनों, ओरियन मॉल एवं अर्किड ग्रीन रेजिडेंसी अपार्टमेंट में भूकंप एवं अग्निकांड के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का सजीव प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) के तहत कार्रवाई की गई जिसमें सभी विभागों के उत्तरदायित्व का निर्धारण किया गया है।

अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम के नेतृत्व में आपदा प्राधिकरण कार्यालय, कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला ईओसी का संचालन किया गया। वायरलेस सेट से सूचनाओं का प्रेषण व कार्रवाई का दस्तावेजीकरण का कार्य किया गया। मोहद्दीपुर से एयरपोर्ट जाने वाली मुख्य मार्ग को घटित आपदा के दृष्टिगत ग्रीन करिडोर में परिवर्तित करते हुए रूट को डायवर्ट किया गया। पेडलेगंज और यूनिवर्सिटी की तरफ से आने वाले वाहनों को मोहद्दीपुर से धार फ 1 2 क फ्लाईओवर के नीचे से हाइडिल रोड होते हुए मूव कराया गया जिससे कि राहत एजेंसियां त्वरित रूप से घटना स्थल तक पहुंच सकें। **स्टेजिंग एरिया एवं कमांड पोस्ट का निर्माण** : विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने, आवश्यक दिशा निर्देश देने तथा सूचनाओं के प्रेषण हेतु गोपाल मंदिर परिसर में स्टेजिंग एरिया एवं कमांड पोस्ट का निर्माण किया गया। वहां वायरलेस स्टेशन की स्थापना, राजस्व, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य, नगर निगम, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन आदि विभागों ने अपने संसाधनों का प्रदर्शन करते हुए पोस्ट की स्थापना की। स्टेजिंग एरिया का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) ने किया। **भवन में फंसे लोगों का रेस्क्यू आपरेशन** : 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ एवं अन्य विभागों के सहयोग से अर्किड ग्रीन अपार्टमेंट में भूकंप के दौरान फंसे लोगों का रेस्क्यू अपरेशन किया गया। एनडीआरएफ टीम ने दीवाल काटकर (प्रतीकात्मक रूप से) अंदर फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला और रस्सा बांधकर तीसरे और चौथे माले पर फंसे व्यक्तियों एवं बच्चों को निकालने की कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण किया। नगर निगम की टीम भूकंप के पश्चात क्षतिग्रस्त हुए भवनों के मलबों को हटाने विद्युत पोलों को ठीक करने के लिए जेसीबी, ट्रक, लोडर आदि संसाधनों के साथ पहुंचकर सहयोग प्रदान किया। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित एवं समुचित सहायता उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से हाइडिल गेस्ट हाउस मोहद्दीपुर को राहत शिविर के रूप में प्रयुक्त किया गया। शिविर में शुद्ध पेयजल, शौचालय, मेडिकल टीम, पंजीकरण स्थल, वैकल्पिक शिक्षा आदि अन्य व्यवस्थाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। ओरियन मॉल में अग्निकांड भूकंप के पश्चात यह संभावित है की किन्हीं क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाएं हो सकती हैं। उक्त के दृष्टिगत ओरियन मॉल में अग्निकांड की घटना का संजीव प्रस्तुतीकरण किया गया। अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा, एनसीसी, आपदा मित्र व सखी तथा ओरियन मॉल के कर्मचारियों के सहयोग से फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया गया। भूकंप में प्रभावित हुए व्यक्तियों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने हेतु 100 शैय्या टीबी अस्पताल नंदा नगर में 20 बेड का ओपन अस्पताल संचालित किया गया। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बरगदवा में फैक्ट्री के अंतर्गत आन साइट ड्रिल का आयोजन किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि फैक्ट्री के अंतर्गत कहीं से कोई रिसाव नहीं हो रहा है।

मॉक ड्रिल कार्यक्रम का नेतृत्व विनीत कुमार सिंह एडीएम वित्त/प्रभारी अधिकारी (आपदा)/ इंसीडेंट कमांडर एवं जितेंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी)/ आपरेशन सेक्शन चीफ ने किया। एनडीआरएफ से प्रेम कुमार पासवान डिप्टी कमांडेंट तथा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार मय टीम उपस्थित रहे। अग्निशमन विभाग से शांतनु कुमार एफएसओ ने नेतृत्व किया। नागरिक सुरक्षा से डा. संजीव गुलाटी चीफ वार्डन तथा सत्य प्रकाश सिंह उप नियंत्रक मय टीम ने कार्य किया। चिकित्सा विभाग से डा. राजेश कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मय टीम उपस्थित रहे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्रतीक, मनोज, मनदीप, राणा, विवेक तथा भारी संख्या में आपदा मित्र व सखी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौतम गुप्ता जिला आपदा विशेषज्ञ ने किया।



ओरियन माल में मॉकड्रिल करते अग्निशमन विभाग,नागरिक सुरक्षा, एनसीसी,आपदा मित्र व सखी।

■ ओरियन मॉल एवं अर्किड ग्रीन रेजिडेंसी अपार्टमेंट में भूकंप एवं अग्निकांड के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का सजीव प्रस्तुतीकरण

■ रूट डायवर्जन, ग्रीन कॉरिडोर, चिकित्सा व राहत शिविर का भी आयोजन किया

# सहजनवा कस्बे में शराब पीने के दौरान फायरिंग, घायल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार को सहजनवा कस्बा स्थित देशी शराब की दुकान पर शराब पीने के दौरान शिवानंद सिंह फोन पर पत्नी को गाली दे रहा था। पड़ोस में खड़े लोगों ने एकतराज किया तो विवाद कर लिया। पास में खड़े बैंक से सेवानिवृत कैशियर बीबी पांडेय ने मना किया तो उनसे उलझ गया और वह घर से लाइसेंसी राइफल से फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान शिवानंद सिंह के गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह खतरे से बाहर है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि फायरिंग करने वाला आरोपी पकड़ा गया है। असलहा पुलिस बरामद कर लिया है।

**सहजनवा प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार सहजनवां थाना क्षेत्र के उज्जीखोर निवासी शिवानंद सिंह (40) पुत्र स्वर्गीय सीताराम सिंह शुक्रवार को जरूरी कार्य से सहजनवां आए थे। दोपहर डेढ़ बजे के आसपास सहजनवां कस्बे में स्थित एक देशी शराब की दुकान से शराब खरीदी और पीने लगे। इसी दौरान शिवानंद के मोबाइल पर पत्नी का फोन आ गया। फोन रिसीव करने के बाद फोन पर करने के दौरान बात -बात में पत्नी को जोर जोर से चिल्ला कर गाली देने लगा। आसपास के लोगों ने गाली देने से मना किया लेकिन शिवानंद ने पत्नी को गाली देना बंद नहीं किया। गाली देने के दौरान ही पास में शराब पी रहे दूसरे युवक को नगावार लगी और खुद को गाली देने का विरोध किया।

पीड़ित ने पत्नी के साथ विवाद होने की जानकारी दी मगर आरोपित को लगा कि उसी को गाली दे रहा है। नाराज आरोपित ने शराब भट्ठी के कुछ दूर सड़क पर खड़े कस्बा निवासी बैंक से सेवानिवृत कैशियर बीबी पांडेय ने पहले गाली देने से मना किया लेकिन शराब के नशे में धूत शिवानंद विवाद कर लिया। विवाद के बाद बीबी पांडेय से घर के अंदर से लाइसेंसी अलहा निकाल कर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोली दीवार से टकराकर शिवानंद के कमर के दाहिने तरफ लगी और वही गिर गया। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि शिवानन्द गीडा के एक फैक्ट्री में लेवर का कार्य करता है। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल शिवानंद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फायरिंग की सूचना मिलते ही सीओ गीडा प्रशाली गंगवार अस्पताल में भर्ती घायल से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली।



सहजनवा में गिरफ्तार अरोपी।

■ आरोपी असलहा के साथ पकड़ा गया : एसएसपी

# एसएसपी में धड़का डॉक्टर का दिल



मार्ग दुर्घटना के दौरान सहयोग करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व अन्य पुलिसकर्मी।

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के वर्दी से निकली मानवीय संवेदना की खुशबू ने लोगों को अभिभूत कर दिया। सबको एकबारगी लगा कि उनके वर्दी में अब भी एक पूर्व के डाक्टर का ही दिल धड़कता है। हुआ यूं कि वह शहर में कहीं जा रहे थे। अचानक कैंट इलाके के हरिओम नगर तिराहे पर ई रिक्शा पलट गया उसमें सवार छात्रा समेत कुछ यात्री घायल हो गए। चालक को भी मामूली चोट आयी। रास्ते से गुजर रहे एसएसपी ने आनन फानन में गाड़ी रोककर खुद ई रिक्शा को उठाने के बाद घायलों को तत्काल अपनी स्कोर्ट गाड़ी से अस्पताल भेज दिया जिससे वहां पर उपचार कराया गया। कप्तान की फौरी कार्रवाई को देखकर लोगों ने इस पुलिस पब्लिक सरीखे काम को काफी सराहा।

- रास्ते में पलटा ई रिक्शा तो गाड़ी रोककर दौड़ पड़े डा. गौरव ग्रोवर, ई रिक्शा उठाकर घायलों को भेजवाया अस्पताल
- फ्रेंड पुलिसिंग को लोगों ने सराहा

# 27 वर्ष से फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के मोहनापुर बलुवहिया टोला में 27 वर्ष से फरार अभियुक्त भग्गू और बलराम के घर पुलिस ने मुनादी कर कुर्की की नोटिस चस्पा की हैं। उप निरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह,पवन कुमार सिपाही अनिल कुमार और देवेश कुमार ने शुक्रवार को दोनों फरार अभियुक्त के घर धारा 82 की कार्रवाई करने के लिए कुर्की की नोटिस चस्पा की है।

# मारपीट और धोखाधड़ी का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** न्यायालय के आदेश पर आरती देवी पत्नी चन्द्रभान निवासी धर्मपुरा थाना बासगांव के तहरीर पर खोराबार पुलिस अशोक कुमार पासवान पुत्र ललई खन्तापार मिर्जापुर खोराबार के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 504 व 506 के तहत केस दर्ज कर विवेचना कर रही हैं।

# हत्या के जुर्म में पांच को उम्रकैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के मझिगांवा निवासी अभियुक्त जय प्रकाश, जितई उर्फ जितेंद्र, तैयूम उर्फ कुटूर व वरियारपुर निवासी साहब अली व र्मपाल को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अविक्ता रमेश सिंह का कहना था कि वादी वसीउल्लाह चिलुआताल थाना क्षेत्र के मझिगांवा का निवासी है।उसका उसके पट्टीदारों से बटवारे का मुकदमा चलता है। इसी रंजिश को लेकर 4 मई 2016 की शाम करीब 6 बजे जब वादी का लड़का आजाद बेग अपने दोस्तो के साथ डोहरिया बाजार से घर वापस आ रहा था तो रास्ते में जगत बेला रेलवे स्टेशन के पास अभियुक्तों ने मिलकर वादी के लड़के को घेर लिया और लाठी डंडा लात मुक्का व ईंट पत्थर से बुरी तरह मारे पीटे। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आरोपित की जमानत निरस्त

**गोरखपुर।** जमानत की शर्तो का उल्लंघन करने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्विषि श्रीवास्तव ने आरोपित आकाश यादव की जमानत निरस्त कर दी है। इस मामले में आरोपित आकाश यादव की जमानत 8 जुलाई 2024 को न्यायालय द्वारा स्वीत की गई थी। जमानत मिलने के बाद आरोपित मामले की पीड़िता के घर में दिन दहाड़े घुस गया और गाली गलौज करते हुए तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। बीच बचाव करने आई पीड़िता की मां का आरोपित जान मारने की नियत से गला दबा दिया और मारा पीटा।

गोरखपुर।वरिष्ठ अविक्ता नरेंद्र र द्विवेदी के घर 10 सितम्बर को हुई चोरी के मामले में जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को एसोसिएशन अयक्ष कृष्ण दामोदर पाठक की अयक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। एसोसिएशन के मंत्री लालमन ने बताया कि अभी तक इस घटना में संलिप्त चोरों की गिरफ्तारी न होने और चोरी हुए सामान भी अभी तक न बरामद किए जाने से अविक्ताओं ने आक्रोश जताया।बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस द्वारा चोरों की गिरफ्तारी और सामान आदि बरामद नहीं किया गया तो अविक्ता तत्काल पुलिस कप्तान से मिलकर चोरों की गिरफ्तारी और सामान बरामी के लिए मांग करेंगे।

## पति को सात साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैरइरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने झगहां थाना क्षेत्र के खुटैला निवासी अभियुक्त राजेंद्र यादव को सात साल छः माह के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त छः माह कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अविक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र का कहना था कि वादी फूलचंद यादव ने अपनी पुत्री उषा देवी की शादी 13 वर्ष पहले अभियुक्त राजेंद्र यादव से किया था।3 मई 2017 की शाम 7.30 बजे वादी को सूचना मिली कि उसके दामाद अभियुक्त राजेंद्र यादव ने उसकी पुत्री उषा देवी को बुरी तरफ मार पीटकर घायल कर दिया है। इलाज के दौरान वादी की पुत्री उषा देवी की रात्रि 3 बजे के करीब मृत्यु हो गई।

## गैरइरादतन हत्या के जुर्म में पति को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैरइरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने पिपराइच थाना ग्राम कंचनपुर निवासी अभियुक्त पति शंभू गुप्ता को दस साल के कठोर कारावास व 20 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेश सिंह एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी घनश्याम प्रसाद गुप्ता ने अपनी बहन सुनीता की शादी अभियुक्त से वर्ष 2001 में की थी।जिसके दो बच्चे भी है। 7 अप्रैल 2012 की शाम 7 बजे अभियुक्त घर में आया और वादी की बहन सुनीता से उसका जेवर व रुपया मांगने लगा। सुनीता ने नहीं दिया तो अभियुक्त ने उसे बुरी तरह मारा पीटा और मिट्टी का तेल डालकर जमा दिया। इलाज के दौरान 14 मई 2012 को वादी की बहन सुनीता की मौत हो गई।

# छात्र को पीटने वाले कालेज के प्रवक्ता के खिलाफ केस

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** उरुवा क्षेत्र के ग्राम बिरइ निवासी रेशमा खातून ने उरुवा पुलिस को 9 सितंबर को तहरीर देकर बताया था कि मेरा बेटा अरकान श्रीरामरेखा सिंह इंटर कालेज उरुवा में कक्षा 8 का छात्र है। आरोप है कि कालेज के प्रवक्ता रामप्रवेश राज ने मेरे बेटे को इसलिए बुरी तरह से मारा पीटा कि वह कालेज में खराब भोजन बनने की शिकायत किया था। इतना मारा पीटा गया कि उसके कान से खून निकलने लगा और हाथ के अंगुली पर चोटे आई है। एसओ विकास नाथ ने बताया कि पीड़ित की मां ने तहरीर पर आरोपित प्रवक्ता रामप्रवेश रजक के खिलाफ बीएनएस धाराओं में मुकदमा पंजीत कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बच्चे को लेकर भागा, पुलिस की सक्रियता से बरामद

**गोरखपुर(एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के संगम चौराहे पर शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रहे बच्चे को परिजनों के अनुसार दो बच्चों ने बहला फुसलाकर कर असुरन चौराहे तक ले गए। बच्चे के रोने पर एक दुकान के सामने छोड़कर फरार हो गये। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे के अंदर बरामद पर बच्चे को उसके पिता को सौंप दिया। **पादरी बाजार प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक, सिद्धार्थनगर जिले के भानपुर निवासी बब्लू पांडेय बृहस्पतिवार को अपने 8 वर्षीय बेटे की आंख में मोतियाबिंद का इलाज कराने के लिए फातिमा अस्पताल में आये थे। शाम होने से डक्टर को दिखा नहीं पाये और दुसरे दिन डाक्टर को दिखाने के लिए संगम चौराहे के पास अपने परिचित के यहां रुक गए। शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे कमरे के बाहर बच्चा खेल रहा था। परिजनों के अनुसार खेलने के दौरान ही दो बच्चें उसे बहला फुसलाकर कर असुरन चौराहे तक ले गए, बच्चे के रोने पर दोनों बच्चे एक दुकान के पास छोड़कर फरार हो गये। दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। इधर लापता बच्चें के परिजन पुलिस को सूचना देने के बाद उसकी तलाश कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस बच्चे को बरामद कर उसके मात-पिता को सौंप दी।

# स्कूल जाते समय छात्रा से छेड़खानी

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कालेज की छात्रा से रास्ते में जबरन छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के भाई ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की लगाई गुहार। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ धारा 74, 115 (2),352,351(2), 351(3) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

छात्रा के भाई ने पुलिस को सौंपी तहरीर में लिखा है कि मेरी बहन चौरी चौरा के चौरी (बदुरहीय) स्थित एक कालेज में पढ़ाई करती हैं।जब वह कालेज जाती हैं, रास्ते में एक मनबढ़ लड़का जबरन छेड़छाड़ करता है। लड़के से कई बार शिकायत भी किया गया लेकिन वह अपनी आदतों से बाज नही आ रहा था। विगत 19 सितम्बर को लड़के को छेड़खानी करने से मना किया तो वह नाराज होकर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा, तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# छात्रा को बदनाम करने वाले की पुलिस ने रद कराई जमानत

जासं, गोरखपुर : गोरखनाथ क्षेत्र की रहने वाली छात्रा की इंस्टाग्राम पर फर्जी आइडी बना बदनाम करने वाले कुशीनगर जिले के शोहदे ने जमानत पर छूटने के बाद पीड़िता को तेजाब से जलाने का प्रयास किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने के साथ ही आरोपित आकाश यादव की जमानत रद करने के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी। शुक्रवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने शर्त का उल्लंघन करने पर पहले मुकदमे में आरोपित को मिली जमानत रद कर दी।



हरिओम नगर तिराहे पर शुक्रवार की दोपहर बाइक की टोकर लगने के बाद ई-रिक्शा पलट गया। रास्ते से गुजर रहे एसएसपी ने ई-रिक्शा को उठवाने के साथ ही घायल चालक को अपनी एस्कोर्ट में चल रहे वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया • सौ. इंटरनेट मीडिया

# पत्नी की गैर इरादतन हत्या मामले में 10 वर्ष कठोर कारावास

गोरखपुर : गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने पिपराइच थाना ग्राम कंचनपुर निवासी अभियुक्त पति शंभू गुप्ता को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेश सिंह एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी घनश्याम प्रसाद गुप्ता ने अपनी बहन सुनीता की शादी अभियुक्त से वर्ष 2001 में की थी। उसके दो बच्चे भी हैं। सात अप्रैल, 2012 की शाम सात बजे अभियुक्त घर में आया और सुनीता से उसका जेवर व रुपये मांगने लगा। सुनीता के नहीं देने पर अभियुक्त ने उसे बुरी तरह मारा पीटा और मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। इलाज के दौरान 14 मई, 2012 को उसकी मौत होगई।

# समर्पण करने की तैयारी में अलाउद्दीन, पुलिस चौकन्नी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : डाक्टरों की डिग्री चुराकर फर्जी तरीके से पैथोलाजी खुलवाने वाला कुशीनगर का अलाउद्दीन न्यायालय में समर्पण करने की तैयारी में है। मामला संज्ञान में आने के बाद गुलरिहा थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपित की तलाश में छापेमारी तेज कर दी है। कचहरी के आसपास चौकसी बढ़ा दी गई है।

अलाउद्दीन ने न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की अर्जी दी थी। जानकारी होने पर शुक्रवार को कचहरी में कैंट, गुलरिहा थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम मुस्तैद रही। इसकी भनक अलाउद्दीन को लगी तो वह फरार हो गया। पुलिसकर्मियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कचहरी के आसपास खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि डाक्टरों की डिग्री चुराकर फर्जी तरीके से पैथोलाजी खुलवाने वाले कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के रहने वाले अलाउद्दीन की तलाश चल रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पार्टी के लिए तीन किशोरों ने मिलकर रची थी अपहरण की कहानी

- सहजनवां पुलिस को मिली थी सूचना, शाम को होटल के सामने से बरामद हुआ था किशोर
- नोएडा से आए बुआ के लड़के ने बनाई थी कहानी, मामा के लड़के को किया था गायब

जासं, गोरखपुर : सहजनवां में किशोर के अपहरण की कहानी तीन किशोरों ने मिलकर रची थी। नोएडा से आए बुआ के लड़के ने दोस्त के नंबर से अपनी मां को वाट्सएप काल व मैसेज से बताया था कि मामा के बेटे का अपहरण हो गया है। 2.60 लाख रुपये तैयार रखें, नहीं तो हत्या हो जाएगी। किशोर की बरामदगी के बाद जब पुलिस ने तीनों को बैठाकर पूछताछ की तो सच्चाई सामने आई। तीनों को चाउमीन, बर्गर, मोमोज समेत अन्य खाने वाले पदार्थों की पार्टी करने की आदत थी। उनके पास रुपये नहीं थे।

सहजनवां के वार्ड नंबर 10 लुचुई से बुधवार को जिस बच्चे का अपहरण हुआ था, उसने अपने बुआ के लड़के और उसके दोस्त के साथ मिलकर कहानी बनाई थी। पुलिस की पूछताछ में बच्चे ने बताया कि उसके बुआ का लड़का नोएडा में कक्षा सात तक पढ़ा है। उसके पिता बाहर कमाने चले गए, तभी से बुआ अपने लड़के के साथ उसके घर पर ही रहती हैं। उसे और उसके बुआ के लड़के को खाने-पीने का शौक है। वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी करते रहते हैं। लेकिन, इस समय उनके पास रुपये नहीं थे। इसलिए बुआ के लड़के ने अपहरण की योजना बनाई और अपने दोस्त को बुलाकर उसका सिम कार्ड अपने मोबाइल में लगाकर बुआ के पास फोन किया।

**पिता के नंबर से बनाया वाट्सएप अकाउंट :** बुआ के लड़के ने मामा के नंबर से वाट्सएप अकाउंट बनाया था। जबकि, उसके मामा कीबोर्ड वाला मोबाइल फोन चलाते हैं। घटना से एक दिन पहले उनके नंबर से दूसरे मोबाइल फोन पर अकाउंट चलाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, जिसका ओटीपी मामा के मोबाइल फोन पर आया था। बार-बार बुआ के नंबर पर वाट्सएप काल आने पर पुलिस को शंका हुई कि कोई जानने वाला इसमें शामिल है। पुलिस ने अपहृत किशोर के पिता का मोबाइल फोन चेक किया तो उस पर ओटीपी आया था। इसके बाद पुलिस ने तीनों से पूछताछ शुरू की।

**पुलिस को छकाता रहा अपहृत किशोर :** सहजनवां पुलिस को अपहृत किशोर ने खूब छकाया। पूछताछ में उसने बताया कि जब वह स्कूल जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहा था, तभी सफेद कार से चार लोग आए। बोले की दादी की तबीयत खराब है उसके पिता बुला रहे हैं। गाड़ी में बैठते ही मेरे मुंह पर रुमाल लगाकर बेहोश कर दिया गया। जब उसे होश आया तो वह कालेसर पुल के पास था। वहां से पैदल घर आ रहा था, रास्ते में एक युवक के मोबाइल से घर पर सूचना दी।

**बुआ के लड़के को मालूम था बिका है खेत :** बुआ के लड़के ने पुलिस को बताया कि उसे मालूम था कि मामा के पास 2.50 लाख रुपये हैं। उन्होंने संतकबीरनगर स्थित अपने नेवासा की एक जमीन को बेचा था।इसके अलावा 10 हजार रुपये वह अपने पास से और दे सकते थे। इसलिए कहानी बनाकर 2.60 लाख रुपये मांगे थे। हालांकि बाद में फोन करने पर जब घर वालों के रोने की आवाज सुनी तो मामा के लड़के को होटल के पास छोड़कर भाग गए।

> साइबर सेल, साइबर अपराध थाना और सहजनवां थाने की पुलिस ने इस घटना को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई है। बच्चों ने बहुत ही शातिर ढंग से कहानी रची और उसको अंजाम दिया था। पहले दिन से ही पुलिस को शंका थी। जांच पड़ताल के बाद सारी कहानी सामने आ गई।
>
> डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# दोस्त की गला रेतकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर : शराब पीते समय विवाद होने के बाद चाकू से गला रेतकर दोस्त की हत्या करने वाले झीनक उर्फ खन्ना को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि 13 सितंबर को रमेश व झीनक अमरूद की बाग में शराब पी रहे थे। किसी बात पर विवाद हुआ तो झीनक ने रमेश के गले पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें रमेश की मृत्य हो गई।

# चाचा को मृत बताकर भतीजों ने दर्ज करा दिया धोखाधड़ी का केस

**जासं, गोरखपुर :** खोराबार थाना के छितौना में भतीजों ने अपने चाचा को मृत बता दिया। जबकि, चाचा का कहना है वह जिंदा है। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब उन्होंने अपने हिस्से की जमीन बेची और केस दर्ज हुआ। भतीजों ने दूसरे को खड़ा करके जमीन का सौदा करने का आरोप लगाते हुए चाचा और जमीन खरीदने वाले दंपती पर केस दर्ज करा दिया। उधर, मुकदमे की विवेचना कर रहे दारोगा ने भी चाचा को मृत दिखाते हुए चार्जशीट लगा दी है। गुरुवार को चाचा रामकवल ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने एसपी सिटी को जांच सौंपी है। छितौना के रामसिंह ने गांव के ही रामकवल से अपनी पत्नी गुड्डी सिंह के नाम से 29 डिसमिल जमीन 24 फरवरी, 2023 को खरीदी। इस पर भतीजों राम सरन और श्रवण ने खोराबार थाना में सात फरवरी, 2024 को जालसाजी का केस दर्ज करा दिया।

# विसर्जन के दौरान चाकू घोंपने वाले गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गणेश प्रतिमा विसर्जन देखने गए आलोक गौड़ पर चाकू व राड से हमला करने वाले दो आरोपितों प्रथम वर्मा व अभिषेक को कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ।

# गोरखनाथ पुलिस ने दो लुटेरों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

जासं., गोरखपुर : गोरखनाथ थानेदार ने दो लुटेरों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। एक आरोपित गोरखनाथ क्षेत्र का रहने वाला है। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि 29 जनवरी, 2023 को बदमाशों ने गोरखनाथ क्षेत्र में महिला की चेन लूट थी। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने महराजगंज जिले में कोतवाली थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी के रहने वाले रंजीत चौहान व चिलुआताल के प्रतापपुर के मोनू भारती को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरोह के सरगना रंजीत पर चोरी, लूट व गैंगस्टर एक्ट के 17 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपितों की तलाश चल रही है।

# रंगदारी मांगने व हास्पिटल में लूट करने वालों पर गैंगस्टर

जासं, गोरखपुर : रंगदारी के लिए तारामंडल के हास्पिटल में तोड़फोड़ व कर्मचारियों से मारपीट करने वाले गिरोह के छह सदस्यों पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। गिरोह के सरगना व सदस्यों ने दो वर्ष पहले डीआइजी बंगले के पास फायरिंग कर सनसनी फैलाई थी।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि 11 मई, 2023 को तारामंडल के शानवी हास्पिटल में बदमाशों ने रंगदारी न मिलने पर तोड़फोड़ व हंगामा किया था। संचालक की तहरीर पर लूट, रंगदारी मांगने, तोड़फोड़ व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने बेलघाट के सोपाईघाट के रहने वाले गिरोह के सरगना सूरज सिंह उसके साथी सिकरीगंज के गाईबेला में रहने वाले राहुल शर्मा, हरिहरपुर के विशाल सिंह, खजनी के कटघर गांव में रहने वाले विनय यादव, कजाकपुर के दीपू उपाध्याय और कोतवाली के मेवातीपुर में रहने वाले विकास मणि के विरुद्ध कार्रवाई की थी। रामगढ़ताल थानेदार ने गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। शुक्रवार को सरगना समेत सभी सदस्यों पर कार्रवाई की गई। आरोपितों की तलाश चल रही है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पति को कठोर कारावास

**गोरखपुर:** पत्नी की गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने झगहां थाना क्षेत्र के खुटैला निवासी अभियुक्त राजेंद्र यादव को सात साल छह माह का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र का कहना था कि वादी फूलचंद यादव ने पुत्री उषा देवी की शादी 13 वर्ष पहले अभियुक्त राजेंद्र यादव से किया था। तीन मई, 2017 की शाम 7:30 बजे वादी को सूचना मिली कि उसके दामाद अभियुक्त राजेंद्र ने उसकी पुत्री उषा को बुरी तरह मार पीटकर घायल कर दिया है। उसे गांव के लोग लेकर अस्पताल गए हैं जहां उसका लड़का भी गया है। बीआरडी मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान वादी की पुत्री उषा की रात तीन बजे के करीब मृत्यु हो गई।

## हत्या के मामले में पांच को आजीवन कारावास

**गोरखपुर:** हत्या का आरोप सिद्ध पर अपर सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के मझिगांवा निवासी अभियुक्त जय प्रकाश, जितई उर्फ जितेंद्र, तैयूम उर्फ कुटूर व बरियारपुर निवासी साहब अली व धर्मपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन का पक्ष सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश सिंह ने रखा। वादी वसीउल्लाह चिलुआताल थाना क्षेत्र के मझिगांवा का निवासी है। उनका पट्टीदारों से बंटवारे का मुकदमा चलता है। इसी रंजिश को लेकर चार मई, 2016 की शाम करीब छह बजे जब वादी के बेटे आजाद बेग को अभियुक्तों ने लाठी डंडा से बुरी तरह मारे-पीटे। वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 13 वर्ष के बच्चे के अपहरण की सूचना झूठी निकली

## सहजनवां में तीन बच्चों ने रची झूठी अपहरण की कहानी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (20 Sept): सहजनवां में बुधवार को 13 वर्ष के बच्चे के अपहरण की सूचना झूठी निकली. तीन बच्चों ने मिलकर चाउमीन, बर्गर और मोमोज पार्टी करने के लिए घरवालों को अपहरण की झूठी सूचना देकर 2.60 लाख रुपये मांगे थे. यही नहीं पुलिस को चकमा देने के लिए बच्चों ने वाट्सएप कॉल कर रुपये मांगे थे. बच्चे के बरामद होने के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों को एक साथ बैठाकर कड़ाई से पूछताछ की तब उन्होंने सारी सच्चाई बताई. पुलिस के अनुसार, सहजनवां के वार्ड नंबर दस लुचुई के तीन बच्चे (नाम काल्पनिक) आकाश (13) व उसकी बुआ का लड़का रोहित (16) और रवि (15) ने मिलकर अपहरण की कहानी रची थी. आकाश ने बताया कि उसकी बुआ का लड़का रोहित नोएडा में कक्षा सात तक पढ़ा है. उसके पिता बाहर कमाने चले गए और तभी से बुआ और रोहित सहजनवां स्थित उसके घर पर रहते हैं. वहीं रोहित ने बताया कि बाहर का चाइनीज डिश खाने का मन करता है लेकिन हमलोगों को पैसे नहीं मिलते हैं, इसलिए आकाश और मेरे एक दोस्त रवि के साथ मिलकर कहानी रची गई. रवि बुधवार को सुबह बाइक लेकर आया उसके साथ बैठकर आकाश और मैं जीरो प्वाइंट कालेसर की तरफ निकल गए.

**2.60** लाख रुपये मांगे थे. यही नहीं पुलिस को चकमा देने के लिए बच्चों ने वाट्सएप कॉल कर रुपये मांगे थे.

### खेत बिकने की जानकारी

रोहित और आकाश ने बताया कि उन्हें जानकारी थी कि एक खेत बिका है, जिसके ढाई लाख रुपये मिले हैं, वो घर में रखे हैं और इसके अलावा 10 हजार रुपये पिता दे ही देंगे. इसके बाद घर पर वाट्सएप कॉल कर रुपये मांगे. रोहित ने कहा कि बाद में कॉल करने पर परिजनों की रोने की आवाज सुनी तो हम लोग आकाश को दाना पानी होटल के पास छोड़कर भाग गए.

### पिता का नंबर

तीनों बच्चों ने मिलकर फिल्मी तरीके से कहानी रची थी. आकाश के पिता की बोर्ड वाला मोबाइल चलाते हैं. घटना से एक दिन पहले उनके नंबर से दूसरे मोबाइल पर वाट्सएप अकाउंट चलाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, जिसका ओटीपी नंबर पिता के मोबाइल पर आया था. पुलिस को शंका हुई कि बार-बार बुआ के नंबर पर वाट्सएप कॉल आ रही है, तो जरूर कोई जानने वाला इसमे शामिल है. पुलिस ने आकाश के पिता का मोबाइल चेक किया तो उसपर ओटीपी आई थी. तब पुलिस को बच्चों पर शक हुआ और पूछताछ में उनका भेद खुल गया. सहजनवां पुलिस को बुधवार को शाम 4:30 बजे सूचना मिली कि आकाश का स्कूल जाते समय अपहरण हो गया है और उसे छोड़ने के लिए उसके घरवालों से 2.60 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है.

# अलाउद्दीन ने आत्मसमर्पण की अर्जी दी लेकिन नहीं आया

फालोअप

- फर्जी डिग्री मामले में गुलरिहा थाने से वांछित है कुशीनगर का अलाउद्दीन
- अलाउद्दीन के आत्मसमर्पण की सूचना पर सक्रिय हो गई थी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री का इस्तेमाल कर पैथोलॉजी संचालित करने के केस में वांछित कुशीनगर का अलाउद्दीन एक बार फिर लापता हो गया। उसने कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की अर्जी दी थी। पुलिस से पकड़े जाने के डर से नहीं आया।

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब अलाउद्दीन की तलाश है। उसके हाजिर होने की सूचना पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी के नेतृत्व में गिरफ्तारी के लिए कैंट और गुलरिहा पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच कोर्ट में अंदर जाने वाले सभी रास्तों में तैनात थी। दिन भर गिरफ्तारी के लिए फील्डिंग सजी रही, लेकिन इसकी भनक अलाउद्दीन को लग गई और वह नहीं आया।

# रंगदारी मांगने वाले गिरोह के छह बदमाशों पर गैंगस्टर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अस्पताल संचालकों से रंगदारी मांगने व लूटपाट कर फायरिंग करने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर सूरज सिंह और गिरोह में शामिल बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया गया। गैंग लीडर सूरज ने ही अपने साथियों के साथ डीआईजी बंगले के पास नर्सिंग होम पर फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी बेलघाट के सोपाई निवासी सूरज सिंह समेत चार बदमाशों की हिस्ट्रीशीट भी खोली थी। अब गिरोह में शामिल छह बदमाशों को गिरोहबंद कर दिया गया।

बेलघाट के सोपाईघाट निवासी सूरज सिंह को गिरोह का सरगना बनाया गया। गिरोह में सिकरीगंज के गाईबेला निवासी राहुल शर्मा, रामगढ़ताल इलाके के हरिहरपुर निवासी विशाल सिंह, खजनी के कटघर निवासी विनय यादव, विवेकपुरम तारामंडल निवासी दीपू उपाध्याय, कोतवाली के मेवातीपुर निवासी विकास मणि को शामिल किया गया है। इसमें से सूरज पर लूट, डकैती, हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट जैसे 15 मुकदमे दर्ज हैं। राहुल शर्मा पर 14, विशाल सिंह पर 11, विनय यादव पर 10 और विकास मणि पर दो मुकदमे दर्ज हैं।

## चेन लूटने वाले दो बदमाशों पर गैंगस्टर

गोरखनाथ पुलिस ने महिलाओं से चेन लूट, चोरी की घटनाओं को करने वाले दो बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। महराजगंज के कोतवाली थाना क्षेत्र के काशीराम आवास निवासी रंजीत चौहान और चिलुआताल के प्रतापपुर निवासी मोनू भारती पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया।

# दस हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

गोरखपुर। पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित दस हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान आजमगढ़ के रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद निवासी गोविंद के रूप में हुई। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। एसओ सदानंद सिन्हा ने बताया कि गैंगस्टर का केस दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार था। शुक्रवार को आरोपित को जेल भेज दिया।

शराब पीने के बाद कहासुनी- बुजुर्ग को थप्पड़ मारने पर हुई वारदात

# गाली देने पर बुजुर्ग ने गुस्से में मार दी गोली

**वारदात**

- घायल व्यक्ति का दावा- बुजुर्ग को नहीं अपनी पत्नी को दे रहा था गाली
- पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित को किया गिरफ्तार

**घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद।** सहजनवा कस्बे में स्थित देशी शराब की दुकान पर शुक्रवार की दोपहर शराब पी रहे व्यक्ति से गाली देने को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक रिटायर बैंककर्मी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। पीड़ित का आरोप है कि वह बुजुर्ग नहीं बल्कि अपनी पत्नी को गाली दे रहा था। घायल को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसकी उम्र 77 साल बताई जा रही है।

सहजनवा क्षेत्र के उज्जीखोर निवासी 55 वर्षीय शिवानंद सिंह शुक्रवार को जरूरी कार्य से सहजनवा आए थे। दोपहर को कस्बे में स्थित देशी शराब की दुकान से शराब खरीदी और वहीं पीने लगे। आरोप है कि इसी दौरान शिवानंद के मोबाइल पर उनकी पत्नी का फोन आ गया। फोन रिसीव करने के बाद बात करने के दौरान ही किसी बात को लेकर वह तेज आवाज में पत्नी को गाली देने लगे। आसपास के लोगों ने गाली देने से मना किया लेकिन शिवानंद ने गाली देना बंद नहीं किया। गाली देने के दौरान ही वहीं पर शराब पी रहे बुजुर्ग को लगा कि शिवानंद उन्हें टार्गेट कर गाली दे रहे हैं। नाराज बुजुर्ग ने विरोध किया तो आरोप है कि शिवानंद ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गुस्से में आए बुजुर्ग वहां से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित अपने घर गए।

घर से लाइसेंसी बंदूक लेकर आए और गोली चला दी। गोली शिवानंद के कमर के दाहिने तरफ लगी। इससे वह गिर गए। इसके बाद बुजुर्ग वहां से फरार हो गए। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित को सीएचसी लेकर आई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी पर पहुंची सीओ प्रशाली गंगवार ने भी निरीक्षण कर पीड़ित से घटना की जानकारी ली। सहजनवा थानेदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और सच्चाई सामने आने के बाद बुजुर्ग को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग की पहचान वंशभूषण त्रिपाठी के रूप में हुई है। वह बैंक से रिटायर हैं। पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक भी बरामद कर लिया है।



पकड़ा गया गोली मारने का आरोपी।

> शराब की दुकान पर एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना मिली। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे गोली कैसे लगी है, इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई। इसमें एक व्यक्ति फायरिंग करते हुए दिख रहा है। उसे गिरफ्तार कर उसके पास से लाइसेंसी असलहा बरामद कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> – जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एसपी नार्थ

# साहब ! पुलिस ने मुझे 'भूत' बना दिया, मैं जिंदा हूं

गोरखपुर, निज संवाददाता। खोराबार क्षेत्र के छितौना में जमीन की एक सौदेबाजी में पेच फंस गया है। जमीन बेचने वाले चाचा को मृत बताकर भतीजे ने खरीदार, उसकी पत्नी और चाचा पर फर्जीवाड़ा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करा दिया है। भतीजे का दावा है कि उसके चाचा की मौत हो चुकी है। उनकी जगह किसी दूसरे ने खड़े होकर जमीन का सौदा कर दिया।

एफआईआर की विवेचना कर रहे दरोगा ने जांच के बाद चार्जशीट लगा दी है। आरोपी चाचा और उससे जमीन खरीदने वाले दंपति पुलिस अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं। आरोपी विक्रेता ने एसएसपी से

- चाचा ने बेची जमीन, भतीजे ने मृत बताकर दर्ज कराया केस
- जमीन के खरीदार, उसकी पत्नी और विक्रेता के खिलाफ जांच

> इस मामले की जांच का निर्देश एसपी सिटी को दिया गया है। इसकी दोबारा समीक्षा की जाएगी। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> \- डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

मिलकर खुद को जिंदा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि साहब आप की पुलिस ने मुझे भूत (मृतक) बना दिया है, जबकि मैं जिंदा हूं।

छितौना के रामसिंह ने गांव के ही रामकेवल से अपनी पत्नी गुड्डी सिंह के नाम से 29 डिसमिल जमीन 24 फरवरी 2023 को खरीदी। करीब 10 लाख रुपये में सौदा हुआ। वर्तमान में रामकेवल अपनी मां के साथ गगहा क्षेत्र के गजपुर स्थित रिश्तेदारी में रहते हैं। इस मामले की जानकारी जब रामकेवल के भतीजों राम सरन और श्रवण को हुई तो उन लोगों ने खोराबार थाना में 7 फरवरी 2024 को जमीन खरीदने वाले रामसिंह, उसकी पत्नी गुड्डी सिंह और चाचा रामकेवल के खिलाफ जालसाजी, कूट रचित दस्तावेज का इस्तेमाल करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करा दिया। इस मुकदमे की विवचेना कर रहे दरोगा अब रामकेवल और दो अन्य आरोपियों को दोषी मानते हुए चार्जशीट फाइल कर दिया है। गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे रामकेवल ने खुद को जिंदा बताते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। वहीं रामकेवल को उनके भतीजे फर्जी बता रहे हैं। उनका आरोप है कि चाचा बनकर किसी दूसरे फर्जीवाड़ा किया है। इस मामले में एक ओर जहां दरोगा चार्जशीट लगा रहे हैं। दूसरी ओर डीएनए जांच ही अंतिम विकल्प है।

# मोबाइल पर युवक दे रहा था गाली, बुजुर्ग ने मार दी गोली

## सहजनवां थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी हिरासत में, असलहा बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

सहजनवां (गोरखपुर)। कस्बे की एक दुकान पर शराब पी रहा युवक फोन पर पत्नी को गाली दे रहा था, सामने बैठे बुजुर्ग ने गलतफहमी में उसे गोली मार दी। बुजुर्ग को लगा कि युवक उसे गाली दे रहा है।

सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की पहचान उज्जीखोर निवासी शिवानंद सिंह (40) के रूप में हुई है।

उधर, सीसी कैमरे से पहचान करते हुए सहजनवां पुलिस ने कस्बे के ही आरोपी बुजुर्ग वंशभूषण त्रिपाठी को

### जिला अस्पताल में युवक का चल रहा इलाज, खतरे से बताया जा रहा बाहर



घायल शिवांनद



वंशभूषण।

हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनके पास से लाइसेंसी असलहा भी बरामद किया। उज्जीखोर निवासी शिवानंद किसी काम से सहजनवां आया था।

दोपहर डेढ़ बजे के करीब काम समाप्त होने के बाद वह कस्बे में स्थित देसी की दुकान से शराब खरीदी और पीने लगा। इसी बीच शिवानंद के मोबाइल पर उसकी पत्नी का फोन आ गया। जिसे उठाने के कुछ देर बाद शिवानंद जोर-जोर से गाली देने लगा। आसपास लोगों ने ऐसा करने से मना किया, लेकिन शिवानंद नहीं माना।

इसी बीच पास में खड़े होकर शराब पी रहे बुजुर्ग को लगा कि शिवानंद उसे गाली दे रहा है। इससे नाराज होकर बुजुर्ग ने घर से लाइसेंसी असलहा लाकर शिवानंद पर गोली चला दी। गोली युवक के दाएं तरफ कमर में लगी और वह वहीं गिर गया। सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि युवक को छर्रा लगा है। खतरे से बाहर है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## किशोर ने चाऊमिन, चाट खाने के लिए रची थी फर्जी कहानी

# छोटी उम्र में रची अपहरण की कहानी, पुलिस भौंचक

- सर्विलांस से बचने के लिए करते थे ह्वाट्सएप कॉल, अब घरवालों से मांग रहे माफी
- खेत बिकने पर मिले थे 2.50 लाख, इसीलिए मांगी थी 2.60 लाख की फिरौती



> बच्चा बरामद होने के बाद अपहरण की झूठी कहानी की वजह से पुलिस को जांच का निर्देश दिया। क्योंकि, अगर सच में घटना हुई होती और अपहर्ता नहीं पकड़े जाते तो फिर से वारदात कर सकते थे। पुलिस ने इस वजह से जांच की तो कम उम्र में ही मनगढ़त अपहरण की सच्चाई सामने आ गई।
> – डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सहजनवां के रहने वाले एक किशोर ने 13 वर्ष की उम्र में झूठे अपहरण की ऐसी कहानी रची कि सुनकर पुलिस अफसर भी घनचक्कर हो गए। न चेहरे पर कोई सिकन, न ही कोई डर। उसने बेबाकी से अपनी झूठी कहानी को दो एडिशनल एसपी के सामने बयां किया तो उन्होंने भी सच मानकर जांच शुरू कर दी। जांच के बाद सच्चाई सामने आई किशोर ने हमउम्र फुफेरे भाई के साथ मिलकर झूठी कहानी रची। उसे पता था कि खेत बिकने से ढाई लाख मिले हैं, इसीलिए वे 2.60 लाख की फिरौती व्हाट्सएप कॉल के जरिए मांग रहे थे।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि कथित अपहरण का पुलिस ने चंद घंटे में पर्दाफाश तो कर लिया, लेकिन किशोर की कहानी ने उलझा दिया था। उसने पुलिस को बताया कि एक सफेद कार से चार की संख्या में आए लोग बुआ को बीमार बताकर कार में बैठा लिए थे। फिर इधर-उधर घुमा रहे थे। बाद में एक होटल के पास छोड़ दिए तो राहगीर से मोबाइल फोन मांगकर घर पर कॉल की। लेकिन, इसकी जांच पुलिस ने शुरू की तो पता चला कि किशोर को मालूम था कि अगर वह मोबाइल का इस्तेमाल करेगा तो सर्विलांस से पकड़ा जाएगा, इसलिए व्हाट्सएप कॉल करता था। किशोर ने बताया कि चाट, चाऊमिन का शौक पूरा करने के लिए उसने अपनी तीन महीने की स्कूल फीस की रकम खर्च कर दी थी। सोचा कि इतने रुपये मिल जाएंगे तो फीस तो जमा ही हो जाएगी, साथ ही चाट-चाऊमिन का कई महीनों का खर्च भी निकल जाएगा।

**ओटीपी से हुआ शक, ऐसे खुला मामला :** किशोर ने अपने फुफेरे भाई और उसके दोस्त के साथ मिलकर जो कहानी गढ़ी, उसमें सर्विलांस और दुकानों पर लगे सीसी टीवी कैमरों से बचने पर जोर दिया। लेकिन, उसने एक गलती की, जिसके बाद पुलिस ने पूरी घटना खोल दी। उसने अपने पिता के कीपैड वाले मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप शुरू किया और इसका आटीपी आया था, वह मैसेज डिलीट नहीं किया। दूसरे व्हाट्सएप शुरू होने के बाद कॉल की गई, जिसे बुआ के मोबाइल से डिलीट कर दिया गया। यह दो वजह ऐसी थी कि पुलिस को किसी करीबी पर शक था और बाद में जांच के बाद पुलिस ने जेल का डर दिखाया तो किशोर सच बोल दिए।

**यह हुआ था :** दरअसल, बुधवार को सहजनवा निवासी एक दूधिया की बहन के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप कॉल और एक संदेश आया। फोन करने वाले ने बताया कि उसके घर से लापता भतीजा उसके ही पास है और एक घंटे में कॉल करके बताएगा कि कहां पर आना है। लेकिन, पहले संदेश में कोई रकम का जिक्र नहीं था। पांच मिनट बाद ही एक संदेश फिर आया और लिखा गया कि 2.60 लाख रुपये लेकर रेलवे स्टेशन खलीलाबाद के प्लेटफार्म नंबर तीन पर आ जाओ।

# बीआरडी में संदिग्ध एंबुलेंस मिली, सीज

गुलरिहा। बीआरडी मेडिकल कॉलेज उत्तरी गेट पर शुक्रवार को एक निजी एंबुलेंस संदिग्ध अवस्था में मिली, जिसे पुलिस ने सीज कर दिया।

पिछले कई दिनों से मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी वार्ड से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की जानकारी मिल रही थी। गश्त के दौरान एंबुलेंस मिली है, अब उसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। मेडिकल चौकी पुलिस शुक्रवार दोपहर के समय गश्त कर रही थी, इस दौरान कैंपस में संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी एक निजी एंबुलेंस दिखाई दी। जांच में पाया गया कि निजी ओमिनी एम्बुलेंस संतकबीर नगर जिले के शीतला हॉस्पिटल की है।

# एसएसपी ने पलटे ई-रिक्शे को खुद उठाया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हरिओम नगर तिराहे पर एसएसपी की गाड़ी के सामने ही शुक्रवार को एक ई-रिक्शा बाइक से टकराने के बाद पलट गया। अचानक एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की गाड़ी रुकी तो पहले तो लोग डर गए लेकिन जब देखे कि वह खुद पुलिस वालों के मदद से ई-रिक्शा उठा रहे हैं तो कई और लोग मदद को आगे आ गए।

एसएसपी ने पुलिस जीप से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



ई-रिक्शा उठाने के बाद पीड़ित से बात करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

वहीं, उसके ई-रिक्शा को भी पुलिस वालों ने चौकी पर खड़ा करा दिया।

जानकारी के मुताबिक, दोपहर में पुलिस लाइंस से एक कार्यक्रम के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर अपने पुलिस कार्यालय आ रहे थे। हरिओमनगर तिराहे के पास एक बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। ई-रिक्शा पलट गया। यह देखते ही एसएसपी खुद गाड़ी से नीचे उतरे और ई-रिक्शा को पुलिस वालों की मदद से सीधा किए। घायल का कुशलक्षेम पूछने के साथ ही तत्काल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस का यह मानवीय चेहरा देखकर लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की।

## गाजियाबाद पुलिस करेगी 20 लाख वसूली की जांच

गोरखपुर। दिल्ली पढ़ाई करने गए गोरखपुर के युवक को ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपये वसूलने व धमकी देने के मामले की जांच अब गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस करेगी। वर्ष 2022 में छात्र के पिता ने रामगढ़ताल थाने में युवती समेत पांच के विरुद्ध केस दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना चल रही है। पुलिस इस मामले में अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।

पाम पैराडाइज में रहने वाले संजीव तिवारी ने 16 अक्टूबर 2022 को रामगढ़ताल थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार वर्ष पहले दिल्ली में पढ़ाई करने गए उनके बेटे निहाल को ब्लैकमेल किया जा रहा है। गाजियाबाद में फ्लैट के नीचे रहने वाली इशिका तोमर नाम की युवती और उसके चार अन्य साथियों ने निहाल की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिया था। संवाद

# किसी दशा में बख्शे न जाएं जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफिया

### जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

सीएम ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिह्नित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें, जो नजीर बने। जमीन के विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

### गोरखनाथ मंदिर में आईं पुंगनूर गाय, सीएम ने खूब दुलारा

गोरखपुर। देश में अति दुर्लभ नस्ल में शामिल आंध्र प्रदेश की पुंगनूर गाय को गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में लाया गया है। इस नस्ल के गोवंश जोड़ी (बछिया और बछड़ा) के मंदिर की गोशाला में आने पर शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो-सेवा के दौरान पुंगनूर नस्ल की इस जोड़ी को खूब दुलार किया। मुख्यमंत्री कुछ देर तक उन्हें भावुक होकर दुलारते रहे और फिर अपने हाथों से उन्हें खुद खिलाया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। ब्यूरो

## गैर इरादत हत्या में दस साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने पिपराइच थाना ग्राम कंचनपुर निवासी आरोपी शंभू गुप्ता को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। सात अप्रैल 2012 को शाम सात बजे आरोपी ने सुनीता को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया था। इलाज के दौरान 14 मई 2012 को वादी की बहन सुनीता की मौत हो गई। ब्यूरो

**अदालत से**

## आरोपी की जमानत निरस्त

गोरखपुर। जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्विषि श्रीवास्तव ने आरोपी आकाश यादव की जमानत निरस्त कर दी है। इस मामले में आरोपी आकाश यादव की जमानत आठ जुलाई 2024 को न्यायालय ने स्वीकृत की थी। जमानत मिलने के बाद आरोपी इस मामले में पीड़िता के घर में दिन दहाड़े घुस गया और गाली गलौज करते हुए तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। बीच बचाव करने आई पीड़िता की मां का आरोपी ने गला दबा दिया और मारा पीटा। ब्यूरो

# सरेंडर की तैयारी में था, फिर बदला इरादा

## डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में गुलरिहा थाने से वांछित है कुशीनगर का अलाउद्दीन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहा कुशीनगर जिले के तमकुहीराज का रहने वाला अलाउद्दीन चुपके से कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में है।

इसके लिए अलाउद्दीन द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया है। बृहस्पतिवार को वह सरेंडर करने भी वाला था, इसकी सूचना पुलिस को सुबह ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही उसने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी के नेतृत्व में कैंट और गुलरिहा पुलिस के

### कोर्ट में सरेंडर करने के लिए डाला था प्रार्थना पत्र, सूचना पर हरकत में आई पुलिस

साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम कोर्ट जाने वाले सभी रास्तों पर तैनात थी। दिन भर गिरफ्तारी के लिए फिल्डिंग सजी रही, लेकिन इसकी भनक अलाउद्दीन को लग गई और वह नहीं आया। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह गोरखपुर आया था, लेकिन कहां ठहरा इसका पता नहीं चल पाया। वह मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं कर रहा है, इसलिए बार-बार चकमा देकर निकल जा रहा है।

एसपी सिटी का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 25 डॉक्टरों की डिग्री मिली थी। जिनका संबंधित जिले में भेजकर सत्यापन कराया जा रहा है। करीब 20 डिग्री पर फर्जीवाड़ा होने की सूचना मिली है। बाकी की सत्यापन रिपोर्ट आनी बाकी है। डॉक्टरों की डिग्री का फर्जीवाड़ा करने वाला एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है। इसके लिए स्पेशल टीम बनाई जाएगी। अन्य जिलों की पुलिस से भी इसमें मदद ली जाएगी। हर हाल में इस बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक बहुत जल्द कोर्ट से अलाउद्दीन का एनबीडब्ल्यू जारी हो जाएगा। इसके बाद भगोड़ा घोषित कर उसपर इनाम रखा जाएगा। गुलरिहा पुलिस कई बार अलाउद्दीन के कुशीनगर तमकुहीराज स्थित घर पर छापा मार चुकी है। उसका एक भाई भी केस दर्ज होने के बाद से फरार है। घर पर केवल महिलाएं रह रही हैं। इसके अलावा प्रयागराज के राम पांडेय की तलाश में भी पुलिस की एक टीम लगी है।

फरार अलाउद्दीन की तलाश चल रही है। उसके सरेंडर करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है, बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी



# चाउमीन-बर्गर की खातिर बच्चों ने खुद रची थी अपहरण की कहानी

## सोशल मीडिया-तकनीक का असर, सहजनवां में तीन बच्चों ने रची थी अपहरण की झूठी कहानी, नोएडा से पढ़कर आए बुआ के लड़के ने बताया तरीका

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सोशल मीडिया और मौजूदा तकनीक का असर किस कदर बच्चों के सिर चढ़कर बोल रहा है, इसका अंदाजा सहजनवां में बीते बुधवार को 13 वर्ष के बच्चे के अपहरण की सूचना झूठी से लगाया जा सकता है।

तीन बच्चों ने मिलकर चाउमीन-बर्गर और मोमोज पार्टी करने के लिए घरवालों से 2.60 लाख रुपये मांगे थे। यही नहीं, पुलिस को चकमा देने के लिए बच्चों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए रुपये मांगे। बच्चे के बरामद होने के बाद पुलिस ने तकनीक के सहारे ही पूरा मामला खोला थी। बाद में तीनों बच्चों को आमने-सामने बैठाकर कड़ाई से पूछताछ की तब सारी सच्चाई साफ होती चली गई।



19 सितंबर को प्रकाशित खबर।

**पिता के नंबर से बनाया व्हाट्सएप अकाउंट तो पकड़े गए**

तीनों बच्चों ने मिलकर कहानी फिल्मी तरीके से रची थी। आकाश के पिता कीपैड वाला मोबाइल फोन चलाते हैं। घटना से एक दिन पहले उनके नंबर से दूसरे मोबाइल पर व्हाट्सएप अकाउंट चलाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, जिसका ओटीपी नंबर पिता के मोबाइल पर आया था। पुलिस को शंका हुई कि बार-बार बुआ के नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आ रही है तो जरूर कोई जानने वाला इसमें शामिल है।

पुलिस के अनुसार, सहजनवां के वार्ड नंबर 10 लुचुई के तीन बच्चे (नाम काल्पनिक) आकाश (13) व उसकी बुआ का लड़का रोहित (16) और रवि (15) ने मिलकर अपहरण की कहानी रची थी। आकाश ने बताया कि उसकी बुआ का लड़का रोहित नोएडा में कक्षा सात तक पढ़ा है। उसके पिता बाहर कमाने चले गए, तभी से बुआ और रोहित सहजनवां स्थित उसके घर पर रहते हैं।

रोहित ने बताया कि बाहर से चीन वाला डिश खाने का मन करता है, लेकिन हमलोगों को पैसे नहीं मिलते हैं, इसलिए आकाश और उसके एक दोस्त रवि के साथ मिलकर अपहरण की कहानी रची गई। रवि बुधवार को सुबह बाइक लेकर आया, उसके साथ बैठकर आकाश और वह जीरो प्वाइंट कालेसर की तरफ निकल गए।

**बम बताकर बच्चे ने पुलिस बुलाई, अभिभावक परेशान**

गोरखपुर। यह घटना बात अक्तूबर 2023 की है। शाहपुर में कक्षा तीन में पढ़ने वाले सात साल के बच्चे ने यूट्यूब पर एक वीडियो देखा कि बम की सूचना पर पुलिस देरी से पहुंचती है। यह देखकर उसने डायल 112 पर सूचना दी कि गोरखपुर में टिफिन में बम रखा है। नंबर ट्रेस करते हुए लोकेशन के आधार पर मोहनपुर स्थित बच्चे के घर पादरी बाजार चौकी इंचार्ज विशाल उपाध्याय पहुंच गए।

**पुलिस को छकाता रहा आकाश**

सहजनवां पुलिस को बुधवार शाम 4:30 बजे सूचना मिली कि आकाश का स्कूल जाते समय अपहरण हो गया है और उसे छोड़ने के लिए घरवालों से 2.60 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो परिजनों के पास फिर कॉल आई कि आकाश दाना-पानी होटल के पास मौजूद है, सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और आकाश मिल गया।

रोहित और आकाश ने बताया कि उन्हें जानकारी थी कि एक खेत बिका है, जिसके ढाई लाख रुपये मिले हैं, वह घर में रखे हैं और इसके अलावा 10 हजार रुपये पिता जी दे ही देंगे।

[illegible] पुलिस ने इस घटना को खोलने में अहम भूमिका निभाई है। बच्चों ने बहुत ही शातिर ढंग से कहानी रची और उसको अंजाम दिया था। पहले दिन से ही पुलिस को आशंका थी, जांच पड़ताल के बाद सही कहानी सामने आ गई।

**-डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

# आरोपियों को हिरासत में लेने पर ग्रामीणों ने चौकी घेरी

अमर उजाला ब्यूरो

## गुलरिहा के सरहरी चौकी का मामला, पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के सेखरुवा के पास बृहस्पतिवार की रात मनबढ़ों ने एक युवक को घेरकर बेरहमी से पीट दिया। जानकारी होने पर सरहरी चौकी पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

गांव वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो 12 से 15 की संख्या में पहुंचे लोगों ने देर रात चौकी घेर लिया। आरोप है कि सादी वर्दी में खड़े पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की गई। दोनों पक्ष से आठ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया है।

गुलरिहा के महराजगंज कस्बा के रहने वाले सागर कशौधन का चिलुआताल क्षेत्र के परमेश्वरपुर करहिया निवासी मुकेश से 15 दिन पहले विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में वर्चस्व को लेकर कई बार मारपीट भी हुई। बुधवार की रात महराजगंज कस्बे में स्थित शराब की दुकान के पास सागर ने साथियों के साथ मिलकर मुकेश को पीट दिया था। जिसका बदला लेने के लिए मुकेश और उसके साथी इंतजार में थे।

इसी बीच बृहस्पतिवार की रात सागर को सेखरुवा के पास अकेला पाकर मुकेश व उसके साथियों ने घेर लिया और पीट दिया। जब इसकी जानकारी सागर पक्ष के लोगों को हुई तो उसके लोग करहिया गांव पहुंच गए और मुकेश व उसके साथी को पकड़कर सरहरी चौकी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इसी बीच मुकेश के गांव के लोगों को जानकारी हुई तो वह चौकी पर पहुंचकर हंगामा करने लगे।

# मेडिकल कॉलेज में संदिग्ध एंबुलेंस सीज

**गुलरिहा।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज उत्तरी गेट पर शुक्रवार को एक निजी एंबुलेंस संदिग्ध अवस्था में मिली, जिसे पुलिस ने सीज कर दिया। पिछले कई दिनों से मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशयलिटी वार्ड से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की जानकारी मिल रही थी। गश्त के दौरान एंबुलेंस मिली है, अब उसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, मेडिकल चौकी पुलिस शुक्रवार दोपहर के समय गश्त कर रही थी, इस दौरान कैंपस में 200 बेड के अस्पताल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी एक निजी एंबुलेंस दिखाई दी। जांच में पाया गया कि निजी ओमिनी एम्बुलेंस (यूपी 58 सी 2241) संत कबीर नगर जिले के शीतला हॉस्पिटल की है। वाहन चिलुआताल मुड़िला उर्फ मुंडेरा निवासी अमन मद्धेशिया के नाम पंजीकृत है। मेडिकल चौकी पुलिस ने संदिग्ध एंबुलेंस मिलने पर सीज की कार्रवाई की है। इससे पूर्व बीआरडी के उत्तरी गेट पर नौ जुलाई 2023 की मध्य रात चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। संवाद



ई-रिक्शा पलटने के बाद मौके पर पहुंचे एसएसपी। संवाद

# ई-रिक्शा पलटा, एसएसपी ने घायल को पुलिस जीप से भेजा अस्पताल

**गोरखपुर।** हरिओम नगर तिराहे पर एसएसपी के गाड़ी के सामने ही शुक्रवार को एक ई-रिक्शा बाइक से टकराने के बाद पलट गया। अचानक एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की गाड़ी रुकी तो पहले तो लोग डर गए, लेकिन जब देखा कि वह खुद पुलिस वालों के मदद से ई-रिक्शा उठा रहे हैं तो कई और लोग आगे आ गए।

पुलिस जीप से एसएसपी ने घायल को जिला अस्पताल भेजा। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, उसके ई-रिक्शा को भी पुलिस वालों ने सुरक्षित चौकी पर खड़ा करा दिया, ताकि वह ठीक होने के बाद आसानी से ले सके।

जानकारी के मुताबिक, दोपहर में पुलिस लाइंस से एक कार्यक्रम के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर अपने पुलिस कार्यालय आ रहे थे। हरिओमनगर तिराहा के पास एक बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। ई-रिक्शा पलट गया।

यह देखते ही एसएसपी खुद गाड़ी से नीचे उतरे और ई-रिक्शे को पुलिस वालों की मदद से सीधा कराया। घायल का हाल-चाल पूछने के साथ ही अस्पताल भिजवा दिया। ब्यूरो

# प्रिंस की करतूत से गांव वाले हैरान परिजन बोले-जेल में ही रखे पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। गोरखपुर के गीडा के बरहुआ में कार से रौंदकर छात्रा की हत्या का आरोपी हाटा कोतवाली के गनेशपुर गांव का निवासी प्रिंस यादव है। उसकी करतूत सुनने के बाद गांव के लोग हैरान हैं। चूंकि, गांव में वह साधारण तरीके से रहता था। किसी से कोई विवाद भी नहीं है।



प्रिंस यादव।

ऐसे में कार से रौंदकर हत्या के मामले में उसका नाम के आने बाद लोग पहले तो यकीन नहीं कर रहे थे। परिवार के लोग भी इस घटना से आहत हैं। परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया और कहा कि उसके गुनाहों की सजा मिलनी चाहिए। इसलिए पुलिस उसे जेल में ही रखे।

सुकरौली नगर पंचायत के आंबेडकर नगर गनेशपुर निवासी प्रिंस यादव के पिता वीरेंद्र यादव खेती करते हैं। उम्र अधिक होने के कारण वीरेंद्र अक्सर बीमार रहते हैं। उनके तीन पुत्र और एक पुत्री है। किसी की अभी शादी नहीं हुई है। वीरेंद्र का छोटा बेटा प्रिंस ज्यादातर ननिहाल गोरखपुर गीडा के बरहुआ में रहता था।

जब भी वह घर आता तो गांव के लोगों के साथ मिल जुलकर रहता। ननिहाल में रहने के दौरान ही प्रिंस अंकिता के संपर्क में आ गया।

## गनेशपुर गांव में पसरा है सन्नाटा

कार से रौंदकर छात्रा अंकिता की हत्या करने के आरोपी प्रिंस यादव के गांव में शुक्रवार की सुबह सन्नाटा पसरा रहा। गांव के कुछ लोग चौराहे पर आपस में बातचीत तो कर रहे थे, लेकिन जब उनसे प्रिंस को लेकर बातचीत की कोशिश की गई तो वे कुछ भी बोलने से बचने की कोशिश करने लगे। कुछ गांव वालों का कहना था कि प्रिंस का ज्यादातर समय उसकी ननिहाल में ही बीतता था। उसने ऐसी घटना को अंजाम दिया है, जिसकी कभी कल्पना तक नहीं की जा सकती। परिजन भी इस घटना से आहत हैं। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई को परिजनों ने सही मानते हुए कहा कि उसे उसके गुनाहों की सजा मिलनी ही चाहिए।

# गुलरिहा थाने में 17 मई को केस दर्ज हुआ

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था। इस केस में गुलरिहा पुलिस एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और यहीं के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# वांक्षित अभियुक्त गिरफ्तार



**अकटहीबाजार (एसएनबी)** बनकटा थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया से अपराध संख्या 152/23 में वांछित दो अभियुक्त जवाहर पुत्र भोला तथा बेचू पुत्र स्वर्गीय रामरक्षा को घर से ही गिरफ्तार कर न्यायालय देवरिया के लिए भेज दिया।

# अंग्रेजी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीरामपुर (एसएनबी)।** थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर



ग्राम हदहदवां भवानी मंदिर के पास एक चार पहिया वाहन होन्डा सिविक वाहन से बिहार ले जाया जा रही कुल 07 पेटी रायल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक अभियुक्त रणधीर कुमार पुत्र महेश राय निवासी दुधैला कृषि फार्म थाना सोनपुर जिला छपरा बिहार को गिरफ्तार किया गया । बरामद शराब व वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 2.5 लाख रुपए है। पुलिस टीम द्वारा बरामद शराब व वाहन को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं- 218/2024 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 341(2) बीएनएस व 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# मारपीट में चार पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी विमला देवी पत्नी रामप्रकाश निषाद ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्तगण राहुल शिवम लक्ष्मीना, अमरेन्द्र निषाद द्वारा वादनी विमला देवी व वादनी के पुत्र जितेन्द्र निषाद को लाठी डण्डा व धारदार हथियार से लैस होकर जान मारने की नियत से हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें वादनी के पुत्र का सिर फट गया व मेरा हाथ टूट गया। इस मामले में पुलिस ने उपरोक्त चारों के खिलाफ धारा 115(2), 109, 117(2), 131, 324(4), 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# मारपीट के मामले में दो पर केस

भटनी(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा भटनी वार्ड नम्बर 11 में एक व्यक्ति के जेब से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपये निकालने और पूछताछ करने के सम्बंध में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि हरिश्चन्द्र गुप्ता पुत्र बृजलाल गुप्ता निवासी कस्बा भटनी वार्ड नम्बर 11 द्वारा थाने में तहरीर दिया है जिसमें लिखा है कि मेरे जेब से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पाँच हजार रुपये निकालने और पूछताछ करने पर कमलेश पुत्र अज्ञात, पीयूष पुत्र कमलेश पता अज्ञात द्वारा मुझे मारना पीटना और जान से मारने की धमकी देना। दिए गये तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश और पीयूष के विरुद्ध बिभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक अमित कुमार को सौंप दी है।

# भूकंप व अग्नि से सुरक्षा को लेकर हुआ मॉक ड्रिल

देवरिया(एसएनबी)। शुक्रवार को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के प्रशासनिक भवन परिसर में अग्निकांड से बचाव के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विभिन्न विभागों ने भाग लिया। इसी प्रकार का ड्रिल, पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज तथा भारत पेट्रोलियम बैतालपुर में भी आयोजित हुआ।

मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग ने तेजी से आग पर काबू पाया और सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। आपदा प्रबंधन टीम के आपदा मित्रों ने भी बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे मक ड्रिल को और अधिक प्रभावी बनाया जा सका।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एनडीआरएफ की सौजन्य से



देवरिया-मक ड्रिल करते अगि शमन विभाग के कर्मचारी एवं इस दौरान मौजूद डीएम व अन्य।

प्राकृतिक आपदा, विशेषकर भूकंप के खतरे या आग लगने से बचाव की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। आपदा पूर्व तैयारी व बचाव की पूरी जानकारी के माध्यम से ही हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं और आपदा के प्रभाव को कम कर सकते हैं। यह आवश्यक है कि आपदा के समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाए, इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। आपदामित्र, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं के द्वारा कैसे बचाव कार्य किया जाता है और अधिक से अधिक लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है, इसकी विस्तृत जानकारी इस मॉक ड्रिल के माध्यम से दी गई है। इस प्रकार की मॉक ड्रिल जनपद में पहली बार हो रही है।

इसका उद्देश्य यह है कि सभी संबंधित विभागों को ट्रेनिंग मिल सके ताकि वे आपदा के समय में अपने कार्य को सुचारु रूप से कर सकें।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और आयोजित की गई। वास्तविक आपदा के समय में तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता को परखना था।

उन्होंने इस अभ्यास के दौरान दिखाए गए सहयोग और तत्परता की सराहना की और सभी विभागों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ से राजकुमार खरवार, तरुण कुमार एवं एनडीआरएफ से प्रवीण उपाध्याय आब्जर्वर के रूप में उपस्थित थे। मॉक ड्रिल के सफल आयोजन में रंजन कुमार पांडेय, आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार एवं कार्यालय सहायक विकास कुशवाहा का विशेष योगदान रहा ।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट के मामले में 8 पर केस

भटनी(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनौली में हुई मारपीट की घटना पर आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट और गाली गुप्ता सहित जान से मारने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

धर्मेन्द्र यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी बेहरदाबर थाना भटनी ने तहरीर देकर कहा है कि राजकुमार राजभर पुत्र लखीचंद राजभर, राजन राजभर पुत्र राजकुमार राजभर, धनन्जय सिंह पुत्र आनन्द सिंह,शिब्बू सिंह पुत्र कन्हैया सिंह,सतीश कुमार पुत्र स्वर्गीय नरेश,नागमणी राजभर पुत्र शेषनाथ, निपेश सिंह, विवेक सिंह पुत्रगण कन्हैया सिंह समस्त साकिनान बभनौली थाना भटनी द्वारा एक राय एवम गोलबंद होकर मेरे लड़के आकाश यादव को मारने पीटने लगे और गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगें। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कोर्ट के आदेश के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक अंकित कुमार को सौप दी है।

# चन्दन हत्या काण्ड का पुलिस ने किया खुलासा

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा अमौनी निवासी चन्दन कुमार गौतम पुत्र घुरुहू प्रसाद (उम्र 25 वर्ष) का शव घर से दूर ग्रामसभा मटियरी स्थित परिषदीय विद्यालय के निकट खेत में मिला था। मृतक चन्दन अपने घर से दोस्तों के बुलाने पर दावत में सम्मिलित होने के लिए अक्टहिया ऊर्फ मटियरी गया हुआ था। इस मामले में पुलिस चन्दन की माता बिन्दू देवी के तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन करने में जुटी थी। जहां रुद्रपुर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 423/24 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस अपराध में सम्मिलित अपराधियों के गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के पर्यवेक्षण में रुद्रपुर पुलिस द्वारा 20 सितम्बर को 12.30 पर टिकुलिहा नकटापार पुलिया से पहले मुखबीर की सूचना पर आरोपी अभियुक्त गण विजय गौतम पुत्र गनेश प्रसाद, विकास गौतम पुत्र कुशहर प्रसाद, किशन राजभर पुत्र ज्वाला राजभर निवासी अक्टहियाँ ऊर्फ मटियरी थाना रुद्रपुर को गिरफ्तार किया गया। अयिुक्त गण उपरोक्त द्वारा मिलकर मृतक चन्दन प्रसाद की हत्या किये। हत्या में प्रयुक्त एक अदद बिजली केबल का डण्डा, एक अदद लकड़ी का डण्डा, विजय गौतम के घर से बरामद कर हत्या का पर्दाफांश किया। पर्दाफांश करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रतन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी, शिवम तिवारी, हेड का. झीनेलाल पासवान, रंजीत कुमार, कां. दिनेश यादव, राजेन्द्र राव, अंजनी यादव, अरबिन्द यादव, सुधा मिश्रा शामिल रहे।



# लग्जरी वाहन से शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

प्रतापपुर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के हदहदवा भवानी मंदिर के समीप से शुक्रवार को चार पहिया वाहन से बिहार ले जा रहे शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम हदहदवां भवानी मंदिर के पास जांच के दौरान बिहार जाने वाली वेस्ट बंगाल नम्बर की चार पहिया वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान लग्जरी वाहन के अंदर से 7 पेटी रायल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने कार सवार व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान रणधीर कुमार पुत्र महेश राय निवासी दुधैला कृषि फार्म थाना सोनपुर जिला छपरा बिहार के रूप में हुआ है। पुलिस शराब सहित वाहन




शुक्रवार को श्रीरामपुर पुलिस की गिरफ्त में शराब के साथ तस्कर।

को कस्टडी में लेकर पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर, उपनिरीक्षक बलराम सिंह, अंकित सिंह, कांस्टेबल कैलाश पटेल, मुकेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट में केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को बिहार प्रान्त के रहने वाला युवक उसे भगा कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के परिजन के तहरीर पर कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर चार माह से आरोपित की तलाश कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी को बरामद कर दुष्कर्म के आरोपित युवक बिहार प्रदेश के शिवहर, जिला के थाना पहाड़पुर के श्यामपुर बभदा निवासी नितेश सिंह पुत्र मुरली को नगर के रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

# पिता के डांटने पर पुत्र ने खाया जहर, गंभीर

तरकुलवा। किसी बात को लेकर पिता के डांटने एक पुत्र को इतना नागवार लगा कि वह घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। थाना क्षेत्र के रामपुर धौताल गांव निवासी अरबाज खान (22) पुत्र फेकू खान को किसी बात को लेकर पिता ने देर शाम डांट दिया था। जिससे आहत होकर युवक ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसको आनन फानन में लेकर सीएचसी तरकुलवा पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरो ने देवरिया मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# कुर्ना नाले से अज्ञात शव बरामद

सुरौली। सुरौली थाना क्षेत्र कोइलगढ़हा स्थित कुर्ना नाले से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। क्षेत्र के कोइलगढ़हा के बिन्दगढ़वा टोला स्थित कुर्ना नाले में सुबह मछली मारने गए मछुआरों ने एक व्यक्ति की शव तैरते हुए देखा। लोगों ने इसकी सूचना सुरौली पुलिस को दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी। युवक की उम्र करीब पैंसीत वर्ष है। वह काला टी शर्ट व काले रंग का हाफ पैंट पहने हुए था।

# बाइक की भिड़ंत में दो घायल, मेडिकल रेफर

तरकुलवा। दो बाइको की भिड़ंत में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। कुशीनगर जनपद के कसया कस्बे के निवासी विमल सिंह (61) पुत्र सूर्य देव सिंह किसी काम से देवरिया गए थे। गुरुवार की देर शाम वह वापस आ रहे थे। कंचनपुर चौराहे के समीप पथरदेवा के रहने वाले पन्नेलाल (36) पुत्र परदेसी दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग दोनों को इलाज के लिए सीएचसी तरकुलवा पहुंचाया जहां हालत गंभीर डॉक्टरो ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया ।जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवा दिया गया है।

### बरियारपुर के धुसवा स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा पर हुई कार्रवाई

# केसीसी के लिए बैंक मैनेजर ने लिया घूस, सीबीआई ने दबोचा

बरियापुर (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। केसीसी बनवाने के नाम पर 35 सौ रुपये घूस लेने के आरोप में सीबीआई की पांच सदस्यीय एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक और संविदा कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। टीम के सदस्यों ने बैंक की शाखा में करीब एक बजे छापेमारी की। उसके बाद बैंक शाखा बंद कर करीब आठ घंटे तक अंदर प्रबंधक और संविदा कर्मी से पूछताछ की। बैंक का रिकार्ड और सीसीटीवी कैमरा भी खंगाला। रात करीब 9 बजे सीबीआई टीम मैनेजर और संविदाकर्मी को लेकर लखनऊ रवाना हो गई।



धुसवा स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा पर पहुंची सीबीआई टीम।

- बैंक में चतुर्थश्रेणी पद पर कार्यरत संविदाकर्मी भी गिरफ्तार
- लखनऊ से पहुंची सीबीआई ने बैंक मैनेजर से घंटों की पूछताछ

बरियारपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा गांव के रहने वाले मनीष गुप्ता पुत्र रामभरोसा गुप्ता अपनी कृषि भूमि पर केसीसी बनवाने के लिए परेशान थे। इसके लिए कई बार प्रबंधक से बात कर चुके थे। बैंक कर्मचारी उन्हें बार-बार शाखा पर बुलाकर परेशान कर रहे थे। कई महीने दौड़ने के बाद भी केसीसी नहीं बनवाया। आरोप है कि पिछले दिनों बैंक के शाखा प्रबंधक ने साढ़े तीन हजार रुपये की मांग की। मनीष गुप्ता ने इसके बारे में लखनऊ स्थित सीबीआई की एंटी करप्शन टीम से सम्पर्क कर शिकायत की। सीबीआई टीम के सदस्य शुक्रवार को डीएसपी अमित राठी के नेतृत्व में घुसवा चौराहे पर पहुंचे और मनीष गुप्ता से बैंक प्रबंधक को रुपये देने को कहा।

जानकारी के अनुसार मनीष बैंक गया और प्रबंधक प्रिंस जायसवाल से इस बाबत बात की तो उन्होंने बैंक में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत संविदाकर्मी अनूप कुमार को रुपये देने के लिए कहा। जैसे ही मनीष गुप्ता ने अनूप को रुपये दिए, सीबीआई ने उसे दबोच लिया। सीबीआई की पूछताछ में संविदा कर्मी ने बताया कि शाखा प्रबंधक ने उसे पैसे रखने के लिए कहा था। इसके बाद सीबीआई ने शाखा प्रबंधक और संविदाकर्मी को हिरासत में ले लिया। बैंक में मौजूद खाताधारकों और अन्य लोगों को बाहर कर अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद टीम ने करीब आठ घंटे तक दोनों से पूछताछ की। साथ ही बैंक का रिकार्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

केसीसी के अन्य रिकार्ड की भी जांच की। रात करीब नौ बजे सीबीआई बैंक मैनेजर और संविदाकर्मी को लेकर लखनऊ रवाना हो गई। टीम का नेतृत्व कर रहे डीएसपी अमित राठी ने बताया कि दोनों के खिलाफ सीबीआई की लखनऊ कोर्ट में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रात में पिता के साथ सो रहे

# पांच वर्षीय मासूम का अपहरण

## 10 घंटे के भीतर पुलिस ने किया बरामद

देवरिया (एसएनबी)। सुरौली थाना क्षेत्र के हरैया में बृहस्पतिवार की रात अपने पिता के साथ सो रहे पांच वर्षीय मासूम को अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। रात करीब दो बजे उसके छोटे भाई की रोने की आवाज सुनकर माता-पिता जगे तो उन्हें मासूम के गायब होने की जानकारी हुई। दोनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सूचना पर भोर में करीब चार बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने घर से आगे कुछ दूरी पर लगे सीसी टीवी कैमरे की जांच की। जांच के बाद बच्चे को बरामद करने में जुट गई। शाम तक सुरौली थाने की पुलिस और जिले की क्राइम ब्रांच की टीम ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। गांव के बगल के ही दो व्यक्ति मासूम को बेंचने की नीयत से गायब किए थे।

सुरौली थाने के फुलवरिया कुटी निवासी राजेंद्र राजभर मजदूरी का कार्य करता है। करीब दो वर्ष से वह अपने परिवार के साथ कतरारी-सुरौली मार्ग पर स्थित बब्बन सिंह इण्टरमीडिएट कालेज हरैया के सामने एक किराये की दुकान लेकर उसी में रहता है।



देवरिया-गिरफ्तार मासूम बच्चे के अपहरणकर्ता।

रोजाना की भांति बृहस्पतिवार को राजेंद्र मजदूरी करने के बाद घर पहुंचा। रात करीब 9 बजे अपने बच्चों व पत्नी के साथ भोजन किया। इसके बाद दुकान के आगे बरामदे में सभी के साथ सो गया। रात में करीब दो बजे डेढ़ वर्षीय पुत्र सत्यम रोने लगा तो राजेंद्र की नींद खुली तो देखा कि तीन पुत्रों में दूसरे नंबर का बेटा अजीत गायब था। यह देख वह दंग रह गया और अपनी पत्नी रेखा को जगाया। इसके बाद दोनों अजीत की खोज करने लगे। काफी खोज बीन के बाद अजीत का कही पता नहीं चला तो राजेंद्र ने इसकी सूचना डयल 112 को दी। सूचना पर चार बजे भोर में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इस सम्बन्ध में सुरौली थाने की पुलिस अपहृत बच्चे के पिता राजेन्द्र राजभर की तहरीर के आधार पर मुअसं 183/24 धारा 137(2) भा.न्या.सं. का अभियोग अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर बच्चे की तलाश में जुट गई।

राजेन्द्र ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व बहोरवां का एक व्यक्ति उससे उसके बच्चे को ₹ 50 हजार मे बेंचने की बात कह रहा था, किंतु राजेन्द्र ने उसे डांट कर भगा दिया था। राजेन्द्र द्वारा बताए गए व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने सारी कहानी बता दी। उक्त व्यक्ति ने बच्चे को किसी और के हाथ सौंपने की बात बताई। इसके बाद सुरौली थाने की पुलिस एवं जिले की क्राइम ब्रांच की टीम ने उस व्यक्ति का लोकेशन ट्रेस कर मासूम को देवरिया बस स्टेशन से बरामद कर लिया। साथ ही दो अपहरण कर्ताओं रोशन विश्वकर्मा पुत्र महंत विश्वकर्मा एवं गुड्डू पासवान पुत्र स्व. रामवढ़ई पास्वान निवासीगण बहोरवा थाना सुरौली जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों व्यक्ति मासूम को बेंचने की नीयत से गायब किए थे।

इस संबंध में बरहज सीओ आदित्य कुमार ने बताया कि मासूम को सकुशल देवरिया बस स्टेशन से बरामद कर लिया गया है। दो अपहरण कर्ताओं को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

पथरदेवा। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

करीब साल भर पहले कुशीनगर जनपद के रहने वाली एक युवती से बघौचघाट थाना क्षेत्र के पकहां गांव निवासी एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। मामले में बघौचघाट थाने में जयकुमार साहनी और उसके परिजनों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। शुक्रवार को सूचना पाकर उपनिरीक्षक रंजय कुमार और सिपाही दीपक यादव मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**तैयारी** | जीआईसी व भारत पेट्रोलियम बैतालपुर में भी मॉक ड्रिल, जिले में पहली बार हुई आग से बचाव व राहत की मॉक ड्रिल : डीएम

# मेडिकल कॉलेज में राहत और बचाव कार्य की मॉक ड्रिल सफल

देवरिया, निज संवाददाता। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन परिसर में शुक्रवार अग्निकांड से बचाव के लिए एक मॉक ड्रिल किया गया। इसी प्रकार का ड्रिल, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज व भारत पेट्रोलियम बैतालपुर में भी हुआ।

मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग ने तेजी से आग पर काबू पाया और सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद, घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। आपदा प्रबंधन टीम के आपदा मित्रों ने भी बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एनडीआरएफ की सौजन्य से प्राकृतिक आपदा, विशेषकर भूकंप के खतरे या आग लगने से बचाव की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। इस प्रकार की मॉक ड्रिल जनपद में पहली बार हो रही है। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना व वास्तविक आपदा के समय में तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता को परखना था। मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ से राजकुमार खरवार, तरुण कुमार एवं एनडीआरएफ से प्रवीण उपाध्याय ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल आयोजन में रंजन पांडेय, आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार, विकास कुशवाहा का विशेष योगदान रहा। इस दौरान सीएमओ डॉ. राजेश झा, डिप्टी सीएमओ डॉ. आरपी यादव, सीएमएस डॉ. एचके मिश्र, सहायक नोडल अधिकारी सुरक्षा डॉ. एसएम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



मेडिकल कॉलेज में आग से बचाव व राहत कार्य को लेकर मॉक ड्रिल करते कर्मी।

### ओपीडी कंप्यूटराइज्ड सर्विस का हुआ ट्रॉयल

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी में शुक्रवार को कंप्यूटराइज्ड प्रिस्क्रिप्शन सुविधा का ट्रायल किया गया। इसमें रोगी को कंप्यूटर से पर्ची पर प्रिस्क्रिप्शन लिखकर जारी किया गया। इस सुविधा के शुरू होने पर रोगियों को कतार में खड़े होने से मुक्ति मिल जाएगी। मेडिकल कॉलेज की पल्मोनरी मेडिसिन की ओपीडी में दिखाने के लिए एक महिला रोगी ने पंजीकरण काउंटर से अपनी पर्ची बनवाई। वह पर्ची स्वतः एचएमआईएस पोर्टल के माध्यम से कक्ष संख्या 5 में पल्मोनरी मेडिसिन की ओपीडी में लगे कंप्यूटर पर प्रदर्शित होने लगी। रोगी जैसे ही ओपीडी में पहुंची डॉ. अनुराग शुक्ला ने नाम पूछा और कंप्यूटर स्क्रीन पर दिख रही पर्ची को ओपन कर लिया।

# राशन की दुकान निलंबित कोटेदार पर मुकदमा दर्ज

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। भरहेचौरा स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में अनियमितताओं के चलते कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है।

जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह द्वारा की गई शिकायत के बाद यह मामला सामने आया, जिसमें गल्ला वितरण में गड़बड़ी और राशन कार्ड धारकों से केवाईसी के नाम पर वसूली की पुष्टि हुई थी। जांच के बाद प्रशासन ने दुकान को निलंबित कर विक्रेता माधुरी देवी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज किया है। जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने शिकायत की थी कि सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से लाभार्थियों को पूरा गल्ला नहीं दिया जा रहा था, और केवाईसी प्रक्रिया के नाम पर उनसे अवैध वसूली की जा रही थी।

पूर्ति निरीक्षक दुर्गा नंद यादव की जांच में पाया गया कि दुकान में गल्ले की मात्रा कम थी और कई राशन कार्ड धारकों को आधार कार्ड सत्यापन के बावजूद गल्ला नहीं दिया गया था। जांच के दौरान अधिकारियों ने राशन कार्ड धारकों के बयान दर्ज किए और गोदाम में रखे खाद्यान्न का भी निरीक्षण किया, जिसमें गल्ले की कमी की पुष्टि हुई। जिस पर कार्रवाई की गई।

# नमक की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़

## कार्रवाई

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने छापेमारी कर फर्जी टाटा नमक की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर गौरी गांव में एक मकान के अंदर यह कारोबार हो रहा था। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर गौरी गांव के चौराहे पर स्थित एक मकान में फर्जी फैक्ट्री बनाकर टाटा नमक की पैकिंग की जा रही थी। फैक्ट्री में काफी दिनों से कम दाम में नमक मंगाकर टाटा कपनी का लोगो लगा कर प्लास्टिक के थैले में टाटा कम्पनी नाम से भर कर दुकानों पर भेजा जाता था। इसकी

■ ठाकुर गौरी चौराहे के समीप हो रही थी पैकिंग

जानकारी मिलने पर सीओ व कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी किया। मिली जानकारी के अनुसार मौके से फर्जी टाटा कम्पनी के नाम से फर्जी व कम मूल्य के बनने वाले नमक की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। यहां से काफी मात्रा में लोगो, प्लास्टिक, रैपर, टाटा नमक के पैकेटों के अलावा मशीनों को बरामद कर एक महिला को भी हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुटी है। सीओ दीपक शुक्ल ने बताया कि एक टाटा नमक की हूबहू फर्जी रैपर, नमक, पैकिंग के समान समेत मशीन बरामद कर मामले की जांच की जा रही हैं।

## खाद- बीज की दुकान को किया सीज

पकड़ी बाजार। जिला कृषि अधिकारी ने पकड़ी बाजार स्थित खाद बीज की दुकान पर छापेमारी किया है। जिसे लेकर दुकानदार और अधिकारी के बीच कहा सुनी के बाद दुकान को सीज करा दिया। जिससे चौराहे पर हड़कंप मच गया। जिला कृषि अधिकारी शुक्रवार को पकड़ी चौराहे पर संजय पाण्डेय की खाद बीज की दुकान पर पहुंची। अधिकारी ने दुकान पर रखे समानों की जांच किया तो उसका बिल बाउंचर मांगा तो उपलब्ध नहीं था। दुकान में अनियमितता मिलने पर जिला कृषि अधिकारी ने दुकान को सीज कर दिया।

# शिक्षक महासंघ ने किया प्रदर्शन

बरहज। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ एवं उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ द्वारा चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन के क्रम में शुक्रवार को बाबा राघवदास भगवानदास पीजी कॉलेज आश्रम बरहज में सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो सूरज प्रकाश गुप्त व विवि शिक्षक संघके फुपुक्टा प्रतिनिधि डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए, विश्वविद्यालय की व्यवस्था में स्ववित्तपोषित प्रबंधकों का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। संयुक्त मंत्री डॉ अब्दुल हसीब, प्रो दर्शना श्रीवास्तव, प्रो आरती पांडेय, प्रो अमरेश त्रिपाठी, प्रो विनीत पांडेय, डॉ. उमेश, डॉ. आभा मिश्रा, डॉ. गायत्री मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. ब्रजेश यादव ने अपनी बात रखी।

# युवक के गायब होने के मामले में एक हिरासत में

महुआडीह। युवक के गायब होने के मामले में पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महुआडीह थाना क्षेत्र पिपरानायक गांव निवासी मुहम्मदीन अंसारी के पुत्र तैयब अंसारी 2 सितंबर को रामपुर गौनरिया चौराहे पर बाजार करने गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने इसकी तहरीर महुआडीह पुलिस को दिया। मामले में पुलिस ने गुमसूदगी दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मझौलीराज चौकी कस्बा निवासी एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# दो बच्चियों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

देवरिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने शुक्रवार को शहर के आईटीआई के निकट एक अमूल पार्लर की दुकान पर काम कर रही दो नाबालिक बच्चियों को बाल श्रम कार्य से मुक्त कराया गया। उन्होंने दुकानदार पर कार्य के एवज में उन्हें कम पैसे देने व बाल श्रम कराए जाने को लेकर मुकदमे की कार्रवाई के लिए गोरखपुर उच्च अधिकारियों को भेजा है।

# शटर का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास

तरकुलवा। चोरों ने शटर तोड़ कर एक घर में चोरी का प्रयास किया। थाना क्षेत्र के तवकलपुर गांव निवासी चित्रसेन सिंह व लाल मोहम्मद का पूरा परिवार भोजन करने के बाद देर रात अपने छत पर जाकर गर्मी चलते सोने चले गए। इसी बीच मध्य रात में अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर रहे थे कि खटखट की आवाज सुन गृह स्वामी जग गए तथा हल्ला मचाए तो पूरे गांव के लोग दौड़ पड़े। इसी बीच चोर मौका देख फरार हो गए। पूरे गांव के लोग रात भर गन्ना और मक्के की खेतो में टार्च जलाकर ढूढ़ लेकिन चोर कही नही मिले। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

# मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस

रामपुर कारखाना। थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी मंशा देवी पत्नी गंगा यादव ने पुलिस को तहरीर देकर के आरोप लगाया है कि 18 सितंबर को सुबह 10 :00 बजे पट्टीदार हरी सेवक , रनीशा देवी, विकास यादव एक राय होकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट करके घायल कर दिया। आरोपियों ने उनका टिन शेड भी तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव करके मामला शांत कराया। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा नेताओं का प्रदर्शन



अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव को पत्रक सौंपते भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी • जागरण

जासं, देवरिया: कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शुक्रवार को सड़क पर उतर गए। प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और कांग्रेस नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव को पत्रक सौंपा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए जिस तरह के अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। वह अत्यंत निंदनीय है। राजनीतिक मर्यादा को खंड-खंड करते हुए राहुल गांधी ने सरेआम प्रधानमंत्री की छवि खराब करने वाला बयान दिया है। देश के प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल ओछी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होना चाहिए। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री सहित पूरे अनुसूचित जाति समाज को चोर कहकर गाली दिया जा रहा है। यह घोर निंदनीय है।

भाजपा नेता अजय कुमार दुबे, अजय शाही, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, अरविंद पांडेय, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, गोविंद चौरसिया, धर्मेंद्र चौहान, सुधीर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी मामले में मिली जमानत, पुलिस को फटकार

जासं सलेमपुरः दस साल पूर्व जमीन एग्रीमेंट कराने के बहाने पांच बीघा जमीन बैनामा कराने के मामले में आरोपित गिरिजेश मिश्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने तत्काल जमानत दे दी। साथ ही कई गंभीर धारा बढ़ाने पर विवेचक व कोतवाली पुलिस को फटकार लगाई।

भटनी थाना के पयासी गांव निवासी अमित कुमार मिश्र पुत्र विरेंद्र मिश्र से 2014 में गांव के वर्तमान प्रधान अमरनाथ मिश्र, पूर्व प्रधान संजय सिंह, चिंता देवी पत्नी स्व. देवेंद्र मिश्र, गोपाल मिश्र पुत्र अरुण मिश्र, अरुण मिश्र पुत्र बैजनाथ मिश्र, सुनील मिश्र पुत्र प्रियंबक मिश्र व कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसीपार मिश्र निवासी गिरिजेश मिश्र ने अलग अलग तिथियों में करीब पांच बीघा जमीन बैनामा कराया था। अमित मिश्र का आरोप है कि यह लोग एग्रीमेंट कराने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय ले गए। वहां जमीन का बैनामा करा लिया। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अधिकारी नजरंदाज करते रहे। सात सितंबर को डीएम के संपूर्ण समाधान दिवस में युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया। डीएम के निर्देश पर बैनामा कराने वालों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने विवेचना के दौरान सभी आरोपितों के विरुद्ध जालसाजी के अलावा कई अन्य गंभीर धाराएं बढ़ा दी।

# 50 रुपये वसूलने पर कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, भटनी: थाना क्षेत्र के भरहेचौरा के कोटेदार के विरुद्ध क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह की शिकायत पर जांच में कम खाद्यान्न देने व ई-केवाइसी के नाम पर 50 रुपये वसूलने की पुष्टि हुई है। डीएम के आदेश पर दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह ने शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत भरहेचौरा में कोटेदार माधुरी देवी द्वारा खाद्यान्न वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। खाद्यान्न अंगूठा लगाने के बाद नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसके लिए ई-केवाइसी के नाम पर 50 रुपये की वसूली की जा रही है।

शिकायत को संज्ञान में लेकर डीएम ने जांच कराई। नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दुर्गानंद यादव ने जांच की। जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद डीएम के आदेश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। सीओ एसपी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा

रामपुर कारखाना: भीखमपुर में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। गांव की मंशा देवी का आरोप है कि 18 सितंबर की सुबह मेरे पटटीदार हरिसेवक, रजनी देवी, विकास यादव एक राय होकर मुझे मारपीट कर घायल कर दिए। (जासं)

## दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर एक हिरासत में

लार: उपनगर के लक्खू मोड़ पर कोईरी टोला वार्ड व वैश्यकरनी वार्ड के दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान ईंट पत्थर भी चले। पुलिस एक युवक को हिरासत में ले लिया। (जासं)

## महिला की पिटाई के मामले में मुकदमा, गिरफ्तार

खुखुंदू: सरया गांव में गुरुवार को महिला की हुई पिटाई के मामले में पुलिस ने अरविंद कुमार निवासी नरौली भीखम पर मुकदमा दर्ज किया। साथ ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सरया गांव की देवंती देवी का आरोप है कि गुरुवार दोपहर बाद धान के खेत में पानी चल रही थी, इसी बीच बगल गांव का अरविंद पहुंच गया और अपशब्द बोलने लगे। जब महिला ने विरोध किया तो वह लाठी-डंडे से पिटाई की और हत्या करने की नियत से गला दबा दिया। (जासं)

## तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

लार: पुलिस ने अभिषेक, भीम व दीपू साहनी पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। रोपन छपरा के रामकृपाल सिंह ने तहरीर दी थी। (जासं)

# प्रमुख संस्थानों में भूकंप व आग से बचाव के लिए हुई माकड्रिल

## मेडिकल कालेज समेत तीन स्थानों पर जांची गई व्यवस्था

जागरण संवाददाता, देवरियाः महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के प्रशासनिक भवन परिसर, राजकीय इंटर कालेज व भारत पेट्रोलियम बैतालपुर में अग्निकांड, भूकंप से बचाव के लिए शुक्रवार को माकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें आग लगने, भूकंप आने की स्थिति का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें समन्वय के साथ विभिन्न विभागों ने भाग लिया।

मेडिकल कालेज में माकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग ने तेजी से आग पर काबू पाया और सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। आपदा प्रबंधन टीम के आपदा मित्रों ने भी बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे माकड्रिल को और अधिक प्रभावी बनाया जा सका। डीएम दिव्या मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एनडीआरएफ की सौजन्य से प्राकृतिक आपदा, विशेषकर भूकंप के खतरे या आग लगने से बचाव की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस माकड्रिल का आयोजन किया गया है। आपदा पूर्व तैयारी व बचाव की पूरी जानकारी के माध्यम से ही हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं और आपदा के प्रभाव को कम कर सकते हैं। यह आवश्यक है कि आपदा के समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाए, इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। आपदामित्र, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं से कैसे बचाव कार्य किया जाता है, और अधिक से अधिक लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है। इसकी विस्तृत जानकारी इस माकड्रिल के माध्यम से दी गई है। इस प्रकार की माकड्रिल जनपद में पहली बार हो रही है। इसका उद्देश्य यह है कि सभी संबंधित विभागों को ट्रेनिंग मिल सके ताकि वे आपदा के समय में अपने कार्य को सुचारु रूप से कर सकें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने कहा कि इस माकड्रिल का आयोजन विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए की गई। वास्तविक आपदा के समय में तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता को परखना था। उन्होंने इस अभ्यास के दौरान दिखाए गए सहयोग और तत्परता की सराहना की और सभी विभागों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में माक ०ड्रिल करते अग्निशमन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी● जागरण

माकड्रिल में एसडीआरएफ से राजकुमार खरवार, तरुण कुमार एवं एनडीआरएफ से प्रवीण उपाध्याय आब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में रंजन कुमार पांडेय, आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार एवं कार्यालय सहायक विकास कुशवाहा का विशेष योगदान रहा।

# भागलपुर पक्का पुल बना सुसाइड प्वाइंट

वरुण मिश्र 'प्रिंस' • जागरण

- पुल के दोनों तरफ नदी में कूदने से बचाव के लिए नहीं है कोई उपाय
- आए दिन पुल से कूदकर आत्महत्या कर रहे अवसाद से ग्रसित लोग

मईल: देवरिया व बलिया जनपद को जोड़ने वाला मईल थाना क्षेत्र का सरयू नदी पर बना भागलपुर पक्का पुल सुसाइड प्वाइंट बन गया है। पुल से कूदकर आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़ रही है। क्षेत्रीय लोगों ने इस पर चिंता जाहिर की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही है। यदि प्रशासन पुल के दोनों तरफ जाली लगवा देता तो कइयों की जान बच जाती, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है।

पारिवारिक विवाद हो या कर्ज व बीमारी। अवसादग्रस्त लोग जीवन को खत्म करने के हद तक पहुंच रहे हैं। इन घटनाओं ने लोगों को झकझोर दिया है। कई लोग गुस्से में घर छोड़कर भागलपुर पुल पर पहुंचकर सरयू नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं। ताजा मामला लार थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गुरुवार के दिन युवती ने नदी में छलांग लगाई। पुलिस अभी उसकी तलाश नदी में कर ही रही थी कि उसी गांव के युवक ने शनिवार की सुबह नदी में छलांग लगा दी। इसके पूर्व भी कई घटनाएं हो चुका हैं। सलेमपुर नगर पंचायत के हरैया वार्ड की गुड्डी देवी, सलेमपुर नगर पंचायत के व्यवसायी रणधीर गुप्ता, लार कस्बे के मठ वार्ड निवासी सर्वदेव, खामपार थानाक्षेत्र की बबीता, मईल थाना क्षेत्र के बढ़या हरदो के दिनेश यादव, सलेमपुर के अंकित यादव समेत कई लोगों ने पुल से कूद कर इहलीला समाप्त कर ली।

**घुमने आने वाले युवकों को देखकर सशंकित रहते हैं लोग:** भागलपुर पुल पर तमाम युवक व युवतियां घूमने भी आते हैं। उनको पुल पर खड़ा देखकर कई बार अनहोनी की आशंका से लोग सशंकित रहते हैं। स्थानीय लोगों की नजर भी ऐसे युवाओं पर रहती है।

> किशोरावस्था व युवावस्था के प्रथम दो से चार साल युवाओं के लिए तनावपूर्ण होते हैं। यह उनके बदलाव का समय होता है। इस उम्र में शारीरिक परिवर्तन के साथ ही विचारों व भावनाओं में परिवर्तन ज्यादा दिखाई देता है। यह समय समस्या समाधान व निर्णय लेने की क्षमता को ज्यादा प्रभावित करता है। इसी के चलते युवा वर्ग अवसाद में आकर आत्महत्या का निर्णय ले लेते हैं।
>
> डा. निशा तिवारी, चिकित्सक

> भागलपुर पुल से कूदकर आत्महत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इसको रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग से जाली लगवाने के लिए पहल की जाएगी। जिससे इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी देवरिया

# चार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर : ग्राम फतेहपुर में रंजिश को लेकर लाठी और डंडे से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर की रहने वाली विमला देवी पत्नी रामप्रकाश निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपितों ने मेरे ऊपर हमला करने के अलाव मेरे पुत्र विजेन्द्र के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। दरवाजे पर खड़े चार पहिया वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने राहुल ,शिवम पुत्रगण रमेश निषाद, लक्ष्मीना कुमारी पुत्री रमेश निषाद, अमरेन्द्र निषाद पुत्र रामनाथ निषाद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सब्जी लेने गए युवक का बोलेरो सवार लोगों ने किया अपहरण, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, मझगांवा, देवरिया: सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी चौराहे पर सब्जी लेने गए एक युवक का बोलेरो सवार लोगों ने गुरुवार की रात अपहरण कर लिया। देर रात मां के मोबाइल फोन पर खून से लथपथ युवक का वीडियो आया, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। मामले में पुलिस ने गांव के ही लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही युवक की बरामदगी में जुटी हुई है।

कतरारी के रहने वाले अमन कुमार रात को कतरारी चौराहे पर सब्जी खरीदने गए थे। इसके बाद वह गायब हो गए। देर रात तक स्वजन तलाश करते रहे, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इस बीच मां कमलावती देवी के मोबाइल पर अमन के नंबर से एक वीडियो आया। वह खून से लथपथ थे।

एक मिनट 10 के वीडियो में अमन का कहना है कि गांव के ही संतोष निषाद, नंदलाल समेत तीन अन्य लोगों ने चौराहे से उसका अपहरण कर लिया। साथ ही एक जंगल में लाए हैं और बहुत मारा-पीटा है। साथ ही चाकू से हमला किया गया है। किसी तरह हम भागे हैं।

वीडियो आने के बाद अमन की मां कमलावती देवी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नामजद आरोपितों को रात को ही हिरासत में ले लिया और पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि अभी पूछताछ की जा रही है।

- **सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी चौराहे पर गया था युवक, उसके बाद पता नहीं चला**
- **देर रात खून से लथपथ युवक का मां के मोबाइल फोन पर आया वीडियो**
- **नामजद आरोपितों को पुलिस ने लिया हिरासत में, बरामदगी के लिए दे रही दबिश**

## गौरीबाजार के समीप मिला अंतिम लोकेशन

सर्विलांस से पुलिस को अमन का गौरीबाजार के समीप अंतिम लोकेशन मिला है। हालांकि वहां के आसपास के बाग में भी पुलिस ने तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका।

## 2023 में दर्ज हुआ था दुष्कर्म का मुकदमा

अमन दुष्कर्म का आरोपित रहा है। इसके विरुद्ध 2023 में मुकदमा दर्ज हुआ था। फरवरी 2024 में जमानत पर छूट कर आया है। उस पक्ष का आरोप है कि अमन जबसे छूट कर आया है, शादी नहीं होने दे रहा है और काट दे रहा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

युवक के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीमें लगी हैं। जल्द उसे बरामद कर लिया जाएगा।

अनिल कुमार, थानाध्यक्ष, सुरौली

# सीसी फुटेज व सर्विलांस के जरिये आरोपितों तक पहुंची पुलिस

- आरोपित महिला व एक किशोर से भी घंटों सुरौली पुलिस ने की पूछताछ
- रुद्रपुर तिराहा, रोडवेज, सलेमपुर में सीसी फुटेज में पुलिस को आटो में बैठते दिखे आरोपित

जासं, मझगांवा: सुरौली थाना क्षेत्र के अपहृत बालक के बरामद होने के बाद भले ही आरोपित बालक के पालने के लिए उठाकर ले जाने का दावा कर रहा है, लेकिन पुलिस को उसकी बातों पर विश्वास नहीं है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बालक का अपहरण बेचने के लिए किया गया था। इसमें एक महिला के भी शामिल होने की संभावना है। पुलिस ने बिहार के सिवान जनपद की एक महिला व एक किशोर से घंटों पूछताछ की। साथ ही उनका मोबाइल फोन काल डिटेल भी निकाला है।

एसओजी व अन्य पुलिस टीम सीओ बरहज के नेतृत्व में पहुंच गई। पुलिस ने कतरारी चौराहे पर लगे सीसी कैमरे के फुटेज को खंगाला तो दोनों बच्चे को लेकर जाते हुए नजर आए। इसके बाद रुद्रपुर तिराहा, रोडवेज, फिर सलेमपुर में भी सीसी फुटेज पुलिस ने खंगाला तो वह आटो में बैठते हुए नजर आए। पूरी घटना पुलिस ने सीसी फुटेज से खोल दिया। पहचान होने के बाद उनके परिजनों को हिरासत में लेकर मोबाइल नंबर पुलिस ने ले लिया। सर्विलांस से उनका लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



घर में पत्नी के साथ बैठे राजेंद्र • जागरण

मुख्य आरोपित रोशन विश्वकर्मा व सहयोगी गुड्डू पासवान एक ही साथ कार्य करते हैं। रोशन नशे का आदी है। रोशन के व्यवहार के चलते ही उसकी पत्नी से संबंध ठीक नहीं है और वह मायके में रहती है। कोई औलाद रोशन को नहीं है। लगभग दो माह से रोशन की नजर राजेंद्र राजभर के बेटे पर थी। दोनों रात से ही चौराहे के समीप बैठे थे। भोर होते ही रोशन ने बच्चे को मुंह दबाकर उठा लिया। इसकी भनक तक पति-पत्नी को नहीं लगी। इसके बाद वह पैदल ही लेकर देवरिया रोडवेज पर पहुंच गए। सूत्रों का कहना है कि रोडवेज पर जाकर एक वाहन से सलेमपुर पहुंचे और वहां से आटो में सवार होकर सिवान के गुठनी और फिर सिवान तक दोनों पहुंच गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई तो रोशन ने बताया कि उसको कोई औलाद नहीं है। इसलिए वह उसे पालना चाहता था। कभी सिवान में रहने वाली महिला रिश्तेदार को देने की बात कहता। महिला रिश्तेदार को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पूछताछ की। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों मजदूर है। संभावना यह है कि दोनों बच्चे को बेचने के लिए कहीं तय किए थे। फिर दोनों ने उसे उठा लिया।

### बेटे को देखते ही माता व पिता के खिल उठे चेहरे

मां-बाप की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। 400 रुपये में किराये पर कमरा लिए हैं। रात में गर्मी होने के चलते टीनशेड में बाहर बच्चों को लेकर मां-बाप सो गए। भोर में उठे तो कलेजे का टुकड़ा गायब था। इसके बाद वह परेशान हो गए। दिन भर बेटे के लिए रोते रहे। मां अपने लाल को देख दहाड़ मारकर रोने लगी।

### पुलिस को राजेंद्र ने दिया धन्यवाद

रोशन अपने साथी के साथ मिलकर राजेंद्र के बेटे को उठा लिया कि वह बेटे को लेकर गायब हो जाएंगे, वह पुलिस के पास नहीं जाएगा। दो-चार दिन मामला शांत हो जाएगा। लेकिन पुलिस की सक्रियता से 10 घंटे में ही राजेंद्र के लाल को पुलिस ने बरामद कर लिया। बेटे को सूरज ढलने से पहले ही अपने पास देख राजेंद्र भी रोने लगे। देवरिया पुलिस को इसके लिए उन्होंने धन्यवाद दिया।

# आशनाई में हुई थी चंदन की हत्या, तीन गिरफ्तार

जासं, रुद्रपुर: अमौनी खास गांव के चंदन हत्याकांड का पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर दिया। चंदन की हत्या आशनाई में तीन दोस्तों ने ही की थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

रुद्रपुर कोतवाली के अमौनी खास के रहने वाले चंदन गौतम की अकटहिया उर्फ मटियरी स्थित एक विद्यालय के समीप तीन दिन पहले उस समय हत्या कर दी गई, जब वह दावत के लिए निकले थे। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नकटापार के टिकुलिया के समीप से तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें अकटहियां निवासी विजय गौतम, विनय गौतम च किशन कुमार राजभर शामिल थे। पुलिस ने तीनों से सख्ती की तो विजय ने बताया कि वह हम लोगों के साथ काम करता था। उसका अवैध संबंध मेरी पत्नी से हो गया था। तीनों ने दावत के बहाने उसे बुलाया और बिजली के केबल व लकड़ी के डंडा से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सामान भी बरामद कर लिया।

# दीवार तोड़ते समय गिरी दवकर युवक की मृत्यु



रामचंद्र कुशवाहा • फाइल फोटो।

जासं, भाटपाररानी: खामपार थाना क्षेत्र के भठवा तिवारी में शुक्रवार की सुबह दीवार तोड़ते समय अचानक गिर गई। मलबे में दबने से युवक की मृत्यु हो गई।

गांव के रहने वाले लाल बहादुर कुशवाहा के पुत्र रामचंद्र कुशवाहा मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते थे। एक माह पहले घर आए थे। सुबह पुरानी मकान की दीवार तोड़ रहे थे, ताकि पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा सके। इस बीच अचानक छज्जा सहित दीवार गिर गयी। उसके मलबे में रामचंद्र दब गए। आसपास के लोगों के सहयोग से उन्हें बाहर निकाला जा सका। तत्काल उन्हें पीएचसी भाटपाररानी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पूर्वांचल के सभी जिलों से महापंचायत में शामिल होंगे किसान

- 23 को किसान महापंचायत की सफलता के लिए गांवों में भ्रमण कर समर्थन मांग रहे भाकियू कार्यकर्ता
- चार गुणा मुआवजा दिए बगैर जिला प्रशासन को अपनी भूमि देने को तैयार नहीं हैं किसान

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिला प्रशासन द्वारा देवरिया बाईपास के नाम पर किसानों से जबरन जमीन लेने से भाकियू कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। क्षेत्र के कुसुमा बेलवा में शुक्रवार को इसे लेकर रणनीति बनाई गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने 23 सितंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान महापंचायत में पूर्वांचल के सभी जिलों के किसानों के शामिल होने के बारे में जानकारी दी।

भाकियू के पूर्वी उप्र के उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर लड़ाई अब धार पकड़ने लगी है। पहले तो किसान यह समझ रहे थे कि गांव में जो जमीन वर्तमान बाजार मूल्य पर बिक रही है। उसका चार गुणा मुआवजा मिलेगा, लेकिन जिला प्रशासन ने किसानों की जमीन को औने-पौने दामों पर लेने का पूरा खाका तैयार कर लिया है। यह किसानों को कतई मंजूर नहीं है। जब किसानों को नोटिस मिला है तो प्रशासन की चाल समझ में आई। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन ने देवरिया बाईपास से प्रभावित सभी 37 गांवों के किसानों को जगाने का काम किया है। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आंदोलन की जो शुरुआत की है। उनको भी जगाने का काम भारतीय किसान यूनियन ने किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा किसान यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता अपनी लाठियों के साथ 23 सितंबर को डीएम कार्यालय पर होने वाले महासंग्राम में शामिल होंगे, जिससे देवरिया के भी भाकियू कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

वहां प्रदेश महासचिव पं. सतीश चंद्र ओझा, पूर्वांचल के अध्यक्ष अनूप चौधरी, पूर्वांचल के महासचिव पंडित जनार्दन मिश्रा के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, बलिया, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली के तमाम सक्रिय कार्यकर्ता पदाधिकारी 23 सितंबर के आंदोलन में मजबूती के साथ शिरकत करेंगे। कहा कि जिले के पटेला गाजी, पटेला चेती, पकड़ी खुर्द, पकड़ी बुजुर्ग, रामपुर खुर्द, कुसमा बेलवा में आज जन जागरण अभियान चलाया गया है जिसमें सभी प्रभावित किसानों ने आंदोलन में भाग लेने हेतु भरोसा दिया है। इस दौरान हंसनाथ यादव, गुड्डू सिंह, सत्येंद्र यादव, रामाश्रय यादव, सत्य प्रकाश मिश्र, राज प्रताप यादव, सचिन यादव, सहदेव प्रसाद, धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



कुसुमा बेलवा गांव में किसान महापंचायत की सफलता के लिए किसानों से संपर्क करते भारतीय किसान यूनियन के नेता • जागरण



बरहज तहसील में किसानों के साथ धरना देते पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव। जागरण

## मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठे पूर्व विधायक

बरहज: सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा भुगतान करने की मांग की मांग को लेकर राम जानकी मार्ग से प्रभावित किसानों के साथ शुक्रवार को सपा के पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाई ने तहसील परिसर में धरना दिया। शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। ज्ञापन सौंप कहा कि 26 सितंबर तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो फिर 27 को किसानों के साथ तहसील गेट पर धरना दिया जाएगा। इसके साथ ही चक्का जाम करेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि डेढ़ वर्ष से ऊपर हो गए। अभी तक रामजानकी मार्ग का प्रतिकर नहीं मिला है। किसान तहसील से लेकर जिला तक का चक्कर लगा रहे हैं। इस अवसर पर मनोज सिंह, राजेश सिंह, त्रिभुवन पांडेय, बाल बिहारी तिवारी, दिनेश सिंह, सुरेश सोनकर, सिब्बू सिंह, राजेश यादव, अरविंद जायसवाल, अभिनव सिंह, दुर्गेश यादव, परमानंद यादव, केदारनाथ विश्वकर्मा, त्रिपुरेश, चंदन सिंह, धनई यादव, रामाशीष यादव आदि मौजूद रहे।

# खड़ंजा उखाड़ने वालों के विरुद्ध दर्ज होगा मुकदमा



वार्ड नंबर छह में उखाड़े गए खड़ंजे की जांच करती राजस्व टीम • जागरण

जासं, सलेमपुर: नगर पंचायत के वार्ड संख्या छह में एक दशक पूर्व बने खड़ंजा व नाली को वार्ड के मनबढ़ों ने तोड़कर चबूतरा व कटरैन डालकर कब्जा कर लिया, जिसके कारण आम लोगों का आना जाना दुश्वार हो गया है। एसडीएम ने मामले को संज्ञान लेते हुए मौके पर राजस्व टीम भेजकर जांच कराई। एसडीएम ने कहा कि खड़ंजा उखाडने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होगा।

नगर पंचायत के वार्ड छह पूर्वी इचौना में जय प्रकाश मिश्र के मकान से प्रेम वर्मा के मकान तक एक दशक पूर्व नगर पंचायत की तरफ से खड़ंजा निर्माण कराया गया।

वार्ड सदस्य अशोक गुप्ता के नेतृत्व में लोगों ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव से मिलकर शिकायत की। एसडीएम ने तत्काल हल्का लेखपाल रजनीश मिश्र व नगर पंचायत के कर्मचारी को मौके पर भेजकर रिपोर्ट मांगी। खड़ंजा उखाडने की पुष्टि हुई।

# यूपीकाप एप पर नहीं दिखेगा पीड़ित व आरोपित का मोबाइल फोन नंबर

जागरण संवाददाता सलेमपुरः साइबर ठगों से बचने के लिए उप्र पुलिस ने नई पहल की है। यूपीकाप एप से एफआइआर की प्रति डाउनलोड कर पीड़ित या आरोपितों का मोबाइल फोन नंबर नहीं दिखेगा। केवल शुरुआत के पांच अंक दिखाई देंगे। बाद के पांच अंकों को गोपनीय रखा जा रहा है, जिससे साइबर ठग मोबाइल नंबरों का दुरुपयोग न करे सकें।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने यूपीकाप के नाम से मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया था। इस एप में कई तरह की सुविधाएं दी गई हैं। जैसे पुलिस सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र व कार्यक्रमों की अनुमति जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इस एप्लीकेशन के माध्यम से किसी भी जिले के किसी थाने में दर्ज एफआइआर की जानकारी ली जा सकती है और एफआइआर को डाउनलोड भी किया जा सकता है। एफआइआर देखने व डाउनलोड करने के बाद कुछ जालसाज इसका दुरुपयोग करने लगे। साइबर अपराधी यूपीकाप के माध्यम से पहले तो एफआइआर की डिटेल लेते है। फिर पीड़ित को फोन कर उनके ऊपर ही कार्रवाई करने की धमकी देते थे, या केस को मजबूत बनाने के लिए धाराओं को बढ़ाने का लालच देते थे। उसके बाद उनसे अपने अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कराने के लिए कहते थे। ऐसा इसलिए हो पाता था कि एफआइआर में पीड़ित का मोबाइल नंबर होता है। साथ ही जिसके

- एप से मोबाइल फोन नंबर निकालकर ठगने का कार्य करते थे साइबर ठग
- शुरुआत के पांच अंक दिखेंगे, बाकी पांच अंकों को रखा जाएगा गोपनीय



खिलाफ एफआइआर कराई गई है उसकी भी डिटेल होता है। ये सारी जानकारी साइबर अपराधी यूपीकाप से ले लेते हैं। पुलिस अधिकारी, विवेचना, फारेंसिक जांच अधिकारी के नाम से पीड़ित, एफआइआर लेखक व नामजद आरोपितों को फोन कर रुपये की मांग करते थे। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि इस तरह की शिकायत कई बार मिल रही थी। इसके चलते उच्चाधिकारियों को मोबाइल फोन नंबर हटाने निर्णय लेना पड़ा है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# देवरिया में 50 हजार रुपये में सौदा करने में विफल रहे युवकों ने किया पांच वर्षीय बालक का अपहरण

- सुरौली थाना क्षेत्र के गांव हरैया में टिनशेड में मां के साथ सो रहा था बालक
- पुलिस ने 10 घंटे में किया बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** दो दिन पहले बालक का सौदा करने में असफल युवकों ने शुक्रवार को उसका अपहरण कर लिया। पांच वर्षीय बालक सुरौली थाना क्षेत्र के गांव हरैया में मां के साथ टिनशेड में सो रहा था। अपहरण की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने 10 घंटे में ही अपहृत बालक को बरामद कर लिया। घटना में शामिल दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। देर शाम तक पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही थी।

फुलवरिया लच्छी गांव के रहने वाले राजेन्द्र राजभर अपने परिवार के साथ हरैया में बब्बन सिंह इंटर कालेज के सामने बालकिशुन राय के टिनशेड में किराये पर रहते हैं। रात को राजेंद्र परिवार के साथ सोए थे। भोर में जब उनकी नींद खुली तो देखा कि उनका पांच वर्षीय बेटा अजीत बिस्तर से गायब है। परेशान राजेन्द्र तलाश करने लगे, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस भी जांच में जुट गई। एसपी संकल्प शर्मा ने बालक की बरामदगी के लिए सुरौली थाने के अलावा एसओजी समेत तीन टीमें गठित कीं। खोजबीन में जुटी पुलिस ने दिन में ढाई बजे रोडवेज के समीप से बालक को बरामद कर लिया। साथ ही अपहरणकर्ता रोशन विश्वकर्मा निवासी बहोरवा थाना सुरौली व गुड्डू पासवान निवासी बहोरवा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोशन ने बताया कि पालने के लिए बच्चे को उठाकर ले गया था।

मासूम के पिता राजेंद्र राजभर ने पुलिस को बताया कि आरोपित दो दिन पूर्व आए थे और किसी रिश्तेदार के पुत्र नहीं होने पर 50 हजार में सौदा कर रहे थे, हमने इनकार किया तो अपहरण कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

> पालने के लिए बच्चे का अपहरण किया गया था। दो दिन पूर्व एक आरोपित बच्चे के पिता को 50 हजार रुपये का लालच देकर बच्चे को मांग रहा था, पिता के इनकार करने पर अपहरण कर लिया। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
>
> **-संकल्प शर्मा,** एसपी देवरिया

# दुष्कर्म का आरोपित बस स्टैंड से गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर, देवरिया: सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित युवक को शुक्रवार को बस स्टैंड के समीप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नितेश सिंह पुत्र स्व.मुरली सिंह बिहार के शिवहर जिले के थाना पहाड़पुर के श्यामपुर भभदा गांव का रहने वाला है। वह किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित था। काफी दिनों से फरार चल रहा था।

# कार से बिहार भेजी जा रही सात पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

जागरण संवाददाता, बनकटा, देवरिया: श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के हदहदवां भवानी मंदिर के समीप से पुलिस ने कार से बिहार भेजी जा रही सात पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस हदहदवां भवानी मंदिर के समीप भोर में वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक कार तेजी से आते दिखी। पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कार सवार तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से सात पेटी अंग्रेजी शराब मिली। कार सवार ने अपना नाम रणधीर कुमार निवासी दुधैला कृषि फार्म थाना सोनपुर जिला छपरा बिहार बताया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि एक को गिरफ्तार किया गया है। गाड़ी का नंबर भी बदला गया था।

## 11 माह बाद दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बनकटा: क्षेत्र के सुंदरपार भटवलिया में युवती की हत्या के मामले में फरार दो आरोपितों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गांव की अंशु कुमारी की एक सितंबर 2023 को हत्या करने के बाद हाथ-पैर बांध कर शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया था। मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों विजय, बेचू, रानू, सतीश, जवाहर के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपित बेचू प्रसाद व जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। (जासं)

## हियुवा के पूर्व जिला मंत्री को न्यायालय ने भेजा जेल

लार: हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलामंत्री अरुण सिंह व उनके बेटे को लार पुलिस ने शुक्रवार को कोलकाता की अदालत में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। टीवीएस क्रेडिट कंपनी से लोन लेने के बाद रुपये का गबन कर लिया गया। इस मामले में पश्चिम बंगाल की कोलकाता में उपनगर के हियुवा के पूर्व जिला मंत्री व उपनगर के पिपरा चौराहा के रहने वाले अरुण सिंह व उनके बेटे रिपुदमन सिंह के विरुद्ध कोलकाता न्यायालय ने वारंट जारी किया था। गुरुवार को लार पुलिस ने बाप-बेटे को गिरफ्तार किया तो अरुण सिंह की हालत बिगड़ गई। उपचार के बाद शुक्रवार को पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। (जासं)

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बिहार प्रांत के पहड़पुर गांव निवासी नितेश सिंह पुत्र स्व. मुरली सिंह को बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद काफी दिनों से फरार चल रहा था। कोतवाल टीजे सिंह ने बताया कि काफी दिनों से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय भेज दिया। संवाद

## दो के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

तरकुलवा। एक सप्ताह पहले नगर पंचायत कस्बा में एक व्यक्ति से मारपीट करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस दो आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के विवेक प्रताप सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि वह 14 सितंबर को तरकुलवा गए थे। अपराह्न 2:45 बजे के करीब दो लोगों ने उनको मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने सिसवा गांव के उदयभान यादव व रामपुर कारखाना के शामपुर के रामबेलास चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## बस परिचालक से मोबाइल झपट कर भागे

बरहज। नगरपालिका कार्यालय के पास देवरिया मार्ग पर शुक्रवार की शाम उचक्कों के एक प्राइवेट बस के परिचालक देईडीहा गांव निवासी धर्मेंद्र तिवारी से मोबाइल झपट कर भागने का मामला सामने आया है। नगरपालिका कार्यालय के पास बस में सवारी बैठा रहे थे। बस में पहले से सवार तीन युवक मौके का फायदा उठाते हुए उनसे मोबाइल छीनकर भाग निकले। संवाद

## मारपीट के आरोप में आधा दर्जन लोगों पर केस

चनुकी। दो सप्ताह पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। लार कस्बा के बौली वार्ड निवासी रामपुकार राजभर से गांव के सतेंद्र राजभर आदि लोगो ने किसी बात को लेकर दो सप्ताह पहले मारपीट हो गया था। इस घटना में राम पुकार घायल हो गये थे। घायल व्यक्ति ने गांव के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को सतेंद्र व जितेंद्र सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। संवाद

## चंदा मांग रहे लोगों को संदेह में पुलिस को सौंपा

भाटपाररानी। भिंडा मिश्र में बाइक सवार चंदा मांग रहे आधा दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने चोर होने के शक में पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर उन्हें पुनः इस क्षेत्र में न आने की बात कह कर छोड़ दिया। यज्ञ और मंदिर बनवाने के नाम पर चंदा मांग रहे थे। जब घरों के अंदर तक जाकर जबरदस्ती चंदा मांगने लगे तो भड़के ग्रामीणों ने उनको पकड़कर चोर होने के संदेह में पुलिस को सौंप दिया। संवाद

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

तरकुलवा। बृहस्पतिवार की देर रात में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुशीनगर जनपद के कसया कस्बा निवासी विमल सिंह (61) पुत्र सूर्यदेव सिंह किसी काम से देवरिया गए थे। वहां से लौटते समय वह कंचनपुर चौराहे के पास पहुंचे थे। इसी बीच सामने से आ रहे पथरदेवा निवासी पन्नेलाल (36) पुत्र परदेसी की बाइक में आमने-सामने टकरा गईं। संवाद

## कुर्ना नाले से व्यक्ति का शव बरामद

पैकौली। सुरौली थाना क्षेत्र के कोईलगढहा स्थित कुर्ना नाले से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस शिनाख्त में जुटी है। सुरौली थाना क्षेत्र के कोइलगढहा के पास कुर्ना नाले में सुबह मछली मारने गए मछुआरे ने एक व्यक्ति का शव देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराने का प्रयास की। संवाद

## ढाई माह से युवक लापता, केस दर्ज

खुखुंदू। अहिरौली गांव निवासी एक 25 वर्षीय युवक ढाई माह से लापता है। परिजन आस-पास और रिश्तेदारी में खोजबीन किए। जब कहीं पता नहीं चला है तो शुक्रवार को मां थाने पहुंच तहरीर दी है। अहिरौली गांव निवासी सदरु नेशा का बेटा आश मोहम्मद (25) घर पर ही रहता था। बीते माह 4 अगस्त को वह घर से अचानक कहीं लापता हो गया। संवाद

## डांट से क्षुब्ध बेटे ने खाया जहरीला पदार्थ

तरकुलवा। रामपुर धौताल गांव का रहने वाला अरबाज खान (22) को बृहस्पतिवार की देर शाम में पिता फेकू खान ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने घर में रखे हुए किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उसको लेकर सीएचसी तरकुलवा पहुंचे। संवाद

# अनाज की कालाबाजारी में दुकान निलंबित, महिला कोटेदार पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## ग्राम पंचायत भरहेचौरा का मामला

**भटनी।** ग्राम पंचायत भरहेचौरा की महिला कोटेदार के विभिन्न योजनाओं के कार्ड धारकों में अनाज कम वितरित करते हुए कालाबाजारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

नायब तहसीलदार व अन्य की जांच रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर आपूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के विरुद्ध थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अनाज कालाबाजारी किए जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। शुक्रवार को एसडीएम सलेमपुर ने महिला कोटेदार की दुकान निलंबित कर दिया है।

ग्राम पंचायत भरहेचौरा गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य अजित सिंह ने गांव की ही महिला विक्रेता माधुरी देवी के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की है। इसमें बताया कि कोटेदार हर महीने राशन वितरण में पात्रों के मानक के अनुसार दस किलों कम राशन देती है। साथ बचे राशन की कालाबाजारी कर जेब भरती है। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार सलेमपुर व पूर्ति निरीक्षक भटनी की टीम ने 29 अगस्त को मौके पर पहुंच प्रकरण की जांच की तो दुकान में बिना राशन बांटे स्टॉक में 16 क्विंतल राशन कम पाया गया।

साथ ही पंचायत भवन पर टीम ने करीब 165 कार्ड धारकों का बयान लिया, जिसमें सौ से ऊपर लोगों ने हर महीने दस किलों कम राशन देने, ई केवाईसी के नाम पर पचास रुपये लेने और चीनी कभी नही देने की बात कही गई। वही जांच के दौरान टीम के साथ विक्रेता व उसके परिजनों ने अभद्रता भी किया।

आपूर्ति निरीक्षक दुर्गा नंद यादव ने भटनी थाने में महिला कोटेदार के विरुद्ध धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया। प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर को भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रतापपुर। श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात गश्त के दौरान एक लक्जरी वाहन से बिहार ले जाई जा रही सात पेटी अवैध अंग्रेजी शराब प्रतापपुर चीनी मिल परिसर स्थित हदहदवा भवानी के पास बरामद किया।

साथ ही शराब तस्कर को पकड़ा। उसकी पहचान छपरा जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के दुधौला कृषि फार्म निवासी रणधीर कुमार पुत्र महेश राय के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर ने बताया है कि मुकदमा पंजीकृत का पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शराब की कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी जा रही है।



अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी। स्रोत पुलिस

# पत्नी से नाजायज संबंध की आशंका में दोस्त ने ही की थी चंदन की हत्या

## दावत के बहाने बुलाकर दो दोस्तों के साथ दिया हत्याकांड को अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। अमौनी गांव के रहने वाले युवक चंदन की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पत्नी से नाजायज संबंध की आशंका में एक थाली में खाना खाने वाले दोस्तों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मामले में तीन आरोपियों को कत्ल करने के औजार के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दी, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमौनी निवासी घुरहू प्रसाद का बेटा चंदन गौतम 16 सितंबर की शाम आठ बजे अपने अकटहियां निवासी दोस्तों के बुलाने पर दावत खाने गया था। देर रात नहीं लौटने पर पुलिस को उसके गुमशुदगी की सूचना दी गई। 17 तारीख की सुबह अकटहियां गांव के स्कूल के पास उसका शव मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज



पुलिस की गिरफ्त में हत्या कांड के आरोपी। संवाद

कर मामले के खुलासे में लगी थी। पुलिस की फोरेंसिक टीम, एसओजी और स्थानीय पुलिस की जांच में हत्या के मुख्य आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से कत्ल के औजार केबल चढ़ी बिजली का डंडा और लकड़ी का डंडा बरामद किया गया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को नकटापार से गिरफ्तार किया है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी विजय कुमार सहित तीनों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अनुसार अटहियां गांव के टिकुलिहा टोले के रहने वाले विजय कुमार गौतम व उसका भतीजा विकास कुमार गौतम और उसी गांव का किशन कुमार राजभर, चंदन के जिगरी दोस्त थे। चंदन का विजय और विकास के घर आना जाना होता था।

चारों एक साथ मिलकर पेंट पालिश का काम भी करते थे। एक थाली में खाने वाले दोस्त विजय कुमार को शक हो गया कि उसकी पत्नी से चंदन का नाजायज संबंध है। इसी आशंका में उसने चंदन की हत्या की साजिश रच दी। अपने भतीजे विकास और गांव के किशन के साथ मिलकर 16 सितंबर की रात चंदन की हत्या कर दी। उन लोगों ने उसे एक दोस्त के घर दावत के बहाने बुलाया। स्कूल के पास निर्जन स्थान पर ले जाकर बिजली के केबल लगे रॉड और लकड़ी के डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी।

# हत्या के प्रयास का एक आरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के सरयां गांव की विधवा महिला को मारपीट कर अधमरा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है।

सरयां गांव निवासी देवंती देवी बेटी निशा कुशवाहा और आठ साल के बेटे रामजी कुशवाहा को लेकर वह घर पर रहती है। बीते 12 सितंबर की दोपहर में देवंती देवी नरौली स्थित अपने धान की फसल की सिंचाई करा रही थी। इसी बीच गांव का एक युवक मौके पर पहुंचा और उन्हें बुलाकर मारने पीटने लगा। तभी गांव के कुछ और युवक आ पहुंचे। आरोप था कि युवक देवंती देवी का गला दबाकर जान लेने की कोशिश कर रहे थे।

इस दौरान वह अचेत होकर गिर गई तो मरा समझ भाग निकले। पुलिस ने एक सप्ताह बाद वृहस्पतिवार को देवंती देवी की तहरीर पर तीन भाई देवेंद्र कुशवाहा, विरेंद्र कुशवाहा, शैलेंद्र कुशवाहा और अरविंद पुत्र रामदुलार के खिलाफ हत्या के प्रयास में केस दर्ज किया। संवाद

# अंशु हत्याकांड के 11 माह बाद दो और आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना के ग्राम सुंदरपार भटवलिया की युवती अंशु कुमारी हत्याकांड में घटना के 11 माह बाद पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बेचू प्रसाद पुत्र रामरक्षा और जवाहर प्रसाद पुत्र भोला प्रसाद निवासी ग्राम सुंदरपार भटवालिया को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। हत्याकांड का एक आरोपी विजय कुमार उसी समय से जेल में बंद है। हत्याकांड में कुल पांच आरोपी विजय पुत्र बेचू प्रसाद, बेचू पुत्र राम रक्षा, जवाहर पुत्र भोला, रानू पुत्र जवाहर और सतीश पुत्र विजय हैं। अभी भी दो आरोपी रानू और सतीश फरार हैं। मृतक अंशु कुमारी की मां मुन्नी देवी ने बताया है कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पिछले 11 माह से वह पुलिस अधीक्षक, डीआईजी और आईजी गोरखपुर, डीजीपी लखनऊ से गुहार लगा रही थी। बता दें कि अंशु कुमारी 20 की एक अक्तूबर 2023 को रक्षाबंधन के दिन हत्या करने के बाद बदमाशों ने हाथ पैर रस्सी से बांधकर रेल ट्रैक पर ले जाकर बिहार की सीमा में रख दिया था।

# फर्जीवाड़ा करने के मामले में निजी स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार, मिली जमानत

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को रजिस्ट्री कार्यालय के पास से एक निजी स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि प्रबंधक व गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान समेत कई लोगों ने एक दशक पूर्व एक व्यक्ति से जमीन का एग्रीमेंट कराने की बात कह करीब पांच बीघा पैतृक जमीन फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने डीएम दिव्या मित्तल के निर्देश पर 8 सितंबर की रात निजी स्कूल के प्रबंधक व गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान समेत सात लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान विवेचक ने धारा बढ़ोतरी कर शुक्रवार सुबह निजी स्कूल के प्रबंधक गिरिजेश मिश्रा को रजिस्ट्री कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, हालांकि उसने जमानत ले लिया।

कोतवाल टीजे सिंह ने बताया कि जालसाजी कर जमीन हड़पने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य छह आरोपियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# लहूलुहान हालत में पॉक्सो के आरोपी का वीडियो वायरल, दो हिरासत में

## दो लोगों पर अपहरण कर चाकू से गोदने का लगाया आरोप, मोबाइल बंद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकौली (देवरिया)।** सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी गांव निवासी एक युवक का खून से लथपथ हालत में सोशल मीडिया पर वीडियो बृहस्पतिवार रात से वायरल है। वीडियो में युवक रोते हुए दो लोगों पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगा रहा है। शुक्रवार सुबह इस मामले में युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर अपहरण कर हमला करने का केस दर्ज पर उन्हें हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि युवक पर आरोपियों के परिवार की एक किशोरी को भगाने के मामले में पॉक्सो के तहत केस चल रहा है।

कतरारी गांव निवासी अमन कश्यप (25) पुत्र स्व. संजय निषाद का बृहस्पतिवार रात में एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें वह खून से लथपथ हालत में रो रहा है। वीडियो में वह दो लोगों का नाम लेते हुए चाकू मार कर लहूलुहान करने की बात कह रहा है। इधर शुक्रवार सुबह अमन की मां कमलावती देवी ने सुरौली थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के अनुसार, अमन कतरारी चौराहे पर सामान लेने गया था। शाम करीब सात बजे दो लोग तीन अज्ञात लोगों के साथ चार पहिया वाहन से पहुंचे और अमन को जबरन वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे जंगल में ले जाकर चाकू मार कर घायल कर दिया। अमन किसी तरह जंगल में भागा और रात करीब 9 बजे एक वीडियो बनाकर उन्हें ह्वाट्सएप पर भेजा। वीडियो देखने के बाद उन्होंने जब उसे फोन किया तो मोबाइल बंद बताने लगा। उसकी काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। मां की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। उधर, रात से ही युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**गौरीबाजार में मिली युवक की लोकेशन :** युवक की मां की तहरीर के बाद सुरौली पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस एसओजी व सर्विलांस की मदद से युवक की खोजबीन में जुट गई है। टावर लोकेशन खंगाला तो रात में 9 बजे के आसपास उसके मोबाइल की लोकेशन गौरीबाजार क्षेत्र में मिली। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया।

**एक-दूसरे से बात करते थे युवक व किशोरी :** अमन की मां के अनुसार, उनके बेटे का 16 साल की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब डेढ़ वर्ष पहले अमन किशोरी को लेकर फरार हो गया था। इसके बाद उन्होंने उसे बुलाकर पुलिस के हवाले किया था। इसके बाद भी अमन और वह किशोरी बातें करना नहीं छोड़े थे। किशोरी के घरवालों ने उससे मोबाइल छीन लिया था। अमन ने अपने घर से एक मोबाइल फोन किशोरी को दिया था और बातें करता था। इसकी जानकारी हुई तो पंचायत बुलाई गई। दोनों को जमकर फटकार लगाते हुए एक-दूसरे से दूरी बनाने व कभी बात नहीं करने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद उन्होंने अमन की शादी तय कर दी थी।

### किशोरी की मां ने एसपी से लगाई गुहार

कतरारी गांव निवासी युवक का लहूलुहान हालत में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसकी मां की तहरीर पर आरोपी चाचा-भतीजे को हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक आरोपी की पत्नी ने एसपी संकल्प शर्मा को दिए गए पत्र में कहा है कि अमन कश्यप पर उनकी नाबालिग बेटी को भगाने का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले में पुलिस ने अमन को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। उसी मुकदमे से बचने के लिए अमन, उसकी मां कमलावती आदि मेरी पुत्री को मोबाइल फोन उपलब्ध कराते हुए बात कर रहे थे। मेरी पुत्री पर भाग चलने का दबाव बना रहे थे। नहीं भागने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी भी दे रहा था। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

# पांच साल के मासूम का अपहरण, बस अड्डे से बरामद

## बच्चे को लेकर बिहार के सिवान पहुंच गया था आरोपी, पुलिस पहुंची तो वापस देवरिया भाग आया, लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** सुरौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया कुटी में बृहस्पतिवार रात घर के बाहर माता-पिता के साथ सो रहे पांच साल के एक मासूम का अपहरण कर लिया गया। बताया जा रहा है कि पड़ोस के गांव के एक युवक ने बेचने की नीयत से बच्चे का अपहरण किया था।

भोर में जब घरवालों की नींद खुली तो बच्चे को न देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर दो महिलाओं और दो किशोरों समेत छह को हिरासत में ले लिया और बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

बाद में एक महिला को पुलिस ने छोड़ दिया। फुलवरिया कुटी के रहने वाले राजेंद्र राजभर मजदूरी करते हैं। करीब दो वर्ष से वह परिवार के साथ कतरारी-सुरौली मार्ग पर स्थित हरैया गांव में एक दुकान किराए पर लेकर उसी में रहते हैं। बृहस्पतिवार रात सभी घरवाले दुकान के आगे बरामदे में सो रहे थे। रात में करीब दो बजे डेढ़ वर्षीय पुत्र सत्यम रोने लगा तो राजेंद्र की नींद खुली तो देखा कि तीन पुत्रों में दूसरे नंबर का बेटा अजीत (5) गायब था। बच्चे को न देख उन्होंने पत्नी रेखा को जगाया।

इसके बाद दोनों अजीत की खोज करने लगे। अजीत का कही



अपहृत बच्चा बरामद होने के बाद अपनी मां की गोद में। संवाद

पता नहीं चला तो राजेंद्र ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर चार बजे भोर में पुलिस पहुंची।

इसके बाद घटना की जानकारी लेकर बच्चे की खोज में जुट गई। पुलिस ने राजेंद्र के घर से महज कुछ दूरी पर एक मकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो बहोरवा के गुड्डू पासवान सड़क से होकर गुजरता दिखा। इस पर पुलिस ने गुड्डू व एक महिला को उठा लिया। पूछताछ करने पर गुड्डू ने बच्चे को उठाने की बात बताते हुए गांव के ही रोशन विश्वकर्मा को देने की बात कही। इसके बाद पुलिस रोशन के मोबाइल की लोकेशन लेते हुए उसकी तलाश में लग गई।

**वाहन से लेकर पहुंचा सिवान, पुलिस पहुंची तो ट्रेन से भाग आया देवरिया :** बताया जा रहा है कि रोशन अजीत को गुड्डू से लेकर एक खेत



अपहरण के मामले में गिरफ्तार दो आरोपी। संवाद

में ले गया। इसके बाद बगल गांव के ही एक बोलेरो मालिक को फोन किया और बिहार के सिवान जाने के लिए बुक किया। इसके बाद रोशन बच्चे को लेकर बोलेरो से सिवान के लिए रवाना हो गया। चालक जब सलेमपुर पहुंचा उसे मामला संदिग्ध लगा तो बच्चे के साथ रोशन को नीचे उतार दिया और बोलेरो लेकर चला आया। वहां से रोशन दूसरे वाहन से सिवान निकल पड़ा।

विान में वह नवलपुर में अपने रिश्तेदार के घर गया। इसी दरम्यान उसे सुरौली पुलिस के पहुंचने की सूचना मिली। वहां से वह बच्चे को लेकर ट्रेन से देवरिया के लिए निकल पड़ा। उधर, सुरौली पुलिस नवलपुर पहुंची तो रोशन को वहां नहीं पाया। वहां से पुलिस ने उसकी एक महिला रिश्तेदार और दो किशोरों को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की तो पता चला कि रोशन वापस देवरिया के लिए निकल गया है। इस पर पुलिस के साथ गए अजीत के एक रिश्तेदार ने गांव वालों को सूचना दी तब वे देवरिया स्टेशन पर रोशन का इंतजार करने लगे। ट्रेन के पहुंचने पर उसकी तलाश करने लगे। इसकी भनक रोशन को लग गई तो वह किसी तरह स्टेशन से निकल कर सिविल लाइंस रोड होते हुए बस स्टेशन पहुंच गया, लेकिन वहां पकड़ा गया और बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया।

### गुड्डू ने पहले पुलिस को घुमाया, फिर बच्चे का अपहरण कर रोशन को सौंपने की बात स्वीकारी

सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस के हत्थे चढ़े गुड्डू पासवान ने पहले इस घटना से अनभिज्ञता जताई। जब पुलिस ने कड़ाई दिखाई तो उसने बच्चे का अपहरण कर गांव के रोशन विश्वकर्मा को सौंपने की बात स्वीकारी। इसके बाद पुलिस रोशन के नंबर को ट्रेस करने लगी। एसओजी व सर्विलांस की मदद से पुलिस ने रोशन की तलाश शुरू की। पुलिस काफी एहतियात बरत रही थी कि रोशन को भनक न लगे और बच्चे को कोई खतरा न हो। सुरौली पुलिस तत्परता दिखाते हुए सिवान जिला मुख्यालय पहुंची। वहां की नगर थाने की पुलिस से सहयोग लिया। सिवान नगर इंस्पेक्टर सुदर्शन राम के साथ नवलपुर मोहल्ले में छापेमारी की, पुलिस के पहुंचने से पहले रोशन को ट्रेन से देवरिया के लिए भाग निकला था। पुलिस वहां मौजूद दो किशोर व एक महिला को हिरासत में लेकर सुरौली थाने चली आई।

### दो दिन पूर्व बेटे के बदले दे रहे थे 50 हजार रुपये

पांच वर्षीय मासूम का अपहरण होने के बाद उसके पिता राजेंद्र राजभर ने बताया कि दो दिन पहले गुड्डू पासवान व रोशन विश्वकर्मा उसके पास पहुंचे थे। दोनों ने कहा कि एक रिश्तेदार हैं, उनका कोई है नहीं। तुम अपने एक बच्चे को दे दो, बदले में 50 हजार रुपये रख लो। तुम्हारे बेटे को वे लोग राजा की तरह पालन-पोषण करेंगे। मैंने नाराजगी जाहिर की तो दोनों ने कहा कि नहीं देना है मत दो, गुस्सा क्यों हो रहे है। मुझे क्या पता था कि दोनों मेरे बच्चे का अपहरण कर लेंगे।

बच्चे का अपहरण कर बेचने की सूचना पर पुलिस एकदम से अलर्ट हो गई। पुलिस एसओजी व सर्विलांस की मदद लेते हुए आरोपी युवक के पीछे लग गई। जैसे-जैसे लोकेशन मिलती गयी पुलिस टीम आगे बढ़ती गई। पुलिस ने आरोपी को देवरिया बस स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने बच्चे को बेचने की नीयत से उठाने की बात स्वीकारी है। **-आदित्य कुमार**, सीओ, बरहज

# खड़ंजा और नाली की ईंट उखाड़ने वालों के खिलाफ दर्ज होगा केस

**सलेमपुर।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या छह में एक दशक पूर्व बना खड़जा एवं नाली को वार्ड के मनबढ किस्म के कुछ लोगों ने तोड़कर रास्तें में चबूतरा व कटरैन डाल कब्जा कर लिए है। अब स्थिति है कि आम लोगों का आना जाना इस रोड से दुस्वार हो गया है। इस मामलें को एसडीएम ने संज्ञान में लेते हुए मौके पर राजस्व टीम भेजकर जांच कराई। एसडीएम ने कहा कि खड़जां उखाडने वालों के विरुद्ध केस दर्ज होगा। नगर पंचायत के वार्ड छह पूर्वी इचौना में जय प्रकाश मिश्र के मकान से प्रेम वर्मा के मकान तक एक दशक पूर्व नगर पंचायत के द्वारा खड़ंजा निर्माण कराया गया है। दस साल तक रास्ता चलने व लोगों के जल निकासी के बाद मुहल्ले के कुछ लोगों ने खड़जा व नाली के ईंट को उखाड़कर ईंट को अपने निजी कार्य में लगा दिया है। वार्ड सदस्य अशोक गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड के लोगों ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव से मिलकर शिकायत की। संवाद

# 900 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**देवरिया।** बरियारपुर थाना क्षेत्र के राउतपार में मुखबिर की सूचना पर आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने छापेमारी कर राजू गुप्ता नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कुल 26 पुड़िया तथा प्लास्टिक के थैले में 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस बीच उसने भागने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। आबकारी टीम युवक से पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई की। संवाद

# घूस लेते बैंक मैनेजर व चपरासी को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

## देवरिया : लोन के नाम पर लिए थे 3500 रुपये, लखनऊ ले गई टीम

बरियारपुर(देवरिया)। बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर अवस्थी धुसवा के मैनेजर व चपरासी को शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने 3500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। रात करीब नौ बजे टीम बैंक मैनेजर व चपरासी को लेकर लखनऊ रवाना हो गई।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के लगड़ा गांव निवासी मनीष गुप्ता पुत्र रामभरोसा गुप्ता बैंक से ऋण लेने के लिए कई दिनों से चक्कर काट रहे थे। उनकी मुलाकात बैंक के चपरासी से हुई तो उसने 3500 रुपये देने पर बैंक मैनेजर से कह कर तुरंत लोन पास करवाने की बात कही। इसके बाद मनीष गुप्ता ने सीबीआई से संपर्क किया। सीबीआई शुक्रवार को बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर अवस्थी धुसवा के बाहर पहुंची। इसके बाद चपरासी को 3500 रुपये देकर बैंक के अंदर भेजा। बैंक में पहुंचते ही मनीष गुप्ता चपरासी अनूप को 3500 रुपये देने लगे। इसी दौरान सीबीआई टीम के दस से बारह लोग बैंक में पहुंचे और अनूप को रुपये लेते हुए पकड़ लिया। इसके बाद बैंक में मौजूद 20 से अधिक खाताधारकों को बाहर कर गेट अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद रात के 8:45 बजे बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर टीम बाहर निकली। इसके बाद बड़ौदा यूपी बैंक के मैनेजर प्रिंस जायसवाल और चपरासी अनूप को अपने साथ ले गई। सीबीआई के डीएसपी अमित राठी ने बताया कि बैंक मैनेजर के कहने पर घूस लेते हुए चपरासी गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# आग और भूकंप से बचाव के प्रति किया जागरूक

## जीआईसी एवं भारत पेट्रोलियम बैतालपुर डिपो में मॉक ड्रिल का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शुक्रवार को दिन के 11:30 बजे शहर के कोतवाली रोड में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दौड़ीं। जिन्होंने देखा पहले सबने यही समझा कि आगे इस मार्ग पर कहीं आग लगी है। कुछ देर में ही यह वाहन जीआईसी परिसर में तेजी से पहुंचे तो लगा कि विद्यालय में ही कोई घटना हुई है। हालांकि तेजी से उतरी टीम ने जब अपने कार्यों को अंजाम दिया तो पता चला कि आग व भूंकप से बचाने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए यह मॉक ड्रिल किया जा रहा है।

सबसे पहले टीम ने कलक्ट्रेट स्थित कंट्रोल कक्ष से आग के बारे में सूचना ली। इसके बाद टीम सुबह 11 बजे के करीब महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के मल्टीपरपज हॉल में पहुंची। वाहन से तेजी से उतरे अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की मदद से वहां पहुंच आग बुझाते हुए रेसक्यू कर लोगों को बचाने का उपक्रम किया। मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विभिन्न विभागों ने भाग लिया। इस दौरान अग्निशमन विभाग ने तेजी से आग पर काबू पाया और सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। अग्निशमन अधिकारी राजमंगल सिंह के नेतृत्व में अग्निश्मन कर्मियों, आपदा प्रबंधन टीम के आपदा मित्रों ने भी बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एएसडीएम हरिशंकर, सीएमओ डॉ. राजेश झा, सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा, डॉ. एसएस द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ डॉ. आरपी यादव, हरेंद्र, डॉ. सुधाकर सिंह, संजय शर्मा, अमित, राजू, अजय, गोविंद, राहुल आदि मौजूद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# फरार चल रहे तीन शातिर पकड़े गए

**कुशीनगर।** कोतवाली पडरौना की पुलिस टीम ने चोरी के मामले में फरार चल रहे तीन शातिरों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया है। तीनों को पुराना आपराधिक इतिहास है। पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि चोरों की पहचान राजकुमार य़ादव निवासी बिहार बुजुर्ग थाना तमकुहीराज, श्रवण कुमार साकिन पकड़ी बावन थाना अहिरौली बाजार व सुजीत शर्मा नवासी सुखपुरा बंगाली पट्‌टी थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई है।

# चोरी के मुकदमे में दो गिरफ्तार, रुपये बरामद

**कुशीनगर।** तरयासुजान पुलिस ने चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामध्यान पुत्र दुर्गा प्रसाद व सुरेन्द्र पुत्र इन्द्रेदव प्रसाद निवासी तिनफेडिया को चोरी के 1200 रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, दरोगा प्रिंस कुमार, महिपाल चौहान, सिपाही राकेश कुमार, लाल बाबू, बबलू प्रजापति व राहुल गुप्ता शामिल रहे।

# चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया

**पटहरेवा।** पटहेरवा डोल मेला से चोरी बाइक के संबंध में एक दिन पहले केस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को चोरी का सफल अनावरण करते हुए चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त फूलबदन यादव पुत्र स्व बैलिस्टर यादव निवासी लोहठहा थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी हरेराम सिंह यादव, दरोगा धीरेन्द्र वर्मा, सिपाही चन्दन चौहान व अलतमस शामिल रहे।

# हत्या के मुकदमे में वांछित तीन गिरफ्तार

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली की पुलिस ने गैर इरादतन हत्या व एससीएसटी के मुकदमे में वांछित धर्मेन्द्र यादव पुत्र स्व पारस यादव निवासी हरखौली थाना महुआडीह जनपद देवरिया, कल्पनाथ सिंह पुत्र स्व गणेश सिंह निवासी रामपुर बुजुर्ग थाना हाटा व राकेश सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी रामपुर बुजुर्ग थाना हाटा को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा अतुल तिवारी, गौरव राय व सिपाही पंचम यादव शामिल रहे।

# तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**सेवरही।** स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने चेंकिग के दौरान सुमही संतपट्टी पुलिया के पास सन्नी कुमार पुत्र प्रभुनाथ प्रसाद निवासी बेदुपार थाना तरयासुजान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, एसएसआई राजेन्द्र सिंह यादव, दरोगा संदीप वर्मा, मिथिलेश प्रजापति, सिपाही शुभम यादव, आदित्य प्रताप सिंह व किशन सिंह शामिल रहे।

# कड़ी सुरक्षा में लगा पटहेरवा का डोल मेला

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा व पटहेरिया का ऐतिहासिक महावीरी डोल अखाडे का मेला भारी भरकम पुलिस की मौजूदगी में बीता। मेले में पहले दिन बुधवार की रात कुछ उत्पाती युवकों ने अशांति फैलाने की कोशिश की। लेकिन उन्हें पुलिस के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा।

पुलिस ने मेले में मारपीट करने में सात व्यक्तियों को पकड़ कर शांति भंग में चालान किया। डोल मेले में चारो तरफ मौजूद भारी पुलिस फोर्स व पीएसी की मौजूदगी ने मनचलों को कंट्रोल करके रखा। इस बार मेले में डोल व आर्केस्ट्रा देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस ने डोल मेला पर चारों तरफ पैनी नजर बनाए रखा और



पटहेरवा के डोल मेले में उमड़ी भीड़।

सकुशल मेला सम्पन्न कराया। गुरुवार की रात नौ बजे के करीब आर्केस्ट्रा को बंद कराने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर नृत्य संगीत बन्द कर दिया।

पटहेरवा महावीरी डोल मेला में बिहार प्रदेश से चर्चित आर्केस्ट्रा मंडली का आगमन हुआ था। डोल नंबर छह के आयोजकों के साथ उत्पाती तत्वों ने हमला किया लेकिन उनको पुलिस ने खदेड़ दिया। जबकि महावीरी आखडा नंबर पांच में भी एक सैनिक के साथ अराजक तत्वों ने मारपीट की। आखडा नंबर तीन में स्टेज पर चढ़ने से मना करने पर एक युवक की पिटाई कर दी गयी। पुलिस ने हर मौके पर आयोजकों का सहयोग किया और अराजक तत्वों को खदेड़ा। आयोजन में पुरस्कार वितरण के समय पुलिस ने बल प्रयोग करते हुये सभी ऑकेस्ट्रा पार्टियों को शाम को आठ बजे ही बंद करके मेला को संपन्न घोषित कर दिया। आखड़ो के आयोजकों में मन्नू लाल गुप्ता, कपिल पाठक, हरेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधान बंधू प्रधान, संतोष मद्देशिया ने दर्शकों व प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

# प्रिंस की करतूत से गांव के लोग हैरान, परिजन बोले-जेल में ही रखे पुलिस

**गोरखपुर के बरहुआ में ननिहाल में ज्यादा समय रहता था आरोपी प्रिंस, साधारण तरीके से रहता था, किसी से नहीं था विवाद, 500 रुपये प्रतिदिन किराए पर ले गया था कार**

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। गोरखपुर के गीडा के बरहुआ में कार से रौंदकर छात्रा की हत्या का आरोपी हाटा कोतवाली के गनेशपुर गांव का निवासी प्रिंस यादव है। उसकी करतूत सुनने के बाद गांव के लोग हैरान हैं।

चूंकि, गांव में वह साधारण तरीके से रहता था। किसी से कोई विवाद भी नहीं है। ऐसे में कार से रौंदकर हत्या के मामले में उसका नाम आने के बाद लोग पहले तो यकीन नहीं कर रहे थे।

परिवार के लोग भी इस घटना से आहत हैं। परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया और कहा कि उसके गुनाहों की सजा मिलनी चाहिए। इसलिए पुलिस उसे जेल में ही रखे।

### गीडा के बरहुआ में कार से रौंदकर छात्रा की हत्या का आरोपी हैं प्रिंस



प्रिंस यादव।

सुकरौली नगर पंचायत के आंबेडकर नगर गनेशपुर निवासी प्रिंस यादव के पिता वीरेंद्र यादव खेती करते हैं। उम्र अधिक होने के कारण वीरेंद्र अक्सर बीमार रहते हैं। उनके तीन पुत्र और एक पुत्री है। किसी की अभी शादी नहीं हुई है।



सुकरौली क्षेत्र के गनेशपुर गांव स्थित आरोपी प्रिंस यादव का घर। संवाद

वीरेंद्र यादव का छोटा बेटा प्रिंस ज्यादातर ननिहाल गोरखपुर गीडा के बरहुआ में रहता था। जब भी वह घर आता तो गांव के लोगों के साथ मिल जुलकर रहता। ननिहाल में रहने के दौरान ही प्रिंस अंकिता के संपर्क में आ गया। दोनों के बीच बातचीत भी होती थी।

अंकिता की मां ने दोनों की शादी कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी गलत आदतों के कारण बात आगे नहीं बढ़ सकी। इसी बीच छात्रा की शादी तय हो गई, जिसके बाद उसने प्रिंस से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। बुधवार को 500 रुपये प्रतिदिन किराए पर कार लेकर प्रिंस गया था।

जब इस घटना की जानकारी परिजनों समेत उसके गांव गनेशपुर के लोगों को हुई तो सहसा उनको यकीन नहीं हो रहा था। गांव के लोगों का कहना है कि साधारण सा दिखने वाला लड़का इतना क्रूर कैसे हो सकता है। परिवार के लोग भी इस घटना से आहत हैं।

### भाड़े पर गाड़ी देकर पछता रहा राजीव

आरोपी प्रिंस ने जिस कार से रौंदकर छात्रा की हत्या की है, उस कार के मालिक को भी कोई जानकारी नहीं थी। कार मालिक राजीव प्रजापति ने बताया कि उनकी गाड़ी को प्रिंस भाड़े पर ले गया था। धाम पर जाने की बात कहकर उसने 500 रुपये एक दिन के हिसाब देने की बात कही थी। जब उसके घरवालों ने घटना की जानकारी दी तो पांव तले जमीन खिसक गई। भाड़े पर गाड़ी देने के बाद काफी पछतावा हुआ। कार मालिक राजीव ने बताया कि भाड़े पर कार चलाकर ही परिवार का राण-पोषण होता है।

**गनेशपुर गांव में पसरा है सन्नाटा** : कार से रौंदकर छात्रा अंकिता की हत्या के आरोपी प्रिंस यादव के गांव में शुक्रवार की सुबह सन्नाटा पसरा रहा। गांव के कुछ लोग चौराहे पर आपस में बातचीत तो कर रहे थे, लेकिन जब उनसे प्रिंस को लेकर बातचीत की कोशिश की गई तो वे कुछ भी बोलने से बचने की कोशिश करने लगे।

कुछ गांव वालों का कहना था कि प्रिंस का ज्यादातर समय उसकी ननिहाल में ही बीतता था। उसने ऐसी घटना को अंजाम दिया है, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। परिजन भी इस घटना से आहत हैं। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई को परिजनों ने सही मानते हुए कहा कि उसे उसके गुनाहों की सजा मिलनी ही चाहिए।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

पडरौना :सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को नगर के अंबे चौक के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। तीनों की पहचान राजकुमार यादव निवासी बिहार बुजुर्ग थाना तमकुहीराज, श्रवण कुमार निवासी पकड़ी बाभन थाना अहिरौली बाजार व सुजीत शर्मा निवासी सुखपुरा बंगालीपट्टी थाना पडरौना कोतवाली के रूप में हुई।

# किशोरी से छेड़खानी करने वाला आरोपित को जेल

कसया : कसया पुलिस ने शुक्रवार को नगर में हुए किशोरी से छेड़खानी के मामले में पीड़िता की तहरीर पर छेड़खानी, जान से मारने की धमकी सहित पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को जेल भेज दिया। आरोप है कि नगर में गुरुवार की रात नौ बजे किशोरी बर्गर खरीदने के लिए घर से जा रही बाजार में जा रही थी। श्रीराम जानकीनगर वार्ड निवासी फिरोज अंसारी ने छेड़खानी करने लगा। किसी तरह उसके चुंगल से निकलकर जान बचाई। घर पहुंचकर स्वजन से आपबीती बताई। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को न्यायालय भेजा गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नकदी के साथ दो चोर गिरफ्तार

तरयासुजान : पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के नकदी साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के बारे में सूचना मिली कि आरोपित तरया बैकुंठ में दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी तिनफेड़िया प्रिंस कुमार, एसआइ महिपाल सिंह व हमराही सिपाहियों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पुलिस पहुंची तो देखते ही दोनों भागने लगे जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया, जिनकी पहचान राम ध्यान और सुरेंद्र निवासी तिनफेड़िया तरयासुजान के रूप में हुई। बताया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक से न्याय दिलाने की मांग

कठकुइयां : कुबेरस्थान थाने के एक गांव की महिला ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की है। महिला का कहना है कि 11 सितंबर को मेरी बहू घर से कुछ पोखरे के किनारे बने शौचालय में गई थी। गांव का युवक शौचालय में घुस गया और मेरी बहू का मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। पुलिस ने दबाव डालकर तहरीर बदलवा दी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों पर मुकदमा

देवपोखर : तुर्कपट्टी थाना के सपही खास के सूर्यबल्ली प्रसाद ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण में वाद दाखिल कर बताया था कि वह उजारनाथ चौराहे के समीप स्थित गन्ना तौल केंद्र चीनी मिल सेवरही में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। 15 फरवरी 2024 को दिन में करीब 11 बजे ड्यूटी पर था। इस दौरान पकड़ी गोसाई के केदार सिंह, रिंटू सिंह समेत पांच लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पटहेरवा के डोलमेला का समापन

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : पटहेरवा-पटहेरिया का ऐतिहासिक दो दिवसीय महावीरी डोल अखाड़ा मेला गुरुवार की देर रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व कलाकारों के प्रदर्शन के साथ समापन हो गया।

हालांकि उत्पाती युवकों ने अखाड़ा में भरपूर अशांति फैलाने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस का कोपभजन का शिकार बनना पड़ा। वहीं पुलिस ने सात व्यक्तियों को मेला में अशांति फैलाने के लिए जेल भी भेजा, फिर बाद में पुलिस को डोल मेला बंद कराने के लिए दर्शकों पर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा, जो आयोजकों को खल गई और पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा। अखाड़ों के आयोजक मन्नू लाल गुप्ता, कपिल पाठक, हरेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधान बंधू, प्रधान संतोष मद्धेशिया आदि ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ फूलबदन यादव निवासी जंगल लुअठहा थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया है। एसओ हरेराम सिंह यादव ने बताया कि पटहेरवा डोल मेला से बाइक चोरी हो गई थी। इस मामले में पीड़ित बाइक स्वामी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को पटहेरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक बरामद कर ली। संवाद

## गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, एससी-एसटी आदि के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों धर्मेन्द्र यादव निवासी हरखौली थाना महुआडीह जिला देवरिया, कल्पनाथ सिंह व राकेश सिंह निवासी रामपुर बुजुर्ग कोतवाली हाटा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अतुल तिवारी, गौरव राय, कांस्टेबल पंचम यादव शामिल रहे। संवाद

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सुमही संतपट्टी पुलिया के पास से अवैध तमंचा व कारतूस के साथ सन्नी कुमार निवासी बेदुपार थाना तरयासुजान को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय आदि शामिल रहे। संवाद

## कड़ी सुरक्षा में देवी-देवताओं की झांकी निकाली

**पटहेरवा।** महावीरी डोल अखाड़े की तरफ से पटहेरवा और पटहेरिया में आयोजित ऐतिहासिक डोल मेला कड़ी सुरक्षा के बीच बृहस्पतिवार की रात संपन्न हो गया। इसमें हनुमान, भगवान शिव, श्रीराम दरबार समेत अन्य देवी देवताओं की झांकी निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग झूमते दिखे। बुधवार की रात से बृहस्पतिवार की रात तक आयोजित डोल मेले में इस बार छह अखाड़ों की तरफ से विविध आयोजन किए गए थे। लोगों के मनोरंजन के आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्तकियों ने फिल्मी गीतों के धुन पर नृत्य कर समां बांध दिया। संवाद

# चौकीदार से मारपीट के मामले में पांच पर केस

उजारनाथ। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही खास निवासी चौकीदार से मारपीट के मामले में पांच लोगों पर केस किया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

सपही खास के सूर्यबली ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट के यहां वाद दाखिल किया। बताया था कि वह उजारनाथ चौराहे पर गन्ना तौल केंद्र सुगर फैक्ट्री सेवरही में चौकीदार है। रिक्त समय में ठेला चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। 15 फरवरी 2024 को सुबह करीब 11 बजे वह तौल केंद्र पर ड्यूटी कर रहा था। केदार सिंह, रिंटू सिंह निवासी पकड़ी गोसाई ने पहले अपना गन्ना तौल कराने की कोशिश करने लगे। उसने लाइन से आने की बात कही, जो उन लोगों को नागवार लगी। वे मारपीट पर आमादा हो गए। लोगों ने बीच-बचाव किया। 16 फरवरी को उजारनाथ से सपही मोड़ पर केदार सिंह, रिंटू सिंह, प्रिंस सिंह, गुड्डू सिंह और हर्षवर्धन सिंह ने घेर लिया और उसे बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# छेड़खानी का केस दर्ज

कसया। नगर के एक वार्ड में बृहस्पतिवार की रात किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने मामले पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। नगर के एक वार्ड में बृहस्पतिवार की रात एक किशोरी को उसी वार्ड के एक युवक ने छेड़खानी करने लगा। संवाद

# युवक को चोर समझकर गांव वालों ने बनाया बंधक, पुलिस ने छुड़ाया

**गंगुआ बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी खुर्द गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार की रात गांव में घूम रहे युवक को चोर समझकर उसे बंधक बना लिया। गांव वालों ने इसकी सूचना डॉयल 112 को दी। करीब एक घंटे के बाद आई पुलिस ने युवक को मुक्त कराया और उसे गांव के बाहर छोड़कर चली गई। पुलिस के अनुसार युवक मानसिक दिव्यांग है।

इन दिनों क्षेत्र के गांवों में चोरों के घूमने की अफवाह जोरों पर है। परसौनी खुर्द गांव में बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े दस बजे 35 वर्षीय युवक संदिग्ध हाल में गांव में घूमता मिला। गांव के लोगों ने लाठी-डंडा लेकर उसे घेर लिया और बंधक बनाकर एक व्यक्ति के दरवाजे पर बैठा लिया। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना डॉयल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो युवक कुछ बोल नहीं पा रहा था। पुलिस के मुताबिक, युवक मानसिक दिव्यांग है। जबकि मौके पर मौजूद गांव के लोग युवक के चोर होने का दावा करने लगे। संवाद

# छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश के मामले में आरोपी पर केस

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर छात्रा से अश्लील हरकत व दुष्कर्म की कोशिश के मामले में पुलिस ने छेड़खानी, पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

छात्रा का आरोप है कि बुधवार की रात वह और उसकी भाभी ही घर पर थे। पुरुष सदस्य डोले मेले में गए थे। पड़ोस का युवक कमरे में दाखिल हो गया और मुंह दबाकर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर भाभी पहुंच गई और आरोपी युवक को पकड़ लिया। इस बीच धक्का देकर युवक भाग निकला। प्रभारी थानाध्यक्ष हरेराम यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

# पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

## एसपी के आदेश पर विशुनपुरा पुलिस ने की कार्रवाई

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुबौली गांव की विवाहिता ने एसपी को पत्र देकर ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और शादी में मिले सामान को जलने की शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुबौली गांव निवासी बसंत गुप्ता के पुत्र राहुल गुप्ता की शादी तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कोरया गांव में करीब डेढ़ साल पहले हुई है। राहुल की पत्नी ने एसपी को पत्र देकर बताया है कि ससुराल में पति, ससुर, सास समेत सात लोग उसके के साथ आए दिन मारपीट करते हैं। ससुराल पक्ष के लोग उसके पिता से दहेज की मांग करते हैं। उसने विशुनपुरा थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने विशुनपुरा एसओ को केस दर्ज करने का आदेश दिया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# एक पिकअप लहसुन पकड़ा

**पनियरा।** पनियरा नगर पंचायत के शांति नगर चौराहे के पास शुक्रवार की दोपहर में पुलिस ने एक पिकअप लहसुन पकड़ा। लहसुन लदा वाहन मुजुरी की तरफ जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि लहसुन लदे पिकअप को थाने लाया गया है और जीएसटी काउंसिल को सूचना दी गई है। लहसुन चाइनीज है या लोकल? यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# अपहरण मामले में दो पर केस

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव से दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर नेपाल ले जा रहे दो युवकों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज हुआ है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के ही दो युवकों द्वारा दो किशोरियों को नेपाल ले जाया जा रहा था। सोनौली बार्डर पर एसएसबी टीम ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद कोल्हुई पुलिस चारों को अपने साथ थाने ले आयी थी।

इस मामले में किशोरियों के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक सद्दाम व फिरोज के खिलाफ 137(2), 87 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया। एसओ सत्येंद्र रॉय ने बताया कि पकड़े दो आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया है।

# आपराधिक मामलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनाया फैसला

महराजगंज, निज संवाददाता। न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने बृजमनगंज व पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के दो-दो आपराधिक मामले में अभियुक्तों के खिलाफ एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा व जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया है। इसके अलावा अर्थदंड भी लगाया गया है।

बृजमनगंज थानाक्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत करने के करीब 23 साल पुराने केस में अभियुक्त शंकर पुत्र नरायन निवासी विशुनपुर अदरौना के खिलाफ एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा व एक हजार का अर्थदंड लगाया है। चोरी के केस में अभियुक्त आशिक अली पुत्र भगेलू निवासी हरसहायपुर थाना बृजमनगंज के खिलाफ जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया है। पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र में वर्ष 1996 में जंगल से चोरी छिपे लकड़ी काटने के केस में अभियुक्त बनहा पुत्र सहदेव निवासी सूरपार नर्सरी के खिलाफ जेलमें बिताई गई अवधि की सजा व पैंतीस सौ रूपया जुर्माना लगाया है। घर में घुस मारपीट व धमकी के 1992 के केस में न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने अभियुक्तों को सजा सुनाई।

# नए एसओ ने कार्यभार संभाला

निचलौल। एसओ निचलौल देवेंद्र कुमार सिंह के गैर जनपद के लिए स्थानांतरण होने के बाद नए एसओ गौरव कन्नौजिया ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया।

उन्होंने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता पूर्वक फरियाद सुनकर निष्पक्ष न्याय दिलाया जायेगा। महिला संबंधित अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध और अपराधियों पर कड़ा अंकुश लगाया जाएगा। साथ ही आईजीआरएस, भूमि संबंधी विवाद का भी त्वरित निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में पगडंडी के रास्ते हो रहे तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# हत्या के मामले में पिता व दो पुत्रों को दस-दस साल की सजा

- 53-53 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया
- जिला व सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

महराजगंज, निज संवाददाता। चौक थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीन अभियुक्तों को दस-दस साल कासश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 53-53 हजार रुपया का अर्थदंड लगाया है।

अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पत्रावली के मुताबिक वर्ष 2014 का है। वादी बृजलाल चौहान पुत्र स्व. अवधू निवासी दुधराई कोठी टोला की तहरीर पर चौक पुलिस हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। डीजीसी ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने गवाहों की गवाही कराई।

पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अमेरिका चौधरी पुत्र रघुवीर चौधरी, रामकिशुन उर्फ रोगी पुत्र अमेरिका व परमेश्वर पुत्र बवाली पुत्र अमेरिका चौधरी को निवासी महेशपुर उर्फ बेलवा थाना निचलौल के खिलाफ दस-दस साल का सश्रम कारावास व 53 हजार-53 हजार रुपया का अर्थदंड लगाया है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**फैसला**

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने सुनाया फैसला
- निचलौल के रामचंद्रही टोला लेदी में 1 साल एक दिन पहले की घटना

महराजगंज, निज संवाददाता। निचलौल क्षेत्र के रामचंद्रही टोला लेदी में एक साल एक दिन पहले महज साइकिल पर हाथ रखने से धारदार हथियार से साढ़े पांच साल की मासूम बच्ची का गर्दन काटने के नृशंस केस में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या प्रथम ने अभियुक्त दीपक निवासी रामचंद्रही टोला लेदी निवासी के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

50 हजार रुपया का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**बच्चों के साथ पेड़ के नीचे खेल रही थी मासूम रिमझिमः** पत्रावली के मुताबिक निचलौल थाना क्षेत्र के लेदी में यह घटना 19 सितंबर 2023 की है। साढ़े पांच साल की मासूम बच्ची रिमझिम बच्चों के साथ गांव में एक पेड़ के नीचे खेल रही थी। उसी दौरान गांव का ही निवासी दीपक साइकिल से आया।

आरोप है कि खेलते दौरान रिमझिम आरोपित के साइकिल पर हाथ रख दी। महज इसी बात से खफा आरोपित ने धारदार हथियार से रिमझिम के गर्दन पर वार कर दिया। इससे स्वांस नली कट गई। गर्दन लुढ़क गया। रिमझिम की मां की तहरीर पर निचलौल पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय भेजा।

## हत्या के मामले सबसे कम समय में आया फैसला

मासूम बच्ची की हत्या ने अभी को झकझोंर दिया था। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित होने के बाद एसपी सोमेंद्र मीना ने अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कनविक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के लिए निर्देशित किया। इस केस में चार्जशीट दाखिल होने के बाद अभियोजन विभाग ने महज एक माह चौदह दिन में ट्रायल पूरा किया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने गवाहों की गवाही कराई। सभी पक्ष को सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या प्रथम ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत कोर्ट मोहरिर भगवान राम व पैरोकार हेड कांस्टेबल विजय यादव ने अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आग व भूकंप से बचाव को लेकर जागरूक हुए लोग

**भूकंप और अग्नि सुरक्षा को लेकर किया मॉकड्रिल, सुरक्षा के भी बताए गए तरीके, जागरूक हुए मरीज, तीमारदार और छात्र**

जागरण संवाददाता, महराजगंज : आपदा प्रबंधन के तहत भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला महिला अस्पताल और शहर के लिटिल फ्लावर स्कूल में विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनसीसी कैडेट, पीआरडी जवान, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, राजस्व विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने शामिल होकर आपदा के समय कैसे जान बचाई जाए इसका प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान महिला अस्पताल बिल्डिंग के सुरक्षित हिस्से में आग लगाकर उसे बुझाया भी गया और लोगों को बचाव के तौर-तरीकों के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीड़ और समुदाय को भूकंप से पहले, दौरान और बाद में सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना था। एनडीआरएफ टीम द्वारा लिटिल फ्लावर स्कूल महराजगंज में भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इमरजेंसी सेंटर की सूचना पर एनडीआरएफ और अन्य टीमें इंसिडेंट पोस्ट, स्टेजिंग एरिया और मेडिकल पोस्ट का निर्माण करते हुए अपना अभ्यास पूरा किया।



महिला अस्पताल में माक ड्रिल के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मी व भीड़ ● जागरण

इस अभ्यास में अग्निशमन विभाग ने लोगों को आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता और प्राथमिक उपायों की जानकारी दी। इस दौरान सदर एसडीएम रमेश कुमार, सदर कोतवाल मनोज कुमार राय, कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने बहुआर चौकी इंचार्ज को किया निलंबित

- विवेचना में लापरवाही के मामले में हुई कार्रवाई
- मामला संज्ञान में आने पर एसपी का सख्त रुख

**महराजगंज, निज संवाददाता।** इंडो-नेपाल बार्डर पर एसएसबी के साथ तस्करों के झड़प केस की विवेचना में लापरवाही पर बहुआर चौकी इंचार्ज बहुआर नीरज कुमार को एसपी सोमेन्द्र मीना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

निचलौल थाना क्षेत्र से जुड़े नेपाल बार्डर के समीप कुछ दिन पहले एसएसबी के साथ तस्करों ने झड़प कर दिया था। इस मामले में निचलौल थाना में केस दर्ज हुआ था। केस की विवेचना बहुआर चौकी इंचार्ज नीरज कुमार को सौंपी गई थी। आरोप है कि विवेचना के दौरान कुछ तस्करों का नाम केस से निकालने का प्रयास करने लगे। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने जांच कराई। इसके बाद बहुआर चौकी इंचार्ज नीरज कुमार को निलंबित कर दिया गया। एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि बहुआर चौकी इंचार्ज नीरज कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

# एसपी ने परेड में पुलिस कर्मियों की जांची फिटनेस

महराजगंज : पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को एसपी सोमेन्द्र मीना ने परेड की सलामी ली और पुलिस कर्मियों की फिटनेस की जांच की। इस दौरान उन्होंने परेड मार्चअप/ स्क्वाड ड्रिल कराया और निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 वाहनों, आरक्षी बैरक, एमटी शाखा, भोजनालय, शौचालय, रेडियो शाखा, 112 कंट्रोल रूम, डीसीआर कक्ष, गणना कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस, कैंटीन, अर्दली रूम को देखा। (जासं)

# खड़ी ट्रकों का पुलिस ने काटा चालान

कोल्हुई : कोल्हुई थाना की पुलिस गुरुवार देर रात में सड़क किनारे खड़ी दर्जनों ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई कर लगभग 22,000 रुपये वसूला। नेपाल जाने वाली ट्रक कोल्हुई से लेकर सोनौली बार्डर तक नो पार्किंग जोन में सड़क किनारे शाम से ही खड़ी रहती है। जिससे मार्ग दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।जैसे-जैसे ट्रकों की कतार कम होती है उसी अनुसार यह ट्रक दो से तीन दिन में सोनौली कस्टम पहुंचकर अपना कागज क्लियर कराकर नेपाल के लिए रवाना होती है। (जासं)

# दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा

कोल्हुई : कोल्हुई थाना क्षेत्र के गांव से दो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसला कर नेपाल ले जा रहे दो युवकों पर अपहरण का केस दर्ज हुआ है। बार्डर पर एसएसबी टीम द्वारा पकड़ लिया गया था। जिसके बाद कोल्हुई पुलिस चारों को अपने साथ थाने ले आई थी। इस मामले में किशोरियों के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक सद्दाम व फिरोज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने बताया कि पकड़े दो आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया है। (जासं)

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 28 वाहनों के चालान काटे

- ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में हुआ वाहनों का चालान
- ओवरस्पीड और नशे में वाहन न चलाने की दी नसीहत

जागरण संवाददाता, आनंदनगर: फरेंदा पुलिस ने गुरुवार की रात यातायात नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने वाहनों का चालान काटने के साथ ही यातायात नियमों के पालन का भी पाठ पढ़ाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर वाहनों की चेकिग की, जिसमें 28 वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस ने रात आठ बजे से उत्तरी व दक्षिणी बाइपास, छतरी चौराहा सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 28 चार पहिया वाहनों के चालान काटे गए। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट व दोपहिया में हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। ओवर स्पीडिग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल व ईयर फोन प्रयोग न करने और नशे में वाहन नही चलाना चाहिए।



फरेंदा कस्बे में मालवाहक ट्रकों की जांच करती पुलिस • जागरण

# बालिका की हत्या में एक को आजीवन कारावास

जागरण संवाददाता, महराजगंज : निचलौल थाना क्षेत्र के रामचंद्रही टोला लेदी में एक वर्ष पूर्व 19 सितंबर को साइकिल छूने से नाराज आरोपित दीपक ने छह वर्षीय मासूम बच्ची की गला काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने आरोपित को दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र के रामचंद्रही गांव टोला लेदी निवासी संगीता की छह वर्षीय बेटी रिमझिम अन्य बच्चों के साथ 19 सितंबर 2023 को पेड़ के नीचे खेल रही थी। उसी समय गांव का ही रहने वाला दीपक वहां साइकिल लेकर आ पहुंचा। खेल-खेल में बच्ची ने उसके साइकिल को हाथ लगा दिया था। जिससे आक्रोशित आरोपित ने हाथ में धारदार हथियार दबिया लेकर आया तथा मासूम रिमझिम का गला काट दिया। जिससे रिमझिम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपित मौके से भागने लगा और छत से कूदने के दौरान उसके दोनो पैर टूट गए जिसके बाद ग्रामीणों ने पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। मृतक की मां के तहरीर पर थाना निचलौल ने दीपक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। अपर सत्र न्यायाधीश पवन श्रीवास्तव ने अभिलेखीय साक्ष्यों व तथा अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष मिश्र व दलीलों को सुनने के बाद दीपक को उपरोक्त सजा सुनाई।

## हत्या के मामले में तीन को 10 वर्ष का कारावास

जासं, महराजगंज :10 वर्ष पूर्व भूमि विवाद को लेकर चौक थाना क्षेत्र के महेशपुर कबेलवा में हुई दिलीप की हत्या में जिला जज नीरज कुमार ने तीन आरोपितों को दोषी सिद्ध कर दिया है। आरोपितों में अमेरिका, रामकिशुन और परमेश्वर निवासी महेशपुर कबेलवा शामिल हैं। न्यायालय ने तीनों को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 53 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। पत्रावली के अनुसार, ग्रामवासी ओमप्रकाश ने 15 डिस्मिल जमीन बैनामा के जरिए खरीदी थी, जो अमेरिका चौधरी के मकान के पास स्थित थी। अमेरिका चौधरी ने इस जमीन के दो डिस्मिल हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया था, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच मुकदमा चल रहा था। इस मामले में बृजलाल चौहान, जो कि उस विवाद में गवाह थे, अमेरिका चौधरी और उसके परिवार के निशाने पर थे। घटना 13 नवंबर 2014 की शाम की है, जब अमेरिका चौधरी, रामकिशुन और परमेश्वर ने बृजलाल चौहान को गालियां दीं और मारपीट की। बृजलाल का बेटा दिलीप जब बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे घायल कर दिया। दिलीप को निचलौल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। बृजलाल चौहान की तहरीर पर चौक थाने में मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने अमेरिका चौधरी, रामकिशुन और परमेश्वर के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा चलाया।

# पिकअप पर लदा 60 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद

महराजगंज। थाना पनियरा में पुलिस ने शुक्रवार को करमहिया नहर चौराहे पर पिकअप से 60 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद किया। वाहन को सीजकर चालक सहित थाने लाया गया। बरामद लहसुन को कस्टम निचलौल के सुपुर्द कर दिया।

उप निरीक्षक अख्तर आलम और उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव को मुखबिर से सूचना मिली की करमहिया नहर चौराहे के रास्ते से पिकअप से चाइनीज लहसुन आ रहा है। मौके पर घेराबंदी करके पिकअप को पकड़ लिया गया। पुलिस पिकअप को थाने ले गई। जहां पर कस्टम विभाग को सूचना देकर पिकअप को उसके हवाले कर दिया। एसडीएम सदर रमेश कुमार ने बताया कि चाइनीज लहसुन लदे पिकअप को पनियरा थाना क्षेत्र के करमहिया नहर पर पुलिस कर्मियों ने पकड़ा है। चालक रजनीश दूबे निवासी डिंगही थाना ठूठीबारी को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया। संवाद

# चीनी, चावल नेपाल पुलिस ने किए बरामद

**भैरहवा।** शुक्रवार को नेपाल के मजगामा थाना क्षेत्र के भैरहवा में चीनी, चावल डंप किया गया था। डीएसपी मनोहर प्रसाद भट्ट ने बताया कि मुखबिर कि सूचना पर रूपनदेही पुलिस ने सिद्धार्थनगर वार्ड नंबर छह शुगर मिल के पास 78 बोरी चीनी, 108 बोरी चावल बरामद किया है। कार्रवाई के लिए भैरहवा भंसार कार्यालय को सौंप दिया गया। संवाद

# विद्यालय में चोरी करने का आरोप

**मिठौरा।** सिंदुरिया क्षेत्र के ग्राम सभा परसाचक गोबरही स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश शर्मा ने विद्यालय में चोरी करने का आरोप लगाया है। सर्वेश की तहरीर के अनुसार परसाचक गोबरही में विद्यालय बंद होने के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने विद्यालय परिसर में घुसकर खिड़कियों के लोहे, रैंप की रेलिंग काट दिया। परिसर में ही गांजा व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है। थाना प्रभारी सिंदुरिया अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिंदुरिया।** स्थानीय पुलिस ने 20 टेट्रा पैकेट देसी शराब के साथ हथियागढ़ निवासी सोनू साहनी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में चालान कर दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने दी। संवाद

# बच्ची के हत्यारे को उम्रकैद 50 हजार जुर्माना भी लगा

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक महराजगंज पवन कुमार श्रीवास्तव ने हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत से

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, संगीता देवी पत्नी गणेश निवासी लेबी थाना निचलौल महराजगंज ने स्थानीय पुलिस को 19 सितंबर 2023 को प्रार्थना पत्र दिया था कि मेरी साढ़े पांच वर्षीय बेटी रिमझिम गांव के बच्चों के साथ पेड़ के नीचे खेल रही थी।

**सितंबर 2023 का मामला**

उसी समय गांव का दीपक पुत्र कालीचरण बिना किसी कारण के बच्चों के पास पहुंच और दतिया हसिआ से रिमझिम के गरदन पर वार करके अलग कर दिया, जिसमें मौके पर रिमझिम की मौत हो गई थी।

बच्चों के शोर शराबा पर गांव के लोग पहुंचे। तब तक आरोपी अपने घर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने पत्रावली पर साक्ष्यों के आधार पर यह सजा सुनाई है।

## हत्या में तीन को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास

महराजगंज। न्यायालय सत्र न्यायाधीश महराजगंज नीरज कुमार ने हत्या में तीन दोषियों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 53-53 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन के अनुसार, बृजलाल चौहान ने 13 नवंबर 2014 को प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके घर के पास ही अमेरिका पुत्र रघुवीर का मकान है, जो महेशपुर उर्फ कवेलवा थाना निचलौल में है। उनके गांव के ओमप्रकाश पुत्र महेश ने करीब डेढ़ माह पूर्व महेशपुर उर्फ कवेलवा निवासी बंधु पुत्र सुखराज ने 15 डिस्मिल जमीन बैनामा लिया था। वह जमीन अमेरिका के घर के पास है। उसमें से करीब दो डिस्मिल जमीन अमेरिका ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इसके अलावा और जमीन कब्जा कर लेना चाहते थे। ओमप्रकाश द्वारा न्यायालय में किए मुकदमा में वादी का नाम गवाही था। 13 नवंबर 2014 को अमेरिका और उसका बेटा गवाही की रंजिश में वादी और उसके परिवार के लोगों को गाली देने लगे। मना करने पर सभी एक राय होकर वादी मुकदमा मारने-पीटने लगे। जब उसको बचाने के लिए उसका बेटा दिलीप आया तो उसे भी मार पीटकर घायल कर दिया। दिलीप चौहान को उसके पिता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल ले गए जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया था। संवाद

# महिला अस्पताल में मॉक ड्रिल



जिला महिला अस्पताल में माक ड्रिल करते अग्निशमन कर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## विषम हालात में क्या करें क्या न करने की दी जानकारी

महराजगंज। आपदा कभी और कहीं भी आ सकती है। इस विषम परिस्थिति में घबराने की जगह संयम से काम लेने की जरूरत होती है।

क्योंकि, संयम के जरिए ही न सिर्फ आपदा से स्वयं बाहर निकला जा सकता है बल्कि अन्य लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। उक्त बातें अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने कही। शुक्रवार को उनकी देखरेख में जिला महिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा पर आधारित माक ड्रिल किया गया।

माक ड्रिल के जरिए लोगों को यह बताने का प्रयास किया गया कि आपदा जैसी विषम परिस्थितियों में लोगों को क्या करना है और क्या नहीं करना है। माकड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनसीसी, पीआरडी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायतीराज विभाग के लोग शामिल रहे।

# रुपये के लालच में गोरखपुर से नशीली दवा लेकर पहुंचे थे नेपाल

## सरहद पार कर नेपाली युवकों के साथ ले जा रहा था आगे, पुलिस ने तीन को पकड़ा था

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भैरहवा में नशीली दवा के साथ तीन युवक पकड़े गए थे। इनमें दो नेपाली युवकों के साथ नौतनवा का एक युवक शामिल रहा। पुलिस की पूछताछ में पता चला की नौतनवा के युवक ने गोरखपुर से दवा खरीदा था। उसे पगडंडियों से सरहद पार कर नेपाली युवकों के साथ आगे ले जा रहा था। नेपाल में बॉर्डर से जितनी दूर दवा पहुंचती है, उसका रेट भी उतना ही महंगा हो जाता है।

सूत्रों की माने तो सोनौली में नशीली दवा का इस्तेमाल करने बड़ी संख्या में नेपाली युवक आते थे। सीमा पर स्थानीय पुलिस की कड़ाई से ड्रग्स तस्करों ने अपना रास्ता बदल लिया है। अब इसे नेपाल के महानगरों तक सप्लाई की जा रही है। सीमावर्ती नगर कस्बा नौतनवा, भगवानपुर, ठूठीबारी और सोनौली समेत सीमाई इलाकों में नशीली दवा आसानी से मिल जाती है।

नशा के लिए कई ड्रग एडिक्ट फोर्टबीन और टीडीजेसिफ नामक इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं। डाइजेपाम, फेनारगन, न्यूफिन ये अलग-अलग ड्रग्स के इंजेक्शन हैं।

### आसपास के क्षेत्रों सहित नेपाल में करते थे सप्लाई

भैरहवा नेपाल पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी पिछले कई वर्षों से प्रतिबंधित धंधे में लिप्त थे। भारत नेपाल सीमा के समीप अवैध नशीली दवाओं का धंधा चला रहे थे। आसपास के क्षेत्रों सहित नेपाल में अवैध रूप से नशीली दवाएं सप्लाई करते थे। जिसे बरामद किया गया। इसमें हजारों की संख्या में कैप्सूल, टैबलेट और सीरप बरामद हुए हैं, जो नशे के लिए इस्तेमाल किए जाते थे।

### शराब के शौकीन बने टैबलेट के लती

नेपाल में शराब महंगी होने के कारण सैकड़ों युवा टैबलेट के शौकीन बन गए हैं। खास कर नेपाली छात्र टैबलेट के लती हो रहे हैं, जो परिजनों से बचने के लिए नशीली टैबलेट का सेवन कर रहे हैं। भैरहवा के डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शराब पीने के बाद नींद आनी स्वभाविक है और दुर्गंध से भी पता चल जाता है। ऐसे में नशीली दवाओं का सेवन बढ़ा है। यह सस्ती होने के कारण बेरोजगार युवक भी इसका प्रयोग कर रहे है। नेपाल में यह प्रतिबंधित है।

इसे साधारण व्यक्ति प्रयोग करे तो तुरंत उसे नींद आ जाएगी। जबकि ड्रग एडिक्ट इन तीनों इंजेक्शन का एक सेट बनाते हैं। पैर-हाथ के अलावा शरीर के अन्य नसों में ये इसका इंजेक्शन लेते हैं।

नौतनवा और ठूठीबारी में इसका मूल्य सेट में लगभग 100 रुपए है पर इसकी बिक्री 500-1500 रुपये तक में की जा रही है। टेजोबिन नाम का इंजेक्शन 20 रुपये में मिलता है, जबकि नेपाली युवा 400-800 रुपये तक में खरीदते हैं।

वहीं नेपाल के पोखरा, भक्तपुर, बुटवल, भैरहवा, नारायण घाट, काठमांडो सहित सीमाई क्षेत्र में तीनों ड्रग्स को मिलाकर बनाए गए सेट का दाम दो हजार से पांच हजार रुपये तक और टेजोबिन का दाम एक हजार से तीन हजार रुपये तक है।

तस्करों ने गोरखपुर से इसकी तस्करी शुरू कर दी है। सरहद पर पहुंचने के बाद पगडंडियों के रास्ते नेपाल पहुंचा देते हैं।

> सीमावर्ती क्षेत्र में सख्ती बरती जा रही है। अगर ऐसा है तो अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। **-आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक


नशीली दवाओं के साथ भारतीय नागरिक सहित तीन गिरफ्तार

20 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### नेपाल में चार गुना दामों पर होती है सप्लाई

नेपाल में नशीली दवाएं महंगे दामों पर बिकती हैं। इन दवाओं का भारत के मुकाबले चार गुना अधिक मूल्य मिलता है। सीमा पर मेडिकल स्टोर की दुकान किए लोगों की यही मंशा होती है कि नशीली दवाओं को नेपाल पहुंचाया जाए। इसके लिए तस्करों का पूरा नेटवर्क कार्य करता है। कैरियरों के माध्यम से दवाएं पगडंडी से नेपाल तक पहुंच जाती हैं। सीमा पर दवा का कारोबार करने वाले लोगों की स्वास्थ्य महकमे में गहरी पैठ है। विभाग जब भी छापेमारी की योजना बनाता है, उनकी खबर धंधेबाजों को लग जाती है। वह मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं को हटाकर किनारा कस लेते हैं।

# हाईवे के किनारे खड़े 28 वाहनों का चालान




नो इंट्री में खड़े ट्रक के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस। स्रोत-पुलिस

**अमर उजाला इंपैक्ट**

संवाद न्यूज एजेंसी

फरेंदा। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ बृहस्पतिवार को सीओ अनिरूद्ध कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। फरेंदा, पुरंदरपुर और कोल्हुई थाना क्षेत्र हाइवे के किनारे नो पार्किंग में खड़े 28 वाहनों का चालान किया गया।

अमर उजाला के 18 सितंबर के अंक में ट्रक चालकों की मनमानी राहगीरों की जान पर भारी, शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की। सीओ अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबा व चाय की दुकानों के सामने खड़े बड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जो भी वाहन सड़क के किनारे खड़े


ट्रक चालकों की मनमानी राहगीरों की जान पर भारी

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

मिले उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

पुलिस टीम ने गोरखपुर सोनौली राजमार्ग के कैंपियरगंज जंगल, फरेंदा बाईपास, पिपरामौनी, बाजारडीह सहित तमाम जगहों पर जांच के दौरान अवैध ढंग से वाहन खड़े मिले, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

उनके खिलाफ आगे भी अभियान चला कर कार्रवाई की जाएगी। छोटे वाहन चालकों को नो पार्किंग में वाहन खड़ा न करने की हिदायत भी दी गई। करीब 100 वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# महिला सुरक्षा को लेकर गोष्ठी आयोजित



गोष्ठी को सम्बोधित करते एएसपी ओपी सिंह।

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद की समस्त महिला पुलिस अधिकारियों-कर्मचारीगणों के साथ महिला सुरक्षा, महिला अपराधों पर नियंत्रण व मिशन शक्ति के फेज 5 को लेकर आगामी त्योहार से संबंधित गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के द्वारा पुलिस लाइन सभागार में उच्चाधिकारीगणों के निर्देशानुसार तथा निकट भविष्य में मनाए जाने वाले दशहरा, दीपावली आदि प्रमुख त्योहार व महिला शक्ति मिशन फेज 5 , विभिन्न महिला एवं बाल सुरक्षा सम्बन्धी लंबित प्रकरणों के संबंध में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। एक जनवरी से अब तक घटित महिला अपराधों की समीक्षा कर उन पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा पीड़िता की काउंसलिंग करने महिला अपराध में संदीप व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी विधि कार्यवाही करने के संबंध में महिला बीट पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के प्रत्येक थाने पर बनाई गई तीन नए प्रारूपों वाले रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा थाने के महिला अपराध रजिस्टर की समीक्षा कर पीड़ितों से संपर्क वार्ता और उनकी काउंसलिंग करने के लिए कहा गया, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों के विषय में महिलाओं को जागरूक करने तथा कब किससे कहां और कैसे शिकायत करनी है इसके बारे में बताने के लिए कहा गया गोष्ठी में प्रभारी महिला थाना मय टीम , प्रभारी वन स्टप सेंटर प्रभारी महिला परामर्श केंद्र-बाल सुरक्षा संगठन , प्रभारी एंटी रोमियो की टीम तथा जनपद के थानों की महिला बीट पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहीं।

# गांजा के साथ एक धराया

वहादुरपुर: कलवारी पुलिस ने कुसौरा स्कूल के सामने से एक युवक को 425 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। निकित चौधरी निवासी शोभनपार थाना लालगंज को एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर विधिक कार्रवाई की गई है।

# गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्र में अपने आपराधिक गतिविधियों से लोगो में भय बनाने वाले गैंगेस्टर को लालगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को छावनी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। तदोपरान्त थाने से आवष्यक कार्यवाही कर संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया। जानकारी के अनुसार षुक्रवार को थानाध्यक्ष लालगंज सुनील कुमार गौड़ को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मुण्डेरवा में धारा 3(1)यूपी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी राजकुमार पुत्र शिवमूरत छावनी से बभनगांवा की तरफ जा रहा है। सूचना पर सक्रिये हुई लालगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छावनी मार्ग पर घेराबन्दी की और बालाजी किराना स्टोर के पास से उसे हिरासत में लेकर न्यायालय जनपद बस्ती रवाना किया गया।



# गैंग रेप के तीन अभियुक्तों पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** शौच के लिए गयी एक महिला के साथ घात लगाकर बैठे तीन अभियुक्तो ने जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा न्यायालय का सहारा लेने के बाद लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए यह आरोप लगाया कि 14 फरवरी 2022 के दिन जब वह शौच के लिए निकली थी तो घात लगाकर बैठे अभियुक्त इस्तेखार अहमद, रामनाथ व एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए बारी-बारी से तीनों ने दुष्कर्म किया। मामले में न्यायालय के आदेश पर लालगंज पुलिस ने आरोपी इस्तेखार अहमद उर्फ शब्बू पुत्र निजामुद्दीन, रामनाथ पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासीगण बजहा थाना लालगंज व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 376(डी), 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गांजा बरामद, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्र में चेकिंग के दौरान कलवारी पुलिस को एक व्यक्ति के पास से अवैध गाजा बरामद किया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने गांजा तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कलवारी थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह क्षेत्रीय गश्त पर निकले हुए थे। इस दौरान उन्हें कुसौरा बाजार के पास एक संदिग्ध परिस्थितियों में आता हुआ व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया। जिसे उन्होंने चेक करने का निर्देश दिया। पुलिस के जवानों ने व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 63 पैकेट काली पन्नी में गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 425 ग्राम पाया गया। पूछताछ में युवक की पहचान निकित चौधरी पुत्र रामभवन निवासी शोभनपार थाना लालगंज के रूप में की गयी। मामले में पुलिस ने पकड़े गये गांजा तस्कर के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व धारा 207 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सम्पत्ति के लालच में ससुर की हत्या का आरोप

**बस्ती (एसएनबी)।** एक व्यक्ति द्वारा अपने ससुर को बहला फुसला कर उसकी सम्पत्ति अपने दोनो बेटो के नाम पर वसीयत करा दिया जिसके बाद ससुर की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को ठिकाने लगा दिया। मामले में मृतक के दामाद की शिकायत पर वाल्टरगंज थाने में अभियुक्तो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत होकर पीड़ित राम सजीवन पुत्र विश्वनाथ निवासी देईसाड़ थाना लालगंज ने बताया कि उसका ससुराल गाऊखोर थाना वाल्टरगंज मे। उसकी पत्नी कुल तीन बहने है और कोई भाई नही है । लेकिन उसका एक साढ़ू पीताम्बर अपनी पत्नी विद्यावती को लेकर सास व ससुर के साथ सपरिवार गाऊखोर मे रहते थे । बीते 26 सितम्बर 2019 को उक्त लोगो द्वारा बहला फुसलाकर ससुर रामउजागिर को अपने साजिश मे लेकर पीताम्बर द्वारा अपने पुत्रो अंशदीप व अंशमान के मिलीभगत से अपनी पत्नी विद्यावती पटेल के पक्ष मे रजिस्टर्ड वसीयतनामा करा लिया तथा उनकी सम्पत्ति हड़पने के आशय से ससुर राम उजागिर की हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने आरोपी विद्यावती पटेल पत्नी पीताम्बर, पीताम्बर पटेल पुत्र सुरेन्द्र नाथ चौधरी, अंशदीप, अंशमान पुत्रगण पीताम्बर पटेल निवासीगण बड़ेबन थाना कोतवाली हालमुकाम गाऊखोर थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 302, 201 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवादों में घिरे थानाध्यक्ष छावनी लाइन हाजिर

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शान्ति व कानून व्यवस्था को देखते हुए जिले के सात थानों पर नये प्रभारियों की तैनाती कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया रहे राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह को शहर कोतवाल बनाया गया है तो वही भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वारा सोशल मीडिया पर थानाध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर किये गये पोस्ट के बाद विवादो में घिरे थानाध्यक्ष छावनी अनिल दूवे को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव को प्रभारी निरीक्षक थाना पैकोलिया बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया रहे राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली की जिम्मेदारी दी गयी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे विजय कुमार अब थाना छावनी के नये थानेदार होगें। प्रभारी एण्टी रोमियों निरीक्षक सन्ध्या रानी तिवारी को दुबौलिया थाने की कमान एसपी ने सौंपा है। प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया रहे निरीक्षक मोती चन्द को वाल्टरगंज थाने का नया थानेदार बनाया गया है। इसी क्रम मेंप्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज रहे दिनेश चन्द अब थाना परसरामपुर के नये प्रभारी निरीक्षक होगे। प्रभारी निरीक्षक परसुरामपुर तहसीलदार सिंह को हर्रैया थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पीड़ित को न्याय न दे पाने के लिए भाजपा नेता आषीष शुक्ला द्वारा सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट के बाद चर्चा में आये प्रभारी निरीक्षक छावनी अनिल दूवे को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि पैकोलिया थाने की कमान देख रही महिला उप निरीक्षक संजू यादव के स्वेच्छा से अनुरोध किये जाने के बाद एसपी ने उनसे थानेदारी लेते हुए उन्हें एण्टी रोमियों का नया प्रभारी बनाया है। सभी स्थानान्तरित निरीक्षक एवं उप निरीक्षको को एसपी ने तत्काल अपने नवीन कार्यक्षेत्र में कार्यभार ग्रहण कर लेने के निर्देश दिये है।

# पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बस्ती (एसएनबी)।** न्यायालय के आदेश का पालन कराते हुए कलवारी थाने की पुलिस ने क्षेत्र से पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को संबंधित न्यायालय भेजा गया जहां से उन्हें जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष भानूप्रताप सिंह के नेतृत्व में न्यायालय बस्ती द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र एनबीडब्लू के अनुपालन में दबिश देकर पांच अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के पश्चात संबंधित न्यायालय रवाना किया गया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिसिया कार्यवाही के दौरान जिन लोगो को गिरफ्तार किया गया है उनमें धारा धारा 323, 504, 506 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त चन्द्रभान पुत्र बेचई, गब्बस उर्फ अमृत लाल पुत्र रामसुध , मोहन कुमार पुत्र बेचई निवासीगण गौरा रोहारी थाना कलवारी शामिल थे, जिनकी न्यायालय एसीजेएम तृतीय बस्ती कोर्ट 11 द्वारा जारी वारंट में गिरफ्तारी हुई है। वहीं मनोज पुत्र बुद्धु निवासी गायघाट थाना कलवारी, तथा परसुराम पुत्र बखेड़ू निवासी गजया थाना कलवारी शामिल रहे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गायघाट उप निरीक्षक जितेन्द्र मिश्रा, आरक्षी अलखनाथ पाण्डेय, आरक्षी हेमन्त सिंह थाना कलवारी शामिल रहे।



# ससुर पर छेड़खानी का आरोप

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के लिए एक महिला को प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा बड़े ससुर ने उसके साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 2006 में मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार खदरा निवासी हैदर अली के साथ निकाह हुआ था। निकाह के बाद से ही उसके पति व ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे तथा बड़े ससुर द्वारा छेड़खानी व अश्लील हरकत भी की गयी। जिसका विरोध करने पर लोगो ने उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में लालगंज पुलिस ने आरोपी पति हैदर अली पुत्र नबी सरवर, ननद साहिना खातून पत्नी इस्तखार अहमद, देवर जाफर अली पुत्र नबी सरवर, नन्दोई इश्तखार अहमद पुत्र पहलवान, ससुर नबी सरवर पुत्र तहसीलदार, बडे ससुर नबीरहम पुत्र तहसीलदार निवासीगण खदरा थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 354, 354(ख), 323, 498(ए) आईपीसी व 3/4 मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सीओ सिटी ने ट्रैफिक व्यवस्था का जाना हाल, दिये निर्देश

**त्यौहारो को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर ने यातायात पुलिस के साथ की चर्चा**

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी सदर- क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक सत्येंद्र भूषण तिवारी ने पहले पुलिस लाइन सभागार में यातायात पुलिस के समस्त अधिकारी-कर्मचारी के साथ आगामी त्योहार व ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके उपरान्त सदर के सभी थाने के विवेचक का अर्दली रूम कर उच्चधिकारीगण द्वारा दिए गए आदेशों निर्देशों से अवगत कराते हुए उसका कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर-क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक सत्येंद्र भूषण तिवारी द्वारा पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाने, चौराहे पर टैक्सी स्टैन्ड को व्यवस्थित करने,



बैठक को सम्बोधित करते सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी।

अवैध टैक्सी स्टैन्ड, ड्रिन्क एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बाइक स्टन्ट को रोकने व नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए बताया गया। रूट व्यवस्था की दृष्टि से वीआईपी भ्रमण, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्ग, रोड साइड लगे अवैध पोल्स को हटवाने, पटरी खाली कराने इत्यादि सम्बन्धी निर्देश दिया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहो जैसे बडेबन, अस्पताल, रोडवेज, कम्पनीबाग एवं शहर के अन्य क्षेत्रो मे जाम एवं भीड़ से होने वाली यातायात सम्बधित समस्याओं से निपटने हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रशासनिक स्तर से प्राप्त सभी निर्देशों को लागू करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें काम के दौरान तनाव प्रवंधन एवं समय प्रवंधन के सम्बध मे भी बताया गया।

बुजुर्ग, महिला, बच्चे, घायल व असहाय व्यक्तियों की मदद करने व आम जनता से अच्छा व्यवहार करने के लिए सभी को जागरुक किया गया। इसी तरह क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी द्वारा पुलिस लाइन सभागार में अर्दली रूम किया गया जिसमें सर्किल सदर के सभी थानो पर पंजीत मुकदमों से संबंधित विवेचक भी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी द्वारा मुकदमो को गुण दोष के आधार पर निस्तारण करने एवं वादी के हितों का ध्यान रखते हुए मुकदमे में कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया एवं निम्न बिंदुओं पर सर्किल सदर के सभी थाना के प्रभारी को निर्देशित किया गया।

लंबित विवेचनाए, पार्ट पीआई विवेचनाए, न्यायालय से प्राप्त विवेचनाएं , प्रार्थना पत्र निस्तारण का विवरण, लंबित मामलो का निस्तारण, दस सबसे पुराने मालो की सूची व उनके लंबित होने का कारण, त्योहार रजिस्टर एवं अपराध रजिस्टर आदि के संबंध में सर्किल के सभी थानो के हेड मोहर्रिर को निर्देशित किया गया तथा मुकदमों के विवेचक से उनकी राय भी ली गई। अगामी त्योहार दशहरा की तैयारी पंडाल मूर्ति सुरक्षा रावण दहन रामलीला आदि के तैयारी के संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सर्किल के सभी प्रभारी को बताया गया।

# महिला कर्मचारी से बदसलूकी, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** आरटीओ कार्यालय की महिला कनिष्ठ सहायक को दो युवको ने रास्ते में रोककर शराब के नशे में उसके साथ बदसलूकी की तथा सरकारी फाईल को छीन लिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत छविलहा खोर स्थित आरटीओ कार्यालय से अपने घर जा रही सहायक कनिष्ठ श्वेता सिंह को रास्ते में विशाल दूबे व मोनू द्वारा शराब के नशे में धुत होकर रास्ता रोक लिया। जिसका विरोध करने पर उसे गालियां व अभद्र टिप्पणी करने के साथ ही सिगरेट का धुआ मुह पर फूकते हुए सरकारी फाइल हाथ से छीन लिया और फाड़ने की धमकी दी। मामले में पीड़िता श्वेता सिंह कनिष्ठ सहायक आरटीओ आफिस बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विशाल दूबे पुत्र संजय द्विवेदी निवासी छविलहाखोर थाना कोतवाली व मोनू के विरुद्ध धारा 126(2), 352, 271, 351(2), 132 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# थानाध्यक्ष को दी गयी विदायी

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया के थानाध्यक्ष संजू यादव को समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया। साथ ही नवागत थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला चाहे कितना भी छोटा क्यो ना हो सूचना मिलते ही पुलिस के मौके पर पहुंचने से मामले का पटाक्षेप हो जाता है। कहा कि पुलिस की सक्रियता बहुत जरूरी है। थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या का त्वरित निस्तारण और शासन के मनसा के अनुरूप कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान उपनिरिक्षक दिलीप सोनी, विजय यादव, बिचित्र मणि सहित पूरा स्टाफ एवं क्षेत्र के बुद्धि जीवी मौजूद रहे।

# आटो में बैठी महिला का चेन चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाजार से आटो में बैठकर घर जा रही एक महिला का उसकी आटो में बैठी दो अन्य महिलाओं ने सोने की चेन चोरी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अमित मिश्र पुत्र विद्या प्रसाद निवासी खजुरिया मिश्र थाना नगर ने बताया कि उसकी पत्नी अंजली तिवारी खरीददारी करने के बाद सिविल लाइन के लिए आटो से निकली थी। उसी आटो में पत्नी के बगल मे दो अज्ञात महिला बैठी थी दोनो के द्वारा उसकी पत्नी का ध्यान भटकाते हुए गले में पहनी सोने की चेन चोरी कर लिया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्या के दोषी की दया याचिका हुई खारिज

बस्ती। जिला कारागार बस्ती में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी वंशराज निवासी शिवपुर महरायें थाना लालगंज की दया याचिका खारिज कर दी गई है। इस संबंध में विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन मदन मोहन ने पुलिस महानिदेशक कारागार को पत्र लिखा है।

विशेष सचिव ने भेजे पत्र में कहा कि प्रस्ताव के अनुसार जिला कारागार बस्ती में निरूद्ध बन्दी वंशराज पर दोष सिद्ध हुआ था कि भूमि विवाद को लेकर 26 मई 2001 को दो सह अभियुक्तों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। बंदी को आजीवन कारावास का दंड मिला। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने भी सजा को बहाल रखा। दयायाचिका समिति ने डीएम व एसपी की रिपोर्ट ली।

# आपदा से बचाव के तरीके सीखे

## मॉक एक्सरसाइज

बस्ती, निज संवाददाता। भूकंप और अग्नि सुरक्षा पर जिलास्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन हुआ। इन्सिडेन्ट कमाण्डर एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट परिसर में संपन्न एक्सरसाइज में आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन को निर्देश दिया कि इसका संचालन नियमित रूप से किया जाए, जिससे जनता को किसी भी आपदा के समय बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया जा सके।




शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर में मार्क एक्सरसाइज के दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारी व सेना के जवान।

एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण व विभिन्न आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों में भाग लें। अपने समुदाय में आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी फैलाएं। आपातकाल के लिए भोजन, पानी व प्राथमिक चिकित्सा सामग्री का भंडारण करें। उन्होंने कहा कि भूकंप के समय खुद को मजबूत दीवारों, दरवाजों के पास या टेबल के नीचे छुपाएं, जब तक जरूरी नहीं हो तब तक फोन का उपयोग सीमित रखें ताकि आपातकालीन सेवाएं कार्य कर सकें। यदि आग लगे तो तुरंत 101 पर कॉल करें और सुरक्षित स्थान पर जाएं।

मॉक एक्सरसाइज के दौरान आपदा विशेषज्ञ, पुलिस, अग्नि शमन, चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों ने भूकंप और अग्नि आपदा के समय बचाव के तरीकों और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी जनमानस को प्रदान की। इस दौरान पांच मराठा लाइट इन्फेन्ट्री, अयोध्या कैंट के नायब सूबेदार केलास वावधाने और उनकी टीम तथा इन्सिडेन्ट रिस्पांस टीम के सभी विभागों ने भाग लिया।

# घर के पिछवाड़े से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कलवारी थानाक्षेत्र के कुसौरा गांव में हुई बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में शिवम कसौधन निवासी कुसौरा ने बताया कि वह अपनी बाइक को घर के पिछले हिस्से में खड़ा कर रखा था। 19 सितम्बर की रात करीब एक बजे से दो बजे के बीच अज्ञात चोर उनकी बाइक को उठा ले गया।

# कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का केस

बस्ती। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज किया है। एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि वह शौच के लिए जा रही थी। पहले से घात लगाकर बैठे तीन लोगों ने हाथ पकड़कर खींच लिया। जान से मारने की धमकी दिखाते हुए तीन ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर इस्तेखार व उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया है।

# दुकान से रुपये उठा ले जाने का केस

बस्ती। सोनहा पुलिस ने शराब के नशे में गाली-गलौज करना, मना करने पर मारते-पीटते हुए कपड़े की दुकान में घुस जाना। वहां पर लड़के साथ मारपीट करते हुए 30 हजार उठा लेना और गल्ला बिखेरने का केस दर्ज किया है।

# शहर कोतवाल समेत सात थानेदारों के कार्यक्षेत्र बदले

बस्ती, निज संवाददाता। जनपदीय स्थापना बोर्ड ने आठ निरीक्षक व एक उपनिरीक्षक का ट्रांसफर किया है। इनमें आठ थानेदार बदल दिए गए हैं। थानाध्यक्ष छावनी रहे अनिल दूबे को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनको हटाने के पीछे एम्बुलेंस चालक द्वारा बीमार पति को ला रही महिला के साथ छेड़खानी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। सीओ ने एसओ छावनी व अन्य पुलिस कर्मियों के भूमिका की जांच की थी।

एसपी ने शहर कोतवाल विजय दूबे को ट्रांसफर कर प्रभारी निरीक्षक छावनी बनाया है। यहां पर तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक छावनी अनिल दूबे को लाइन में भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह को शहर कोतवाल की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन से धर्मेन्द्र को प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया बनाया गया है। निरीक्षक संध्यारानी तिवारी को प्रभारी एंटी रोमियो सेल से प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया, प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया मोतीचंद को प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज, प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज दिनेश चंद्र को प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर, प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर तहसीलदार सिंह को प्रभारी निरीक्षक हर्रैया बनाया गया है। थानाध्यक्ष पैकोलिया संजू यादव को प्रभारी एंटी रोमियो की जिम्मेदारी दी गई है।

# एडीओ पंचायत पर अपशब्द कहने का लगाया आरोप

जासं, दुवौलिया: दुबौलिया ब्लाक मुख्यालय पर तैनात खंड प्रेरक ने एडीओ पंचायत पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। उसने बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। दुबौलिया ब्लाक पर तैनात कृष्णचंद्र शुक्ल ने एडीओ पंचायत संजय श्रीवास्तव पर आरोप लगाया है कि वह बात ही बात में अपशब्द कहने लगते हैं। मेरे कमजोर आंखों व जाति पर भी टिप्पणी करते हैं। एडीओ पंचायत ने बताया कि माडल आवास का डाटा फीड करने के लिए सभी को साढे आठ बजे ब्लाक पर पहुंचने का निर्देश था, लेकिन वह झूठ बोल रहे थे, जिसके कारण फटकार लगाई थी।

# महिला अपराध पर नियंत्रण को काउंसिलिंग जरूरी




पुलिस लाइन सभागार में मिशन शक्ति पर शुक्रवार को गोष्ठी को संबोधित करते एएसपी व सीओ सिटी● सौ. सूचना विभाग

- मिशन शक्ति के फेज पांच को लागू करने की बताई गई बारीकियां
- पुलिस लाइन सभागार में मिशन शक्ति को लेकर गोष्ठी आयोजित

जागरण संवाददाता, बस्तीः महिला सुरक्षा व अपराधों पर नियंत्रण के जिले में मिशन शक्ति के फेज पांच को लागू करने लेकर पुलिस लाइन सभागार में अभियान की समीक्षा के गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि निकट भविष्य में मनाए जाने वाले दशहरा, दीपावली पर महिला शक्ति मिशन फेज पांच की जिम्मेदारी बढ़ गई है। अभियान को सफलता पूर्वक लागू करने के लिए महिला पुलिस अधिकारी व बीपीओ से एक जनवरी 2024 से अब तक घटित महिला अपराधों में कृत कार्रवाई की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि महिला अपराध रजिस्टर की समीक्षा कर पीड़ितों से संपर्क वार्ता और उनकी काउंसलिंग कराया जाए, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों के विषय में महिलाओं को नियमित जागरूक करें। कब, किससे, कहां और कैसे शिकायत करनी है, इसके बारे में बताने के लिए कहा। इस दौरान सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए पीड़िता की काउंसलिंग की जानी जरूरी है। महिला अपराध में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाए।

# 12वीं की छात्रा ने नदी में लगा दी छलांग, लापता

जासं, कलवारी: लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर सरयू नदी के माझाखुर्द घाट पर बने टांडा पुल से शुक्रवार को शाम करीब चार बजे एक किशोरी ने नदी के किनारे अपना स्कूली बैग रखकर छलांग लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना कलवारी पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां बैग मिला।

किशोरी के भाई ने बताया कि यह बैग उसकी बहन पूजा यादव निवासी चनगहिया थाना कलवारी की है। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार स्वाती सिंह ने भी लोगों से जानकारी लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि वह कक्षा 12वीं की छात्रा है। वह स्कूल गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। पुलिस घटना के कारण की तलाश कर रही है।

# गोमांस मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा, मुकदमा

वस्ती: मुंडेरवा थाना क्षेत्र के बटेला गांव में रेल की पटरी के निकट खेत में गोमांस मिलने पर ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव निवासी अमित गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध गोकशी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ रुधौली संजय सिंह ने बताया कि गांव के जिस व्यक्ति के खेत में गोमांस का अवशेष मिला है, उनकी तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मौके पर शांति-व्यवस्था कायम है।

# अदालत के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

बस्ती : वाल्टरगंज पुलिस ने पांच वर्ष पुराने हत्या कर शव छिपाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर देईसाड़ थाना लालगंज निवासी रामसजीवन की तहरीर पर विद्यावती पटेल, पीतांबर, अंशदीप व अंशमान पटेल पर अपने ससुर की हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया।

## सामूहिक दुष्कर्म में तीन पर मुकदमा

बस्ती : ढाई वर्ष पुरानी सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। अदालत के आदेश पर लालगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके गांव के ही तीन लोगों पर धमकी देकर दुष्कर्म किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## खाते से उड़ाया 52,991 रुपये

बस्ती : हरैया थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव निवासी रामभवन वर्मा के खाते से 52,991 रुपये आनलाइन निकाल लेने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

## किशोरी को किया अगवा

बस्ती : नगर थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने गई किशोरी के अगवा कर लिए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर सुन्दरम गुप्ता निवासी कुढवा व प्रियांशु निवासी नगर खास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की तहकीकात शुरू कर दी है।

# त्योहार पर यातायात नियंत्रण के लिए दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, बस्तीः नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली के प्रमुख त्योहारों व वीवीआइपी भ्रमण के मद्देनजर शुक्रवार की देर शाम पुलिस लाइन सभागार में यातायात पुलिस के साथ बैठक कर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। सीओ सिटी व सीओ ट्रैफिक सत्येंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि शहर में अतिक्रमण न होने दें। हर चौराहे पर निर्धारित किए टैक्सी स्टैंड को व्यवस्थित करा लिया जाए। अवैध टैक्सी स्टैंड, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बाइक स्टंट को हर हाल में रोके जाएं। त्योहार से पहले यातायात पुलिस रूट व्यवस्था बना ले। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्ग, रोड साइड लगे अवैध विद्युत पोल को हटवा लें, सड़क की पटरी खाली कराए जाएं। बुजुर्ग, महिला, बच्चे, घायल व असहाय व्यक्तियों की यातायात पुलिस मदद करे। आम जनता से अच्छा व्यवहार करें और सभी को यातायात के नियमों से जागरूक किया जाए।



यातायात नियंत्रण को लेकर संबोधित करते सीओ ट्रैफिक● जागरण

**प्रमुख चौराहों पर रहेगा विशेष फोकसः** शहर के प्रमुख चौराहे बडेवन, अस्पताल, रोडवेज, कंपनी बाग में जाम एवं भीड़ से होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं से निपटने कार्य योजना तैयार की जा रही है। यहां पर लगने वाले जाम को चुनौती मानकर ट्रैफिक विभाग अभी से विशेष तैयारी में जुट गया है।

# सात थानेदारों का स्थानांतरण, दो हटे

जागरण संवाददाता, बस्तीः पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाए रखने के लिए दो थानेदारों को हटा दिया है। सात थानेदारों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिया है। करीब महीने भर पहले थाना प्रभारी बनाए गए निरीक्षक अनिल कुमार दुबे को लापरवाही के चलते छावनी थानेदार के पद से हटा दिए गए। अभी कई और थानेदार रडार पर हैं, जिन्हें हटाया जाना है।

पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव को पैकोलिया थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। यहां तैनात रहीं संजू यादव को उनके स्वयं के अनुरोध पर थाना प्रभारी के पद से हटा कर प्रभारी एंटी रोमियो का जिम्मेदारी दी गई है। अचानक आठ निरीक्षक व एक उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के बाद अभी कुछ और थानेदार स्थानांतरण के रडार पर हैं। एक ही थाने पर लंबे समय से जमे प्रभारी की रैंकिंग के खराब पाए जाने पर बदला जाना तय है।

**किसको कहां मिली जिम्मेदारीः** पुलिस कप्तान की ओर से जारी आदेश में निरीक्षक राना देवेन्द्र प्रताप सिंह को हरैया से स्थानांतरण कर शहर कोतवाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शहर कोतवाल रहे विजय कुमार दुबे को छावनी एसएचओ के पद पर भेजा गया है। संध्या रानी तिवारी को दुबौलिया थाने का प्रभार दिया गया है। मोतीचन्द्र राजभर को वाल्टरगंज, दिनेश चन्द्र चौधरी को परसरामपुर का एसएचओ बनाया गया है। तहसीलदार सिंह को हरैया कोतवाली का प्रभार दिया गया है।

# शस्त्र अधिनियम का वारंटी गिरफ्तार

बस्ती। नगर थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के वारंटी छोटू निषाद निवासी चन्दो थाना नगर को गिरफ्तार कर लिया।

अवैध चाकू के साथ पकड़े जाने के बाद उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। संवाद

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट में चार पर केस

सोनहा। सोनहा पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर जिले के त्रिलोकपुर क्षेत्र के सिकौथा गांव की कुसुमलता का कहना है कि उनकी शादी सोनहा क्षेत्र के जोगिया पाठक गांव निवासी सिद्धार्थ शंकर पाठक के साथ हुई है। शादी के बाद पति, ससुर, सास व देवर आए दिन प्रताड़ित कर मारते-पीटते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न के मामले में छह नामजद

बस्ती। लालगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में छह ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर दी है कि पति हैदर अली, ननद साहिना, देवर जाफर, नंदोई इस्तखार, ससुर नबी सरवर व बड़े ससुर नबी रहम दहेज के लिए उत्पीड़न करते हैं। आरोप है कि ससुर नबीरहम ने छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। पति हैदर अली ने तीन कागज पर तलाक लिखकर दे दिया। संवाद

# बाइक चालक पर केस दर्ज

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने बाइक से टक्कर मारने के आरोपी चालक पर केस दर्ज किया है। बेरता निवासी राहुल ने तहरीर देकर बताया कि उनके पिता रामबरन पैदल दूध लेकर बेरता डेरी जा रहे थे। बेरता काली मंदिर के पास पीछे से लापरवाही पूर्वक बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। सीएचसी परशुरामपुर से चिकित्सक ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। संवाद

# तीन आरोपियों पर केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में पीड़िता के पति समेत तीन पर केस दर्ज किया है। सेमरा गांव में ब्याही पीड़िता ने तहरीर दी कि सोनू सिंह के साथ उसकी हुई है। शादी के बाद से दहेज के लिए ससुराली प्रताड़ित करने लगे। पुलिस ने पति सोनू सिंह, ससुर श्रवण सिंह और सास संगीता सिंह पर केस दर्ज किया है। संवाद

# किशोरी को स्कूल से भगा ले जाने का आरोप

**बस्ती।** नगर पुलिस ने किशोरी को भगाने के मामले में केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सुंदरम गुप्ता और प्रियांशु उसकी 13 वर्षीय बेटी को स्कूल से बहला-फुसलाकर भगा ले गए। संवाद

# ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में तेनुआ निवासी राम भवन वर्मा ने तहरीर देकर बताया कि खाताधारक ईश्वर कुमार यादव ने ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी कर उसके खाते से 52 हजार 991 रुपये निकाल लिए। संवाद

# पांच वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कलवारी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से कलवारी पुलिस ने पांच वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में पांच वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इनमें चन्द्रभान, गब्बस उर्फ अमृत लाल तथा मोहन कुमार निवासी गौरा रोहारी शामिल हैं। संवाद

# हादसे के दोषी रोडवेज बस चालक को छह माह की सजा

## 30 वर्ष पुराने मामले में ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी ने सुनाया फैसला

अदालत से

**हर्रैया (बस्ती)।** ग्राम न्यायालय हर्रैया के न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने शुक्रवार को 30 वर्ष पूर्व हर्रैया क्षेत्र में एक सड़क दुघर्टना के मामले में रोडवेज बस चालक को दोषी ठहराया है। चालक को छह माह कारावास व 17 सौ रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न जमा करने पर 10 दिन अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

शासकीय अधिवक्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि 12 मार्च 1996 को हर्रैया क्षेत्र के महूघाट चौराहे के पास सुबह करीब 10:30 बुद्धू चौधरी निवासी निपनिया थाना हर्रैया घर से साइकिल लेकर लोनियापार जा रहे थे। महूघाट चौराहे के पास लखनऊ डिपो की रोडवेज बस ने साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। इससे साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई।

हर्रैया पुलिस ने वादी राम सिंह पुत्र संतराम की तहरीर पर बस चालक राजेंद्र प्रसाद रस्तोगी निवासी बहादुरपुर थाना कोतवाली जनपद लखीमपुर-खीरी पर लापरवाही पूर्ण तरीके से बस चलाने का केस दर्ज किया था।

## संपत्ति हड़पने के लिए हत्या के आरोप में केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने संपत्ति हड़पने के लिए हत्या करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। लालगंज क्षेत्र के देईसाड़ निवासी राम सजीवन ने तहरीर देकर बताया कि उसकी ससुराल मौजा गाऊखोर थाना वाल्टरगंज बस्ती में है। पत्नी तीन बहनें हैं, कोई भाई नहीं है। उसके रिश्तेदार पीतांबर अपनी पत्नी विद्यावती को लेकर सास व ससुर के साथ सपरिवार गाऊखोर में रहते थे। 26 सितंबर 2019 को ससुर राम उजागिर से साजिश में संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा करा लिया। संवाद

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**कलवारी।** बस्ती-कलवारी मार्ग पर बृहस्पतिवार रात करीब 8 बजे पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार कया। सीओ प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात पीआरवी से सूचना मिली कि कुसौरा बाजार में मंदिर के पास खड़े युवक के पास गांजा है। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ। उसने अपना नाम निकित चौधरी निवासी शोभनापार थाना लालगंज बताया। संवाद

## शांतिभंग की आशंका में नौ पर केस

**नगर बाजार।** नगर पुलिस ने शांतिभंग में नौ लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि कोठवा भरतपुर निवासी तुलसीराम, शिवसहाय, विनय, कृष्ण मुरारी व दीप सिंह निवासी अमतौरा थाना गीडा जनपद गोरखपुर, दिलीप सिंह निवासी सिसवारी कुंवर थाना नगर, जियालाल निवासी मरवटिया बाबू, धनपत व श्यामचंद्र को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है। संवाद

## बाइक से हादसे में मौत के मामले में केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने हादसे में मौत के मामले में बाइक चालक अभिषेक चौहान निवासी बांसगांव हर्रैया पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में उसी गांव के जगदेव ने तहरीर देकर बताया था कि बुधवार को उनके पिता छोटेलाल मानपुर चौराहे पर जा रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे पिता को गंभीर चोटें आईं। सीएचसी हर्रैया ले जाने पर कैली अस्पताल रेफर कर दिया गया। मगर, वहां पहुंचने से पहले पहले उनकी मौत हो गई। संवाद

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइंस में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। बाद में सलामी क्वॉर्टर गार्द, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, गणना कार्यालय, पुलिस अस्पताल, परिवहन शाखा, कैंटीन, भोजनालय, बैरक, यातायात कार्यालय, डायल- 112 कार्यालय आदि का निरीक्षण कर उनके साफ-सफाई एवं अभिलेख के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। संवाद

# एडीओ पंचायत पर अभद्रता का लगाया आरोप

**दुबौलिया।** एडीओ पंचायत कार्यालय में तैनात खंड प्रेरक कृष्ण चंद शुक्ला ने एडीओ पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीडीओ व डीपीआरओ को पत्र देकर बताया कि एडीओ पंचायत आए दिन उसके साथ अभद्रता करते हैं। अपशब्द कहना और नौकरी से निकलवा देने की धमकी देते हैं। ऐसी परिस्थिति में विभागीय दायित्वों का ढंग से निर्वहन करने में दिक्कत आ रही है। एडीओ पंचायत संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खंड प्रेरक के आरोप निराधार हैं। वह विभागीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें फटकार लगाई गई है। संवाद

# लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने की मांग

**भानपुर।** किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाकियू टिकैत गुट के किसानों ने शुक्रवार को तहसील परिसर में पंचायत का आयोजन किया। इसमें तहसील में लंबित मुकदमों के निस्तारण में तेजी लाने की मांग की गई

तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अघोषित कटौती चल रही है। यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो विद्युत उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। तहसील प्रशासन मिट्टी खनन के लिए अनुमति देते समय आसपास के गाटों के अगल-बगल के किसानों की सहमति ले। किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोशाला में भेजवाया जाए।

पंचायत के बाद किसानों ने पांच सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर राम नरायन चौधरी, राम शब्द चौधरी, शुभराम यादव, आदि मौजूद रहे। संवाद

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने पर केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक जायसवाल ने थानाध्यक्ष परशुरामपुर को नौकरी के नाम पर ठगी के मामले में केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

परशुरामपुर क्षेत्र के ऐरता गांव निवासी तिलक राम ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया। उसमें कहा गया कि सुरैला गांव निवासी अखंड सिंह से उसकी जान पहचान थी। अखंड सिंह ने बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। वह उसके झांसे में आ गया।

## अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया आदेश

अखंड सिंह ने कहा कि फाइल बनवाने में 15 हजार रुपये लगेंगे और एक लाख 50 हजार रुपये बाद में देना होगा। बेटी को नौकरी मिल जाने की उम्मीद से उसने अखंड सिंह को विभिन्न तिथियों में एक लाख 65 हजार रुपये दे दिए। रुपये लेने के बाद अखंड सिंह दौड़ाते रहे। तिलक राम ने 30 अक्तूबर 2023 को शाम पांच बजे अखंड सिंह के घर जाकर रुपये की मांग की तो वह नाराज हो गए और अभद्रता की। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

बस्ती। लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से आरोपी राज कुमार निवासी अशरफपुर थाना दुधारा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। एसओ लालगंज सुनील गौड़ ने बताया कि छावनी से बभनगावां जाने वाली सड़क पर उसे पकड़ा गया। संवाद

# त्योहारों के दौरान यातायात प्रबंधन पर मंथन

संवाद न्यूज एजेंसी

### क्षेत्राधिकारी यातायात ने प्रभारियों के साथ की रायशुमारी

बस्ती। पुलिस लाइंस सभागार में शुक्रवार को यातायात पुलिस के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों के साथ आगामी त्योहार व ट्रैफिक नियंत्रण के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात सत्येंद्र भूषण तिवारी ने त्योहारों के दौरान यातायात प्रबंधन के संबंध में फीडबैक लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी यातायात अवधेश तिवारी एवं जिले के समस्त टीएसआई, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व अन्य कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनसे जानकारी ली गई। क्षेत्राधिकारी ने अतिक्रमण हटाने, चौराहे पर टैक्सी स्टैंड को व्यवस्थित करने, अवैध टैक्सी स्टैंड, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बाइक स्टंट को रोकने व नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए बताया। रूट व्यवस्था की दृष्टि से वीआईपी भ्रमण, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्ग, रोड साइड लगे अवैध खंभे को हटवाने, पटरी खाली कराने के निर्देश दिए ।

क्षेत्राधिकारी ने नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों बडेवन, अस्पताल, रोडवेज, कंपनी बाग एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में यातायात संबंधित समस्याओं से निपटने की कार्ययोजना बनाकर प्रशासनिक स्तर से प्राप्त सभी निर्देशों को लागू करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें काम के दौरान तनाव प्रबंधन एवं समय प्रबंधन के बारे में भी बताया गया।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट का केस दर्ज

**सोनहा।** सोनहा पुलिस ने न्यायालय एसीजेएम तृतीय के आदेश पर पांच माह 25 दिन बाद घर व दुकान पर चढ़कर मनबढ़ों द्वारा मारपीट व लूटपाट के मामले में केस दर्ज किया है। बड़डाड़ निवासी पवन कुमार का आरोप है कि 25 मार्च की दोपहर तीन बजे उनके पुत्र अनमोल भट्ट से गांव के रंजीत भट्ट व सतीश भट्ट पुत्र राजमणि, वेदमणि व राजमणि पुत्र सीताराम, अनिल पुत्र वेदमणि शराब के नशे में दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। परिजन जब मना करने लगे तो जानमाल की धमकी दी। संवाद

# चेन स्नेचिंग में पकड़ी गईं महिलाओं पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बृहस्पतिवार को ऑटो में चेन स्नेचिंग करते पकड़ी गईं दो महिलाओं पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के खजुरिया निवासी अमित मिश्र ने तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी अंजली तिवारी खरीदारी करने सिविल लाइंस ऑटो से गई थीं।

उनके बगल में बैठी दो महिलाओं ने नाटक करके ध्यान भंग किया। उसी बीच एक महिला ने पत्नी के गले से सोने की चेन चुरा ली।

बृहस्पतिवार की दोपहर एक महिला ऑटो से गांधीनगर की तरफ जा रही थी। उसके साथ ऑटो में सवार एक महिला व युवती रास्ते में ऑटो से उतर गईं। ऑटो आगे बढ़ने के बाद उसमें सवार महिला का हाथ अपने गले पर गया तो देखा कि सोने की चेन नहीं है।

महिला को शक हुआ कि उनके साथ ऑटो में सवार युवती ने ही उनके गले से चेन चोरी की है। तुरंत ऑटो चालक से वापस होटल के पास पहुंसी।

**बृहस्पतिवार को शहर के एक होटल में पकड़ी गई थीं दो महिलाएं**

वहां ऑटो से उतरी युवती व महिला दूसरी ऑटो को रोककर उसमें बैठने जा रही थीं। तभी पीड़िता ने युवती का हाथ पकड़ लिया। यह देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

उस युवती के साथ मौजूद महिला खुद को उसकी मां बता रही है। युवती भी खुद को निर्दोष बताने लगी। पीड़ित महिला का कहना है कि युवती ने भीड़ जुटते देख चेन ऑटो में फेंक दिया। उसका एक छोटा टुकड़ा निगल गई। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर महिला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवती व उसकी कथित मां को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। कई और घटनाओं के खुलासा होने की उम्मीद है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# आर्मोरर प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने किया सम्मानित



आर्मोरर को सम्मानित करतीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।

**सिद्धार्थ नगर।** पुलिस लाइन में नियुक्त आर्मोरर को पश्चिम बंगाल राज्य में प्रशिक्षण के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन में नियुक्त आर्मोरर विरेन्द्र कुमार कुशवाहा को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में उप निरीक्षक आर्मोरर प्रशिक्षण के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते परीक्षा में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण होने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन तथा प्रतिसार निरीक्षक व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# पीड़ित परिवार ने एसपी से सही ढंग से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

**बानगंगा।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़कुईयां नानकार गांव निवासी शादाब अहमद ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर को शिकायत पत्र देकर कहा है कि विगत पिछले एक सप्ताह पहले 11 सितंबर को शाम करीब 6.00 बजे मासूम बेटी जैनब फातिमा उम्र 13 वर्ष घर के बाहर से अचानक गायब हो गई थी। खोजबीन के साथ पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर प्राथमिक की भी दर्ज कराया। पुलिस ने रात में ही टीम के साथ खड़कुइया नानकार गांव में पहुंचकर नाटकीय ढंग से रात करीब 3 बजे एक सुनसान जगह से लकड़ी के डेर से मासूम लड़की को बरामद कर परिवार के हवाले किया था। परिवार ने उसे सम्य ही इस घटना में किसी के शामिल होने का अंदेशा जताया था, लेकिन घटना के पर्दाफाश करने के बजाय पुलिस ने घटना में लीपा पोती की। यह कहकर चुप करा दिया कि तुम्हारी लड़की सुरक्षित मिल गयी। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि सादे स्टांप पेपर पर पुलिस द्वारा परिवार का हस्ताक्षर करा लिया गया और बेटी का मेडिकल भी नहीं कराया गया। पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से मांग किया है की घटना का पर्दाफाश के लिए सही ढंग से जांच विवेचना कराया जाये।परिवार ने घटना में किसी गिरोह के शामिल होने की आशंका जताते हुए घटना प्रकरण की सही ढंग से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

# चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

इटवा। इटवा पुलिस ने शुक्रवार को करहिया पुल से एक युवक को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस ने उसके पास से एयरटेल मोबाइल टावर से चोरी हुए दो अदद हार्डवेयर सिस्टम को भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष इटवा श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि संदिग्धों के तलाश के दौरान पुलिस टीम ने करहिया पुल से एक युवक को पकड़ा है। पूछताछ में उसने अपना नाम नदीम पुत्र समीउल्लाह निवासी अरनी थाना डुमरियागंज बताया है। पुलिस ने उसके पास से एयरटेल मोबाइल टावर से चोरी हुए दो हार्डवेयर सिस्टम को भी बरामद किया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

पथरा। पथरा थाना क्षेत्र के चेतरा गांव में गुरुवार शाम जमीन बंटवारे को लेकर दो पट्टीदारों में मारपीट हो गई। देर रात दी गई एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित पक्ष के अजय मौर्य ने आरोप है कि हमारे और हमारे पट्टीदार के बीच काफी दिनों से बंटवारे का विवाद है। गुरुवार शाम भी इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। थोड़ी देर में उर्मिला देवी अपने पुत्र आरएन मौर्य के साथ मिलकर हमारे दरवाजे पर आ गई और अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे। इस दौरान हमको शरीर में कई जगह चोटें भी आईं। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने एसएसबी टीम संग दवा की दुकान पर की छापेमारी

# छापेमारी में नकली दवाएं बरामद, जांच को भेजा

ककरहवा, हिन्दुस्तान संवाद। शुक्रवार को नेपाल सीमा से लेकर ककरहवा कस्बे में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। जब एसएसबी व डीआई की संयुक्त छापेमारी की सूचना पर मेडिकल स्टोरों को मिली। शटर धड़ाधड़ गिरने शुरू हो गए। इस दौरान नकली दवाएं बरामद हुई। जांच के लिए लखनऊ भेजा जा रहा है।

ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार ने बताया कि एसएसबी की अहम सूचना के आधार पर शुक्रवार को एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ ककरहवा कस्बे व सीमाई क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों ने जांच की गई। बताया कि अमन मेडिकल स्टोर, सूरज मेडिकल स्टोर, सरदार मेडिकल स्टोर आदि पर जांच की गई। बताया कि अमन मेडिकल स्टोर से नकली दवा की दो सैंपल ली गई। सूरज मेडिकल स्टोर से भी दो



नेपाल बॉर्डर के ककरहवा कस्बे में शुक्रवार को दवा की दुकान पर छापेमारी करते ड्रग इंस्पेक्टर और एसएसबी टीम।

नकली दवा का सैंपल लिया गया। कहा कि जांच के लिए लखनऊ लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की की जाएगी। कहा कि बगैर एमबीबीएस डॉक्टर के पर्चे के नशीली दवाएं नहीं बेची जा सकती हैं। ऐसा करना जुर्म है। कहा कि जिन दुकानों पर नकली व नशीली दवाएं पाई जाएंगी उसका लाइसेंस निरस्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी कर दो दवा दुकानों से लिया गया सैंपल

ककरहवा : भारत नेपाल सीमावर्ती ककरहवा कस्बे में भारी मात्रा में नशीली दवाओं की बिक्री होने की सूचना पर औषधि विभाग सिद्धार्थनगर व एसएसबी की संयुक्त टीमों ने कस्बे के कई मेडिकल स्टोरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अचानक चली इस छापेमारी अभियान से कस्बे में हड़कंप मच गया। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा के सहायक कमांडेंट अंकुश सुभाष डांगे व औषधि निरीक्षक सिद्धार्थनगर नवीन कुमार के नेतृत्व में ककरहवा कस्बा में स्थित मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवा बेचे जाने की सूचना पर छापेमारी की गयी।

# एसएसबी ने पकड़ा 35 बोरी चावल

जासं, सिद्धार्थनगर : 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी धनगढ़वा के नाका दल ने 35 बोरी चावल और 12 साइकिल को बरामद किया है। पकड़ा गया चावल कैरियर साइकिल पर लादकर नेपाल जाने की फिराक में थे। जवानों को देखकर सभी चावल व साइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए। एसएसबी ने पकड़े गए सामान को कस्टम कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया है। एसएसबी के जवान नेपाल बार्डर पर गश्त पर थे। उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग साइकिल पर चावल लादकर नेपाल जाने की फिराक में हैं। जवान मौके पर पहुंचे तो इसे ले जाने वाले मौका देखकर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। एसएसबी कमांडेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि सीमा पर तस्करी रोकने के लिए जवान निरंतर गश्त कर रहे हैं।

# अब घर बैठे लोगों को मिलेगी कानूनी सहायता

- नालसा ने सहायता व सलाह देने के लिए शुरू किया टोल फ्री नंबर
- मुफ्त कानूनी सलाह के लिए कभी भी किया जा सकेगा काल

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने नागरिकों को कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से टोल-फ्री नंबर 15100 शुरू किया है।

यह सेवा उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगी जो कानूनी जानकारी, सहायता या मार्गदर्शन चाहते हैं। इस नंबर पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति अपनी कानूनी समस्याओं के लिए घर बैठे ही मदद प्राप्त कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर 24 घंटे कभी भी काल किया जा सकेगा।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि टोल-फ्री नंबर 15100 के माध्यम से समाज के कमजोर, वंचित और असहाय वर्ग के जरूरतमंद लोगों को कानूनी सलाह अब आसानी से मिल सकेगी। इस नंबर पर काल करने से मुफ्त कानूनी सलाह, मार्गदर्शन, और मुफ्त कानूनी सहायता के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली कानूनी सेवाओं और विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा संचालित योजनाओं और अभियानों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है, और भारत के किसी भी हिस्से से इस नंबर पर फोन करके कानूनी सहायता ली जा सकती है। नालसा का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस पहल से समाज के कमजोर वर्गों को न्याय पाने में बड़ी मदद मिलेगी और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकेंगे।

# बनचौरा गांव के गोदाम में रखा 24 बोरी चायनीज लहसुन बरामद

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : 43वीं वाहिनी एसएसबी व ढेबरुआ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जवानों ने गुरुवार की देर शाम लौहटी सीमा चौकी क्षेत्र के बनचौरा गांव में गुलाब चौधरी के मकान में बने गोदाम में रखे 24 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद किया है। कमान मालिक भारी मात्रा में रखे गए लहसुन का कारण नहीं बता सका। जवानों ने इसे अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया।

नेपाल से तस्करी कर चाइनीज लहसुन देश में लाने पर रोक नहीं लग पा रही है। धंधेबाज सेटिंग के बल पर सीमा के नजदीक गांवों एवं कस्बों में तस्करी का माल स्टोर करते हैं। फिर इसे कैरियर के माध्यम से चिन्हित दुकानों पर पहुंचा देते हैं। इसके बदले उन्हें मोटी कमाई होती है। धंधेबाज खुली सीमा का लाभ उठाते हैं। इनका काकस इतना मजबूत है कि यदि कहीं पर माल पकड़ भी लिया गया तो यह अपना क्षेत्र बदलकर दूसरे बार्डर से तस्करी के सामान की आवाजाही शुरू कर देते हैं।

एसएसबी कमांडेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि तस्करी रोकने के लिए बार्डर पर होने वाली गतिविधियों पर जवान निरंतर नजर रख रहे हैं।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अबूतालिब, कमाल अहमद उर्फ पप्पू निवासी अलीदापुर टोला गौरा बाजार थाना चिल्हिया के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ दुर्गा प्रसाद ने दी है। संवाद

## साप्ताहिक परेड की एसपी प्राची सिंह ने ली सलामी

सिद्धार्थनगर : पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी प्राची सिंह ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गयी। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गयी। पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता को निर्देशित किया गया। एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित मेस के भोजन की गुणवत्ता को परखा। आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी कमांडरों को दिशा निर्देश दिये गये।

## आर्मोरर विरेंद्र कुमार को किया गया सम्मानित

सिद्धार्थनगर : पुलिस लाइन में नियुक्त आर्मोरर विरेंद्र कुमार कुशवाहा को पश्चिम बंगाल राज्य में प्रशिक्षण के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर एसपी प्राची सिंह ने सम्मानित किया गया। आर्मोरर पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में उपनिरीक्षक आर्मोरर प्रशिक्षण के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया था।

# भूमि विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

जासं, पथरा : पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम चेतरा में गुरुवार शाम जमीन बंटवारे को लेकर दो पट्टीदारों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। पीड़ित पक्ष के अजय मौर्य ने आरोप लगाया कि हमारे और पट्टीदार के बीच काफी दिनों से बंटवारे का विवाद है। गुरुवार शाम को उर्मिला देवी अपने पुत्र आरएन मौर्य के साथ मिलकर दरवाजे पर आ गए और गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे।

# नेपाल ले जाए जा रही 32 बोरी चावल व 12 साइकिल बरामद

### एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी धनगढ़वा की टीम ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी धनगढ़वा की टीम ने बृहस्पतिवार देर शाम नेपाल ले जाए जा रहे 35 बोरी चावल और 12 साइकिल बरामद किया। तस्कर जांच टीम को देखकर भाग निकले। बरामद चावल कानूनी औपचारिकता के बाद कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

एसएसबी 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी धनगढ़वा को सूचना प्राप्त हुआ कि सीमा स्तंभ संख्या 546/1 के पास से चावल की अवैध तस्करी होने वाली है। जानकारी मिलते ही टीम बताए हुए स्थान पर पहुंची तो देखा कि कुछ लोग साइकिल पर सामान लादे भारत से नेपाल सीमा की ओर आ रहे हैं। नाका दल ने नजदीक आने पर उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे साइकिल और सामान छोड़कर भागने लगे।

# एसपी से लगाई न्याय की गुहार

शोहरतगढ़। खड़कुइयां गांव निवासी शादाब अहमद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा कि 11 सितंबर की शाम करीब 6:00 बजे मासूम बेटी जैनब फातिमा (14 वर्ष) घर के बाहर से गायब हो गई। खोजबीन के साथ पुलिस को सूचना देकर प्राथमिक की भी दर्ज कराई। पुलिस ने रात में ही सुनसान जगह से लड़की को बरामद कर परिवार के हवाले किया। परिवार ने उस समय घटना में किसी के शामिल होने की आशंका जताई थी, लेकिन पर्दाफाश करने के बजाय पुलिस ने घटना में लीपा पोती की। मामले की जांच करके कार्रवाई की जाए। संवाद

## जमीन के लिए पिता-पुत्र में मारपीट, केस दर्ज

पथरा। पथरा थाना क्षेत्र के चेतरा गांव में बृहस्पतिवार शाम जमीन के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र में मारपीट हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अजय मौर्य ने थाने में दी शिकायत में बताया कि हमारे और पुत्र के बीच जमीन बंटवारे का विवाद है। बृहस्पतिवार शाम भी इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। थोड़ी देर में पुत्र आरएन मौर्य मां उर्मिला देवी के साथ दरवाजे पर आया और गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा। संवाद

## अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिरी कार

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर-इटवा मार्ग पर कठौतिया गांव के पास शुक्रवार दोपहर तीन बजे के करीब एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क के दक्षिण पानी भरे गड्ढे में जा गिरी और पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक और सवार लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार अकरहरा गांव की है। कार मालिक परिवार के साथ उतरौला जा रहा था। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। संवाद

## चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। इटवा पुलिस ने शुक्रवार को एक संदिग्ध को पकड़ा है। उसके कब्जे से चोरी का हार्डवेयर सामान बरामद किया। उसकी पहचान नदीम निवासी अरनी थाना डुमरियागंज के रूप में हुई। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ इटवा श्रीप्रकाश यादव ने दी है। संवाद

# मंदिर से दानपत्र लेकर भाग रहे युवक को पकड़ा

लोटन। मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव में स्थित ओबा मंदिर में शुक्रवार को दिन दहाड़े चोरी करते हुए एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार को अपराह्न चार बजे ओबा मंदिर से दान पेटी एक व्यक्ति चुराकर भाग रहा था। कुछ लोगों ने देखा और आवाज लगाई। इस पर आस पड़ोस के एकत्रित हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को फोन पर सूचना दी। संवाद

# स्टेशन रोड से हटेगा अतिक्रमण

## डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने स्टेशन रोड का पैदल लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। डीएम डॉ. राजागणपति आर ने शुक्रवार शाम को शहर के स्टेशन पर अतिक्रमण का पैदल जायजा लिया। उन्होंने मौजूद एसडीएम नौगढ़ व ईओ नगर पालिका को स्टेशन रोड से शनिवार को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। साथ ही दुकानदारों, सड़क से सब्जी व फल आदि दुकानों को मंडी में लगाने का निर्देश दिया।

डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने शुक्रवार को सिद्धार्थ तिराहा पर पैदल स्टेशन रोड पर अतिक्रमण का निरीक्षण किया। इसके बाद पूरब पड़ाव स्थित नगर पालिका के सब्जी मंडी में निर्मित दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि यहां खाली पड़ी दुकान जिन दुकानदारों को आवंटित हैं, उन्हें सड़क से हटाकर यहां दुकान लगवाने का निर्देश दिया। कहा कि जो भी दुकानें स्टेशन रोड पर लगाई गई है।

वह शनिवार से ही आवंटित दुकानों में स्थानांतरित हो जाए। साथ ही जिनको दुकान आवंटित नहीं है और वह सड़क पर दुकान लगा रहे हैं, वह भी सब्जी मंडी में दुकान लगाएं।

स्टेशन रोड पर अतिक्रमण की स्थिति नहीं उत्पन्न होनी चाहिए। साथ ही नगर पालिका के ईओ विंध्याचल और एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र को निर्देश दिया कि रेलवे अधिकारियों से बात कर उनकी दुकानों के तरफ से हो रहे अतिक्रमण को भी हटाया जाए।

**लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निस्तारण:** सिद्धार्थनगर। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने तहसील नौगढ़ के तहसीलदार न्यायिक व तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार न्यायिक व तहसीलदार कोर्ट में धारा 35, धारा 67 के पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों व निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वादों के निस्तारण में प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त किया। पांच साल से अधिक समय से लंबित प्रकरण एवं तीन से पांच साल के प्रकरणों को लाइन लिस्टिंग कर प्रतिदिन कोर्ट में बैठकर सुनवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक को निर्देश दिया कि प्रतिदिन कोर्ट में बैठकर कम से कम 50 प्रकरणों की सुनवाई करें तथा समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। निस्तारण हुए वादों की रिपोर्ट एडीएम एवं एसडीएम को उपलब्ध कराए।

एसडीएम नौगढ़ को निर्देश दिए कि 15 दिन में निरीक्षण अवश्य करें। जिलाधिकारी ने एक माह में वादों के निस्तारण में सुधार लाने का निर्देश दिया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में कल से चलेगा अभियान

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज के ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को हटाने को लेकर प्रशासन द्वारा तीन दिन पहले डुमरियागंज-बेंवा मार्ग की सड़क पर लाउडस्पीकर से मुनादी एलान कराने का असर स्थानीय लोगों और दुकानदारों पर साफ दिखाई देने लगा है। हल्लौर, जबजौवा, सिकाहरा, महुआ और बेंवा चौराहा के पास लोग कार्रवाई से बचने के लिए लोग अपने टिन शेड और सामान हटाने में जुटे है। वहीं, प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान अब शुक्रवार के बजाय दो दिन आगे बढ़ाते हुए रविवार की दोपहर से करने का एलान किया है। जानकारी के अनुसार डुमरियागंज तहसील प्रशासन की ओर से नगर पंचायत डुमरियागंज की गाड़ी से तीन दिन पहले हल्लौर, जबजौवा, सिकाहरा, बेंवा में अतिक्रमण हटाने संबंधी मुनादी कराया था। इसके बाद से दुकानदारों ने अपने टिन शेड और अस्थायी निर्माण को हटाने में जुट गए थे। शुक्रवार की देर शाम तक काफी लोगों ने अपनी दुकान और प्रतिष्ठान के सामने से टिन शेड और सामान हटा लिया है। संवाद

# चाइनीज लहसुन की बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई

### मंडलीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने दिया जिम्मेदारों को निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। चीन के लहसुन का सेवन करने से सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए शासन भी सख्त हो गया है। अब अफसर दुकानों पर छापा मारेंगे और चीन के लहसुन की बिक्री करते पाए जाने पर जब्ती के साथ ही कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मंडलायुक्त बस्ती मंडल ने समीक्षा बैठक में अफसरों को निर्देश दिए हैं।

देसी लहसुन के दाम बढ़ने के बाद तस्कर नेपाल के रास्ते से चीन से लहसुन ला रहे हैं। जिले जिले के अलावा आसपास के जनपदों में भेजा जा रहा है। जो दुकानों पर खपाया जा रहा है। बड़ा और आकर्षक दिखने के कारण ग्राहक उसे बहुत पसंद कर रहे हैं, लेकिन इस लहसुन में कई ऐसे तत्व पाए जा रहे हैं, जो सेहत के लिए काफी खतरनाक है। किडनी और लीवर तक खराब कर सकता है। ऐसा स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है। चीन के लहसुन की बिक्री की आवाज शासन तक पहुंच गई है।

बस्ती में आयोजित मंडलीय बैठक में कमिश्नर अखिलेश सिंह ने मंडलीय चीन के लहसुन की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अफसरों से कहा कि यह लहसुन किसी भी हाल में बिक्री नहीं हो चाहिए। इसके लिए जांच अभियान चलाए और कार्रवाई करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छापेमारी में जो जुर्माना लगाया गया है, उसे समय से जमा कराया जाए। मंडलायुक्त ने बताया है कि बाजार में चायनीज लहसुन की बिक्री न होने पाए।

इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और बस्ती जनपद के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



छापे में बरामद लहसुन। स्रोत एसएसबी

## छापे में 24 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी लोहटी की टीम ने बृहस्पतिवार देर शाम बनपौरा गांव के एक घर में छापा मारा। मौके से घर में रखा 24 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद किया गया। बरामद लहसुन के संबंध में मकान मालिक की ओर से सार्थक जवाब नहीं दिया गया। इसलिए उसे जब्त करके कस्टम कार्यालय बढ़नी को सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी लोहटी के जवानों को बृहस्पतिवार देर शाम जानकारी मिली कि बनपौरा गांव में अवैध रूप से नेपाल से तस्करी कर लाया गया चीन का लहसुन भंडारित कर रखा गया है। इसके बाद कोठिया चौकी की टीम बनाए हुए स्थान पर पहुंच गई। यहां गुलाब चौधरी के घर की तलाशी ली गई तो 24 बोरी चीन का लहसुन बरामद हुआ। मौके पर बरामद लहसुन के बारे में घर वालों से पूछताछ की गई तो किसी सदस्य द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# भूकंप व अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** हीरालाल इंटर कालेज खलीलाबाद में शुक्रवार को भूकंप एवं अग्निशमन से बचाव को मॉक ड्रिल हुआ। संबंधित अधिकारियों द्वारा भूकंप आने पर आपदा राहत केन्द्र को सूचित करने तथा आग लगने पर फायर विभाग को जानकारी देने को बताया गया। साथ ही इससे कैसे बचा जाय इस पर माक ड्रिल करके बताया भी गया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश के मार्गदर्शन में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान द्वारा हीरालाल इंटर कालेज में राष्ट्रीय कैडेट कोर (आर्मी विंग), भारत स्काउट गाइड, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, फायर विभाग, खाद एवं रसद विभाग के कार्मिकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भूकंप और अग्निशमन से बचाव संबंधित मॉकड्रिल किया गया।



माकड्रील के दौरान छात्र को बचाने में लगे कर्मचारी।

माकड्रिल में छात्र-छात्राओं द्वारा कालेज में भूकंप आने और आग लगने पर कैसे बचा जाय इसकी जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा आपदा राहत केंद्र एवं अग्निशमन विभाग के कार्मिकों द्वारा सचित्र मॉकड्रिल किया गया। संब्रंधित अधिकारियों ने मॉकड्रिल अभ्यास के दौरान बताया कि भूकंप आने पर आपदा राहत केंद्र को सूचित किया जाता है और आग लगने पर सूचना मिलने के पश्चात फायर सर्विस की गाड़ी मौके पर पहुंचती है। फायर कर्मी द्वारा एफएसओ के नेतृत्व में आग पर काबू पाने संबंधित मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। इस दौरान तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी, सचिव, कालेज के प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. आरपी मौर्य, डॉ. रचना, एफएसओ अशोक यादव, यातायात निरीक्षक परमहंस, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट, चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, बखिरा : बखिरा थाना क्षेत्र के महला गांव में 18 सितंबर को भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया हैं।

तहरीर में महला गांव के राधे रमण ने लिखा है कि गांव के सुरेश, दुधारा थाना क्षेत्र के गूनाखोर की प्रभावती व उनके पुत्र अनुज व पुत्री पायल उनके घर में घुसकर सरिया व ईंट के टुकड़े से मारपीट की। बीच-बचाव करने आयी उनकी पत्नी जानमती को भी पीटा। इतना ही नहीं आरोपित उनके घर के सामानों को तोड़ डाला। मारपीट में मेरे कमर और सिर में और पत्नी के सिर और पेट में काफी चोट आयी हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपितों पर मामला दर्ज किया गया है।

# वन स्टाप सेंटर के संचालन को गठित डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की हुई बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु गठित डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता भी मौजूद रहे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र ने बताया कि वन स्टाप सेंटर संयुक्त जिला चिकित्सालय के परिसर में संचालित है। वन स्टॉप सेंटर में किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सीय सहायता व पांच दिवसीय अल्पावास की सुविधा प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली व उसमें कार्यरत कार्मिकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी उपस्थित रहे और पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को तत्काल आवश्यक सहायता प्रदान की जाय। बैठक में प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रबंधक कौशल विकास मिशन, जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर, साथ में एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो : एसएनबी

# महिला से दुष्कर्म व धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने महिला से दुष्कर्म करने व धमकी देने के मामले में अभियुक्त को चुरेब ओवरब्रिज पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान ने बताया कि पीड़िता के द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभिषेक चौधरी पुत्र रामनरेश चौधरी निवासी विशुनपुरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद के विरुद्ध दुष्कर्म करने व धमकी देने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त मामले में आरोपी को उ.नि. दिलीप कुमार सिंह, हे.कां. हरिप्रकाश, कां. संजय कुमार ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# मां-बेटी को भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पीड़िता की पुत्री व नतिनी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्ति के उपरांत उक्त अभियुक्त को लाकर नियमानुसार शुक्रवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद में दाखिल कराकर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय जनपद संतकबीरनगर रवाना किया गया।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान ने बताया कि 27.06.2024 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियुक्त मुकेश कुमार मौर्या पुत्र हरिशंकर मौर्या निवासी चुन्नू खेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ के विरुद्ध पीड़िता की पुत्री व नतिनी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सीओ ने बताया कि पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त मुकेश कुमार मौर्या पुत्र हरिशंकर मौर्या निवासी चुन्नू खेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ (उ.प्र.) को थाना क्षेत्र बवाना सेक्टर-3 जे 47 फैक्ट्री दिल्ली से दिनांक 19.09.2024 को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात उक्त अभियुक्त को स्थानीय थाना बवाना दिल्ली राज्य में दाखिल कर नियमानुसार न्यायालय एसीजेएम नार्थ रोहिनी दिल्ली के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया। न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्ति के उपरांत उक्त अभियुक्त को लाकर नियमानुसार शुक्रवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद में दाखिल कराकर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय जनपद संतकबीरनगर रवाना किया गया। आरोपी को उ.नि. राजीव सिंह, कां. अरुण कुमार व कां. गिरिजेश कुमार मद्धेशिया थाना कोतवाली खलीलाबाद ने गिरफ्तार किया है।

# पुलिस लाइन, मेस, गणना कार्यालय व आमी बैरक का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद के सभी थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड करायी गई। पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।

उन्होंने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। एसपी ने परेड के उपरांत पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो : एसएनबी

# शराब के आरोपी को कोर्ट उठने तक की सजा

संतकबीरनगर। अवैध शराब के एक आरोपी को सिविल जज जूनियर डिवीजन व जेएम मिमोह यादव की कोर्ट ने न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी विजय पर 25 सौ रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने यह फैसला आरोपी के अपराध स्वीकार करने पर सुनाया। सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि मामले में थाना दुधारा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत हुआ था। आरोपी विजय ग्राम जूरी थाना कोतवाली खलीलाबाद का रहने वाला है।

# दिल्ली से गिरफ्तार हुआ बुआ भतीजी को भगाने का आरोपी

- दिल्ली कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर गिरफ्तार आरोपी को लाई पुलिस
- पुलिस ने विवेचना और साक्ष्य के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढाई

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। साढ़े तीन माह पूर्व कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र से बुआ-भतीजी को बहला फुसला कर भगाने के मामले में पुलिस ने दिल्ली से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एसीजेएम नार्थ रोहिनी दिल्ली की कोर्ट के समक्ष आरोपी को पेश किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर शुक्रवार को जिले में पहुंची। पुलिस ने विवेचना से साक्ष्य संकलन करके दुष्कर्म की धारा बढ़ाई। इस मामले का मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। फरार मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र से 17 वर्षीय बुआ और 14 वर्ष सात माह की भतीजी को बहला-फुसला कर भगाया गया था। पीड़ित मां ने इस मामले में 27 जून 2024 को दो आरोपियों के खिलाफ किशोरियों को भगाने और पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सेल को भी लगाया गया था। कोतवाल को इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने का सख्त निर्देश दिया था। सर्विलांस सेल की मदद से एक आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली। चौकी इंचार्ज राजीव सिंह ने बताया कि आरोपी मुकेश कुमार मौर्या निवासी चुन्नू खेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ को थाना क्षेत्र बवाना सेक्टर 3 जे 47 फैक्ट्री दिल्ली से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी को स्थानीय थाना बवाना दिल्ली राज्य में दाखिल किया गया। बाद में आरोपी को एसीजेएम नार्थ रोहिनी दिल्ली की कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करके शुक्रवार को जिले में लाया गया। विवेचना से साक्ष्य संकलन करके दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। जबकि फरार आरोपी जो बेलहर क्षेत्र का है, उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला पाया गया। पकड़े गए आरोपी पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को चुरेब ओवर ब्रिज के पास से दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि आरोपी युवक ने महिला से दुष्कर्म किया था। आरोप है कि धमकी देने के साथ ही जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया था। इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# एमवी एक्ट में 105 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। अभियान के तहत शुक्रवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 105 वाहनों का चालान किया।

# दिखावा साबित हो रही आबकारी विभाग की छापेमारी

धनघटा। क्षेत्र के शराब कारोबार के लिए चर्चित गांव घोरांग में पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी तो किया लेकिन मौके से न तो शराब बरामद हुई और नहीं शराब कारोबारी मिले। जिससे पुलिस व आबकारी विभाग की टीम केवल लहन नष्ट करने तक सीमित रह गई। खाली हाथ उसे वापस लौटना पड़ा।

थाना क्षेत्र के घोरांग में शराब की डिस्टेलरी के रूप में पुलिस संरक्षण में फल फूल रहा है। दिखावा करने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापेमारी की लेकिन मौके पर न तो एक भी कारोबारी मिले और न तो एक लीटर तैयार शराब। पुलिस केवल लहन नष्ट कर खाली हाथ वापस आ गई। ग्रामीणों की माने तो घोरांग गांव में दर्जनों भट्ठियां दिन-रात धधकती हैं लेकिन पुलिस उस पर हाथ नहीं डाल पाती है।

# मां-बेटे समेत चार पर मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। बखिरा के महला में जमीन संबंधी विवाद में हुए मारपीट के मामले में मां-बेटे समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया। पीड़ित राधे रमण पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ का आरोप है कि 18 सितंबर को जमीन संबंधी विवाद को लेकर विपक्षी सुरेश और दुधारा क्षेत्र के गूनाखोर निवासी प्रभावती, अनुज और पायल उसके घर में घुस आए। आरोप है कि लोग उसे मारेपीटे,जानमाल की धमकी दिए। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी मां-बेटे,बेटी समेत चार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

संतकबीरनगर। महिला पुलिस ने दुधारा क्षेत्र के लोहरौली हटवा के रहने वाले पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया। एसओ सरोज शर्मा ने बताया कि दुधारा क्षेत्र के करही गांव निवासी शाहिना खातून पुत्री मोहम्मद शमीम का आरोप है कि उसके पति सद्दाम हुसेन और ससुरालीजन दहेज की मांग करते है। इस मामले में पति सद्दाम हुसेन, ससुर बदरुद्दीन, सास तरीबुन्निशा और ननद नूरजहां पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया।

# पुलिस अभिरक्षा में आया दुष्कर्म का आरोपी

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने शुक्रवार को मंझरिया पठान चौराहे के पास से दुष्कर्म मामले के आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया। एसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी किशोर पर दुष्कर्म करने, मारपीट करने और धमकी देने के साथ एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेकर बाल कारागार बस्ती भेज दिया गया।

# बाप-बेटे समेत चार पर मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के मनियरा में अनायास कुछ लोगों ने एक दिव्यांग समेत चार लोगों की पिटाई कर दी। पीड़ित दिव्यांग रंजीत कुमार पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह छह बजे गांव के राजेश दूबे, हिमांशु,आदर्श व मोनू उसे अनायास जाति सूचक शब्दो से अपमानित किए। कोतवाल ने बताया कि आरोपी राजेश दूबे,.उनके बेटे हिमांशु समेत चारों आरोपियों पर मारपीट-एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# पानी में डूबते किशोर को ग्रामीणों ने बचाया

धनघटा। क्षेत्र के कठहा खैरगाढ़ में एक युवक शुक्रवार को 3 बजे सरयू में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। डूबता हुआ देखकर लोगों ने शोर मचाया मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे बचा लिया। थाना क्षेत्र की कठहा खैरागढ़ निवासी मनोज ( 15 ) पुत्र रामबचन साथ के युवकों के साथ स्नान करने गया था। इस दौरान वह बाढ़ का पानी गहरा होने के कारण डूबने लगा।

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

बखिरा : बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को 18 अगस्त को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। इस मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपित को बड़हरा मेंहदावल मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित नसीम कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए दारोगा शैलेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपित भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

# मारपीट के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली क्षेत्र के मनियरा गांव में युवक को मारपीट तथा जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मनियरा गांव के रंजित कुमार ने तहरीर में लिखा है कि वह अनुसूचित जाति का दिव्यांग युवक है। शुक्रवार की सुबह गांव के ही राजेश दुबे व उनके लड़के हिमांशु तथा आदर्श व मोनू बिना किसी बात के जाति सूचक शब्द कहने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जब बीच बचाव करने कुछ लोग आए तो उन्हें भी जाति सूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# दो दिन पूर्व मारपीट के मामले में भाई पर मुकदमा

जासं, बखिरा: पुलिस ने दो दिन पूर्व मारपीट के मामले में शुक्रवार को युवक पर केस दर्ज किया है। तहरीर में मैनहवा गांव निवासी विपिन चंद्र ने उल्लेख किया है कि गत 18 सितंबर की रात करीब 10 बजे उनकी पत्नी रंगीता से कहासुनी हो रही थी। उनके भाई हीराचंद्र ने उन्हें व उनकी पत्नी को अपशब्द कहने लगे। लाठी से हम दोनों को पीटा। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर समुदाय विशेष के लोगों ने किया हंगामा

## धार्मिक भावना को आहत करने का आरोप, कार्रवाई की मांग की

- टिप्पणी करने वाले युवक के घर के पास काफी संख्या में पहुंचे लोग
- बखिरा पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर किया शांत

जासं, बखिरा : बखिरा थाना के तरकुलवा गांव में एक समुदाय विशेष के लोगों ने शुक्रवार की शाम को आरोपित युवक के घर के पास हंगामा किया। उनका कहना था कि इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर उनकी धार्मिक भावना को आहत किया गया है। आक्रोशित लोगों ने दोषी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ तरकुलवा में पहुंचे थानाध्यक्ष ने इन्हें समझा-बुझाकर शांत किया।

बखिरा थाना के तरकुलवा गांव निवासी युवक ने इस्टाग्राम में गलत टिप्पणी कर दी थी। इसको लेकर शुक्रवार को शाम के समय इस गांव के एक समुदाय विशेष के लोग आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में युवक के घर के पास पहुंचकर हंगामा करने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष श्याम मोहन मय फोर्स गांव में पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने उन्हें पूरी बात बतायी।



तरकुलवा गांव में आपत्तिजनक टिप्पणी पर विरोध जताते लोग • जागरण

इस पर थानाध्यक्ष ने इन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। मामले की जांच करके आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शांति व कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। युवती से दुष्कर्म, मारपीट और जानमाल की धमकी देने का आरोपी बाल अपचारी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बेलहरकला पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और एससी-एसटी एक्ट के मामले में वांछित बाल अपचारी को मंझरिया पठान चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। युवती ने थाना बेलहरकला पर दुष्कर्म और मारपीट के संबंध में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया। संवाद

# 105 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले 105 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। इस दौरान सटीम ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों से एक लाख 19 हजार रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

# दो किशोरियों को भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

संवाद न्यूज् एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया।

कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मामले से संबंधित आरोपी मुकेश कुमार मौर्या पुत्र हरिशंकर मौर्या निवासी चुन्नू खेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ को दिल्ली के बवाना क्षेत्र के सेक्टर तीन स्थित फैक्टरी से 19 सितंबर को गिरफ्तार किया।

इसके बाद आरोपी को स्थानीय थाना बवाना दिल्ली राज्य में दाखिल कर नियमानुसार न्यायालय एसीजेएम नार्थ रोहिनी दिल्ली के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमांड लेकर यहां पर लाया गया। जिसके बाद उक्त अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी किया गया।

वादिनी ने 27 जून को थाना कोतवाली खलीलाबाद में आरोपी के खिलाफ अपनी पुत्री व नतिनी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग में सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी की। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया।

## महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के मामले में वांछित अभिषेक चौधरी पुत्र रामनरेश चौधरी निवासी विशुनपुरवा को चुरेब ओवरब्रिज पास से गिरफ्तार किया। महिला ने कोतवाली खलीलाबाद में दुष्कर्म और धमकी देने के संबंध में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया। संवाद

# दिव्यांग से मारपीट के मामले में चार पर केस

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद पुलिस ने मारपीट के मामले में तहरीर मिलने पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रंजीत कुमार ने शिकायत में बताया कि वह दिव्यांग है। शुक्रवार को सुबह लगभग छह बजे गांव के ही राजेश, हिमांशु, आदर्श व मोनू अनायास जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते गाली देने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से मारना-पीटना शुरू कर दिए। घटना देखकर बीच-बचाव में आए परिजनों को भी मारा-पीटा। जिससे सभी को काफी चोट आई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। संवाद

# अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में पांच आरोपियों को पकड़ कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने दबिश दी। थाना महुली पुलिस ने वारंटी सुखराम पुत्र सीताराम निवासी अलीनगर थाना महुली को गिरफ्तार किया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक और थाना बखिरा पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दिया। संवाद

# 'महात्मा गांधी जयंती समारोह' मनाये जाने को लेकर हुई बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी जयंती समारोह 02 अक्टूबर 2024 को मनाये जाने के संबंध में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने गांधी जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करके संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**प्रातः 07:00 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी तथा 08:00 बजे सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर फहराया जाएगा राष्ट्रीय ध्वज**

उन्होंने कहा कि पहले से ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ-सफाई सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि इस अवसर सभी प्रमुख स्थानों पर रामधुन बजाई जाय तथा महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाय। उन्होंने कहा कि रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने शांति एवं कानून-व्यवस्था सुचारु एवं सुव्यवस्थित रहने के संबंध में लोगों को आश्वस्त किया। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि 02 अक्टूबर



गांधी जयंती समारोह को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग तैयारी बैठक करते एडीएम।

2024 को प्रातः 07 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रार्थना एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। प्रभातफेरी का रूट का हीरालाल इण्टर कालेज से चन्द्रशेखर आजाद तिराहा तक एवं पुनः हीरालाल इण्टर कालेज पर आकर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर को सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज प्रातः 08:00 बजे फहराया जायेगा, तदोपरान्त आजादी की रक्षा एवं राष्ट्र की एकता से संबंधित संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने नगर निकायों एवं वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के दृष्टिगत संबंधित अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानों का चयन करते हुए श्रमदान करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई करने तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत किसी पार्क/कार्यालय परिसर का चयन करते हुए वृक्षारोपण कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार गुप्ता, समाजसेवी सुभाष चंद्र शुक्ल, व्यापारी नेता सर्वदानंद पांडेय, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचन्द्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, जिला बाट-माप अधिकारी वीपी वर्मा, पीबी गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन त्रिपाठी व सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आबकारी अधिनियम के अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा

संतकबीरनगर। न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन व ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत पुलिस की सशक्त पैरवी के तहत आबकारी अधिनियम के मामले में एक अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की अभिरक्षा तथा 2500 रुपये के अर्थदंड से दंड़ित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संयुक्त निदेशक अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के बाद शुक्रवार को न्यायालय सीजे (जूनियर डिवीजन)/जेएम की कोर्ट ने थाना दुधारा पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के अभियोग मामलें में अभियुक्त विजय पुत्र महादेव निवासी जूरी थाना कोतवाली खलीलाबाद को जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर धारा न्यायालय उठने तक की अभिरक्षा तथा 2500 रुपये के अर्थदंड का आदेश दिया। अदा न करने पर अभियुक्त को एक दिन के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

# एसपी से बेटे की सुरक्षा की लगाई गुहार

धनघटा। स्थानीय पुलिस से फरियाद करते-करते थक जाने के बाद बेटे की सुरक्षा का गुहार लगाने पिता शुक्रवार को एसपी से मिले। एसपी ने घटना के समय बनाई गई वीडियो को देखने के बाद उन्हें न्याय का भरोसा दिया। रामपुर दक्षिणी गांव निवासी रामनेवास का कहना है कि उनके 12 वर्षीय बेटे शिव शंकर को जान से मारने की नीयत से दो सितंबर को गांव के तिराहे पर एक दर्जन लोगों ने हंसिया से गर्दन पर प्रहार किया। बेटे शिव शंकर की बाइक को हमलावरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। रामनेवास ने बताया कि एसपी पूरी बात गंभीरता के साथ सुना उसके बाद वारदात के समय का बनाया गया वीडियो भी देखा। एसपी ने पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा जताया। संवाद

# अश्लील वीडियो वायरल करने वाले पर केस

संतकबीरनगर। धर्मसिंहवा थाना पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि 17 सितंबर को वह अपने घर पर बैठी हुई थी। दोपहर करीब एक बजे आरोपी शाहिद पुत्र हाफिज निवासी गांव बाराबंकी थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती उसे फोन करके गाली देने लगा। साथ ही सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# पति व सास-ससुर पर दहेज उत्पीड़न का केस

**संतकबीरनगर**। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति, सास-ससुर और ननद पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। दुधारा क्षेत्र निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में मुस्लिम रीति रिवाज़ से सद्दाम हुसैन निवासी हटवा लोहरौली बाजार के साथ हुई थी। पति कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुर, सास व ननद भी दहेज की डिमांड करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिए। प्रताड़ना से तंग होकर मायके आकर मां व पिता को जानकारी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन व जांच शुरू कर दी। संवाद

# मारपीट और एससी-एसटी एक्ट में केस

**संतकबीरनगर**। बखिरा क्षेत्र के देवकली चौराहे पर नौ दिन पूर्व हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने मारपीट व एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया है। करन निवासी बढ़या बाबू ने शिकायत में बताया कि 11 सितंबर को शाम पांच बजे पर वह देवकली चौराहा स्थित मुर्गा की दुकान पर गए थे। आरोप है कि वहां पर गांव के रहने वाले अंकित और देवेंद्र सिंह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी। घर पर फोन करने के लिए मोबाइल निकाल रहा था, जिस पर देवेंद्र ने मोबाइल छीनते हुए जमीन पर पट कर तोड़ दिया। संवाद

# 14 प्रत्याशियों के पर्चे वैध मिले

**संतकबीरनगर।** दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। साथ ही आपत्ति ली गई। वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष जुम्मन खां ने बताया कि अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का नामांकन पत्र निरस्त किया गया है।

शेष 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए है। शनिवार को प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं, जबकि एक अक्तूबर को मतदान होगा। जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता समिति ने अध्यक्ष पद प्रत्याशी नवनीत कुमार पांडेय, शशि कुमार ओझा, संतोष कुमार चौधरी, मोहम्मद मोकर्रम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी मो. कासिम अंसारी, सुधाकर मिश्रा, महामंत्री पद प्रत्याशी दुर्गेश नारायण मिश्र, जितेन्द्र नाथ मिश्र, राम अवतार यादव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, राणा रविन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष दो पद सतीश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश सहित 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं।

**अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का पर्चा निरस्त**

अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी मोहम्मद असलम के नामांकन पत्र को निरस्त करने के लिए अध्यक्ष पद प्रत्याशी मोहम्मद मोकर्रम ने वरिष्ठ अधिवक्ता समिति को आपत्ति दी। जिसपर वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष जुम्मन खां, सदस्य हरिशंकर राय, कृष्ण मोहन मिश्र ने दोनों पक्षों को सुनकर तथा सभी प्रपत्रों को देखने के बाद अध्यक्ष पद प्रत्याशी मोहम्मद असलम के नामांकन पत्र को निरस्त कर दिया, जबकि एक सदस्य दिनेश चंद्र राय ने असहमति जताई है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# अपराधियों पर कार्रवाई करने संग रात्रि गश्त बढ़ाएं: एसपी

गोण्डा, संवाददाता। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने समस्त प्रभारी निरीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। अपराधियों पर कार्रवाई करने व रात के वक्त गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को आयोजित अपराध गोष्ठी में एसपी ने वर्तमान व पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनकर उन्हें दूर कराने का निर्देश दिया। गोष्ठी में आए प्रभारियों को कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने व सख्ती से अपराध नियंत्रण करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने यातायात प्रभारी को वाहनों की नियमित जांच करने व कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्रभ्रमण व रात्रि गश्त बढ़ाने का समय से निस्तारण करने, अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया। वही विवेचना में लापरवाही और देरी पर खड़ा रुख अख्तियार करते हुए पेंडिग विवेचनाओ को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसपी ने आगामी त्योहारों दुर्गा पूजा, दशहरा व दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों पर विशेष सतर्कता रखने को भी निर्देशित किया है।

# मारपीट करने में दो को तीन वर्ष की सजा

गोंडा। अपर जिला जज राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने मारपीट करने के जुर्म में दो आरोपियों को तीन वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनमोहन मिश्रा के अनुसार थाना खरगूपुर अंतर्गत ग्राम कश्मीरवा निवासी सांवल प्रसाद पुत्र संसार मणि व विकास पुत्र विनोद के विरुद्ध वादी मुकदमा अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र जगतमणि पांडेय ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत भेज दिया। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# गरम तेल फेंकने का आरोपी दबोचा

नवाबगंज। सरयू घाट पुलिस चौकी क्षेत्र में परशुरामपुर मोड़ के पास दुकानदार को लाठी-डंडे से पीटने और कड़ाही के खौलते हुए तेल फेंककर जान से मारने की कोशिश करने में वांछित आधा दर्जन आरोपियों में से एक को पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

# चोरी के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

करनैलगंज, संवाददाता। कोतवाली इलाके में एक घर में घुसकर चोरी करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गये चोरों के कब्जे से जेवर व नकदी भी बरामद किया गया है।

करनैलगंज पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों में पप्पू चैहान, अजीज खान, राधेश्याम पासी, बृजेश कुमार आदि शामिल है। इन सभी को दर्शन तिवारीपुरवा जाने वाले तिराहे के पास गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवर और 7,200 रुपये नगद बरामद किया गया। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि वादी पवन कुमार मिश्रा पुत्र श्री ललितराम मिश्रा निवासी ग्राम अधारपुरवा मौजा मौहर थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली कर्नलगंज पर सूचना दिया था कि वह घर में सो रहा था। इसी बीच चोर उनके छत पर चढकर सीढी के रास्ते घर में घुसकर कीमती जेवरात सोने व चाँदी की व नगदी चोरी कर ले गये।

## महिला ने पत्र लिखकर एसपी से मांगा न्याय

गोंडा। वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। इसमें बताया कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। गांव के कुछ लोग उसका फूस का मड़हा हटाकर जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसके विरोध पर गत 18 सितंबर को लोगों ने मारपीट करने के साथ मड़हे में आग लगा दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिर्फ वीडियो बनाकर कार्रवाई की खानापूर्ति कर दी। विगत 19 सितंबर को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है। (संवाद)

# आरोपित गिरफ्तार

**आर्यनगर** : प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि मोहन टेपरा गांव निवासी करण मिश्र व विनोद मिश्र, हलवलहिया अहियाचेत निवासी मनोज कुमार, महेश पुरवा निवासी सावंल प्रसाद, झौहना निवासी पवन कुमार व विरवा गांव निवासी माधव राज को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# नाबालिग लड़की एक हफ्ते से गायब, रिपोर्ट दर्ज

रुपईडीह। करीब एक सप्ताह पहले घर से एक नाबालिग लड़की के गायब हो जाने की शिकायत लड़की के मां ने पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि काफी दिन पहले उसका पति से झगड़ा हो गया था। इसके बाद नाराज होकर वह अपने मायके में जाकर रहने लगी।

# सगे भाइयों और किशोर अपचारी समेत पांच दोषियों को कारावास

**संसू, जागरण • गोंडा** : पेड़ के बंटवारे को लेकर करीब नौ साल पहले हुई मारपीट में दोनो पक्षों के पांच दोषितों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश/अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम कश्मीरवा थाना खरगूपुर निवासी सांवल प्रसाद व बाल अपचारी को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 16-16 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं न्यायालय ने दूसरे पक्ष के अशोक कुमार पांडेय, अंब्रीश कुमार पांडेय व मुन्नालाल को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई जबकि, दोषितों को छह-छह हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

**न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हुई कुर्की** : उच्च न्यायालय द्वारा महिला को उसके पति से गुजारा भत्ता दिलाने के आदेश पर परिवार न्यायालय के प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश हरेंद्र कुमार ओझा ने ग्राम नियाजी मुहल्ला, चिश्तीपुर कोतवाली देहात निवासी फिरोज खां की संपत्ति कुर्क कर पीड़िता फरहादीबा को 25 लाख 98 हजार रुपया गुजारा दिलाने का आदेश बीते पांच मई को जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी सदर को दिया था। आदेश के बाद भी कुर्की की कार्रवाई प्रशासन ने नहीं करवाई है। अधिवक्ता सादाब खान ने बताया कि पीड़िता ने जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कुर्की कर गुजारा राशि दिलाने की कार्रवाई प्रशासन नहीं कर रहा है।

**हत्या का आरोपित हुआ दोषमुक्त** - **गोंडा** : एफटीसी नवीन/ अपर सत्र न्याधिश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम बुढ़वलिया कोतवाली कर्नलगंज निवासी राकेश कुमार को दोषमुक्त किया है। आरोपित की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ डिफेंस लीगल काउंसिल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली ग्राम बुढ़वलिया निवासी नान्हू ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा कराया था। आरोपित के आर्थिक हालात के मद्देनजर निशुल्क विधिक सहायता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायालय में पैरवी की। न्यायालय ने आरोपित को हत्या के आरोप से दोषमुक्त किया है।

**अधिवक्ता आपदा राहत समिति ने मांगें आवेदन** - **गोंडा** : संयुक्त बार एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित अधिवक्ता आपदा राहत समिति में आपदा राहत लिपिक, सहायक लिपिक व लेखाकार के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

# चोरी के छह आरोपित गिरफ्तार, सामग्री बरामद

**संसू, जागरण • गोंडा** : नगर कोतवाली व कर्नलगंज पुलिस ने चोरी करने के छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी की सामग्री बरामद की गई है।

नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि गोरखपुर के थाना खोराबार के ग्राम ढोढरा भैंसहा निवासी विकास कुमार ने दो सितंबर को सदर तहसील से बाइक चोरी होने का मुकदमा कराया था। जांच में कटराबाजार के सिंहपुर निवासी दुर्गेश मिश्र व पूरे शिवा बखतावर बुधई पुरवा निवासी पवन कुमार का नाम सामने आया। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की बाइक बरामद की गई है। वहीं, कर्नलगंज कोतवाल श्रीधर पाठक ने कहा कि 21 अगस्त को मौहर आधार पुरवा निवासी पवन कुमार मिश्र ने घर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में जिला बहराइच के पयागपुर के ग्राम बबया एकनापुर निवासी पप्पू चौहान, श्रावस्ती के थाना भिनगा के ग्राम मंगल भट्ठा निवासी अजीज खान, परसपुर के राजापुर मदनवा निवासी राधेश्याम व बृजेश का नाम सामने आया। आरोपितों ने पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार की। कोतवाल ने कहा कि आरोपितों के विरुद्ध कई थानों में मुकदमा दर्ज है।

# 90 आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई, 83 लाख की संपत्ति जब्त

## 61 आरोपितों की खुली हिस्ट्रीशीट पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने की समीक्षा बैठक, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को कसा

**संसू, जागरण • गोंडा** : पुलिस लाइन सभागार में एसपी विनीत जायसवाल ने अपराध समीक्षा बैठक की। प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों का पेंच सका। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई के संबंध जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि 90 आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। 61 नए आरोपितों की हिस्ट्रीशीट खोली है। गैंगस्टर एक्ट के चार प्रकरण में अपराध से अर्जित 83 लाख दो हजार 729 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। यही नहीं, 161 आरोपितों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। 12 सक्रिय गिरोह को चिह्नित कर गैंग पंजीकरण की कार्रवाई की गई, जिससे इनकी निगरानी की जा सके।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने वांछित व ईनामी आरोपित की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। विवेचना के प्रगति की समीक्षा की। विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। कहा कि फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनें और तत्काल निस्तारण कराएं। संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, आभूषण बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डा, रेलवे स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि पोस्टर पार्टी को प्रतिदिन ब्रीफ कर समय से रवाना करें। मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध कच्ची शराब के बनने, परिवहन व बिक्री पर रोक लगाएं। नकबजनी पर रोक लगाने के लिए कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त को प्रभावी बनाएं। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय व एएसपी मनोज कुमार रावत उपस्थित रहे।

# सर्वर की समस्या होने से बने सिर्फ पांच प्रमाणपत्र

**बेलसर (गोंडा)।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए लांच हुआ नया पोर्टल सर्वर की समस्या से जूझ रहा है। सीएचसी में शुक्रवार को दिनभर में मात्र पांच लोगों के जन्म प्रमाणपत्र बने। बरसड़ा की आशा पूजा तिवारी ने बताया की 27 और 31 अगस्त को दो बच्चों की डिलीवरी हुई थी, लेकिन अभी तक जन्म प्रमाणपत्र नहीं बन सका। शुक्रवार को कई बार प्रयास करने पर ओटीपी नहीं मिला, जिससे लौटना पड़ा। नरेंद्र तिवारी व बिंद्रा प्रसाद ने बताया एक माह पहले डिलीवरी हुई थी। सुबह से लाइन में लगने के बावजूद भी पंजीकरण नहीं हुआ। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया कि ओटीपी की समस्या के कारण पंजीकरण प्रभावित हुआ है। दिन भर में सिर्फ पांच लोगो का पंजीकरण किया गया है। (संवाद)

# केस वापसी को लेकर वकीलों का कार्य बहिष्कार

**गोंडा।** जिले की तहसीलों में ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में आंदोलन के दौरान साथियों पर दर्ज केस की वापसी की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध जताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी की अध्यक्षता व बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्रमणि तिवारी व दिनेश नारायण पांडेय के संचालन में संयुक्त संघ की बैठक में पारित निर्णय के अनुपालन में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्रमणि तिवारी ने बताया कि वकीलों पर दर्ज फर्जी मुकदमे की वापसी तक प्रत्येक शुक्रवार को आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। (संवाद)

# युवक पर दुष्कर्म व परिजनों पर मारपीट का केस दर्ज

**खोड़ारे (गोंडा)।** नौकरी और शादी का झांसा देकर एक युवक ने बस्ती जिले की युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे अपने साथ घर में रखा। बाद में युवक की मां, पिता व भाई ने उसकी पिटाई करके भगा दिया। एसपी के निर्देश पर खोड़ारे पुलिस ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म और उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## नौकरी और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

बस्ती जिले की रहने वाली युवती ने एसपी को दिए पत्र में कहा कि खोड़ारे थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रंट हरदौनी लोहारपुरवा निवासी राजेश यादव से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी ने नौकरी का झांसा देकर उससे काफी रुपये ले लिए। यही नहीं, शादी का झांसा देकर अपने घर ले आया और शारीरिक संबंध बनाता रहा। राजेश ने आश्वासन दिया कि कि जब वह 21 साल की हो जाएगी तो वह उससे विवाह कर लेगा।

18 जनवरी को राजेश के परिवार वालों ने उसकी पिटाई की। दूसरे दिन वह थाने पहुंची जहां पुलिस ने आरोपियों को बुलाया और सुलह समझौता करा दिया। इसके बाद परिजनों ने राजेश को गायब करते हुए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी और उसे भी भगा दिया। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि राजेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म, उसकी मां सोना देवी, भाई मुकेश यादव, पिता रामप्रकाश यादव व बहन गुड़िया देवी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# चोरी के तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलांव निवासी रचना शर्मा के घर हुई चोरी की एफआईआर पुलिस ने तीन दिन बाद दर्ज की। पीड़ित ने 18 सितंबर को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह 09 सितंबर को पति व बच्चों के साथ अपने मायके अयोध्या (फैजाबाद) गई हुई थीं। 18 सितंबर की सुबह करीब 06 बजे घर वापस आने पर मुख्य दरवाजे का ताला खुला तो कमरों का ताला टूटा था। सोने का एक जोड़ी झुमकी, मंगलसूत्र, अंगूठी चांदी का पायल, 7 हजार रुपये नकद व दो पीतल का सामान चोरी हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## ■ किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुपईडीह (गोंडा)।** कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस से शिकायत की है। आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसके पति से उसका झगड़ा हो गया था। जिससे नाराज होकर वह मायके जाकर रहने लगी। उसकी 15 वर्षीय बेटी अपने पिता के साथ रहती थी और कभी-कभार उससे मिलने आती-जाती थी। करीब एक माह से वह मिलने नहीं आई। बेटी के बारे में जानकारी की तो पता चला कि करीब एक सप्ताह पहले वह घर से लापता हो गई है। जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# चोरी के सामान के साथ चार गिरफ्तार

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की चार घटनाओं का खुलासा किया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया पकड़े गए आरोपी पप्पू चौहान निवासी ग्राम बबया मौजा एकनापुर थाना पयागपुर बहराइच, अजीज खान निवासी ग्राम मंगल भट्टा थाना भिनगा श्रावस्ती, राधेश्याम पासी निवासी ग्राम मदनवा मौजा राजापुर थाना परसपुर व बृजेश कुमार ग्राम मदनवा मौजा राजापुर परसपुर हैं। इनके पास से चोरी के गहने व 7,200 रुपये बरामद हुए हैं। (संवाद)

# ट्रेन में मोबाइल चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गोंडा।** जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा ने बताया कि शुक्रवार भोर स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर तीन लोग संदिग्ध अवस्था में खड़े मिले। तलाशी के दौरान तीनों के पास से नौ मोबाइल फोन बरामद हुए। इंस्पेक्टर ने बताया कि यह सभी मोबाइल हमसफर व चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन से चोरी हुए थे। पकड़े गए अनीस निवासी बर्डपुर बाजार पश्चिमी मोहल्ला थाना मोहना सिद्धार्थनगर, बुधेश कुमार निवासी टोला बनियाभारी थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर व समीर खान निवासी नगर पालिका तौलिहन थाना कपिलवस्तु नेपाल को केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

# बस में छूट गया रुपयों से भरा पर्स

**इटियाथोक (गोंडा)।** गोंडा डिपो की बस से बृहस्पतिवार सुबह इटियाथोक से लखनऊ जाने के लिए निकलीं शकुंतला देवी चौरसिया का बस में ही पर्स छूट गया। उसमें 15 हजार रुपये, मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मेडिकल रिपोर्ट एवं दवा के पर्चे थे। लखनऊ जाने के लिए दूसरी बस से जब वह कचेहरी पहुंचीं तो पर्स छूट जाने का पता चला। रोडवेज बस स्टेशन गोंडा आकर सफाई के लिए खड़ी बस के ड्राइवर व कंडक्टर व सफाई कर्मी से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की तहरीर नगर कोतवाली में दी गई है। (संवाद)

# भाभी की हत्या का आरोपी देवर बरी

## साक्ष्य नहीं पेश कर सके अभियोजन, वादी और अन्य गवाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** धारदार हथियार से गला और हाथ काटकर भाभी की बेरहमी से हत्या करने के मामले में आरोपी देवर को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

**अदालत से**

अभियोजन पक्ष के अनुसार करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम बुढ़वलिया के रहने वाले नान्हू ने कोतवाली में केस दर्ज कराया था। इसमें बताया कि उनके पुत्र हीरालाल की पत्नी लक्ष्मी से उनके भाई अंगनू का पुत्र राकेश कुमार दो महीने से जबरन बातचीत करने का प्रयास कर रहा था। लेकिन वह बात नहीं कर रही थी। 15 अक्तूबर 2020 को 10:30 बजे राकेश कुमार हाथ में बांका लेकर आया और पूछा कि लक्ष्मी कहां है। इसके बाद घर के सामने बगीचे में लक्ष्मी को देखकर दौड़ा। आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए बांके से लक्ष्मी का गला व हाथ काट दिए। इससे लक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गई।

विवेचना में हत्या के अपराध का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। लेकिन ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष न्यायालय में साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर सका। अदालत में बयान के दौरान वादी व अन्य गवाह घटना के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य नहीं दे सके।

शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से की गई बहस और पत्रावली में साक्ष्य न होने के आधार पर अपर जिला एवं न्यायाधीश (एफटीसी नवीन) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी राकेश कुमार को दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने जेल में निरुद्ध अभियुक्त राकेश कुमार का रिहाई परवाना अविलंब जिला कारागार भेजने का आदेश दिया है।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास के दो दोषियों को सजा

**गोंडा।** मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के दोषी दो अभियुक्तों को अदालत ने सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार खरगूपुर के ग्राम कश्मीरवा निवासी अशोक कुमार पांडेय ने थाने में केस दर्ज कराया था। इसमें बताया कि छह जुलाई 2015 की शाम उनके गांव के सांवल प्रसाद, विकास व राजमनि ने आम के पेड़ के बंटवारे को लेकर अपशब्द कहकर उन्हें लाठी-डंडे से मारा।

विवेचना में अपराध के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान अभियुक्त राजमनि की मृत्यु हो गई। विचारण के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त सांवल प्रसाद व विकास को दोषी करार दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को सांवल प्रसाद व विकास को तीन-तीन साल के कारावास व 16-16 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# मारपीट में तीन दोषियों को तीन साल की कैद

अदालत से

**गोंडा।** आम के पेड़ के बंटवारे को लेकर मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में तीन दोषियों को कोर्ट ने तीन साल के कारावास और छह हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कश्मीरवा निवासी सांवल प्रसाद ने थाने में छह जुलाई 2015 को आम के पेड़ के बंटवारे में मारपीट कर घायल करने के आरोप लगाकर गांव के अशोक पांडेय, अमरीश पांडेय व मुन्नालाल व एक किशोर अपचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान न्यायालय के आदेश से 16 अगस्त 2024 को किशोर अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। विचारण के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेशनारायण मणि त्रिपाठी ने सजा सुनाई। (संवाद)

# पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**गोंडा।** कोतवाली देहात के प्रिया आज्ञाराम गांव निवासी अनुसूचित जाति के महेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के दबंग पर मजदूरी मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कहा कि उसने गांव के ही दबंग के घर जाकर छोटे भाई द्वारा किए गए चार माह का बकाया मजदूरी मांगा तो दबंग ने भाई के साथ उसके घर पहुंचकर मारा पीटा और पत्नी का मोबाइल छीनने के साथ जान से मारने की धमकी दी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# आत्महत्या का प्रयास करने से बचाया

बलरामपुर। यूपी आपातकालीन पुलिस ने आत्महत्या का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति की जान बचा ली। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय होकर घटनास्थल पर पहुंच गई। यूपी 112 के कांस्टेबल यशवंत कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि थाना गौरा चौराहा निवासी एक व्यक्ति आत्महत्या का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि उमेश की बात पर विश्वास कर कांस्टेबल पंकज कुमार, होमगार्ड स्वामीनाथ यादव के साथ पहुंचकर उसे बचा लिया गया।

# खैर की लकड़ी लदी स्कार्पियो सीज

## कार्रवाई

हर्रैया सतघरवा, संवाददाता। बनकटवा रेंज की टीम ने गुरुवार रात जंगल में एक स्कार्पियो गाड़ी पकड़ी है, जिसमें 17 बोटा खैर की लकड़ियां मिली हैं। लकड़ियों को पश्चिमी सोहेलवा के पिपरा कम्पार्टमेंट से काटा गया है। स्कार्पियो गाड़ी किसकी है, इस बात का पता नहीं चल सका है। गाड़ी व लकड़ियों को वन कार्यालय लाकर सीज कर दिया गया है।

प्रभारी रेंजर अनिवेश कुमार वर्मा ने बताया कि वन रेंज में खैर लकड़ी कटान की सूचनाएं लगातार मिल रही थीं। वन विभाग की सक्रियता से लोगों को वृक्ष काटने का मौका नहीं मिल रहा था। गुरुवार रात मुखबिर ने सूचना दी कि स्कार्पियो गाड़ी में सागौन के 17 बोटे रखकर उन्हें बाहर ले जाया जा रहा है।

रेंजर के नेतृत्व में हमराहियों ने मुखबिर के बताए स्थल भटपुरवा गांव के पास घेराव किया और गाड़ी पकड़ ली। वन विभाग की टीम को देखकर चालक व गाड़ी में बैठे अन्य लोग फरार हो गए। स्कार्पियो में 17 अदद खैर की लकड़ियां रखी मिलीं। रेंजर ने बताया कि कटान स्थल पिपरा कम्पार्टमेंट की जांच की गई है। वहां से खैर वृक्षों को काटा गया है। गाड़ी किसकी है, इस बात का पता लगाया जा रहा है।



स्कार्पियो में लदे 17 बोटे खैर लकड़ी के साथ मौजूद वन विभाग की टीम

# सफल पुलिसकर्मी पुरस्कृत किए गए

बलरामपुर, संवाददाता। एसपी विकास कुमार ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस कर्मियों को परेड के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिया। व्यवहारिक परीक्षण प्रतियोगिता में विजयी पुलिस कर्मियों को एसपी ने पुरस्कृत भी किया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि शुक्रवार को परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को मॉक ड्रिल कराया गया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मी बराबर अभ्यास करें। दंगा नियंत्रण अभियान से निपटने के लिए बराबर अभ्यास करते रहें। अपने शास्त्रों की देखभाल करें। अपने आसपास साफ-सफाई रखें ओर लोगों को सफाई के प्रति प्रेरित भी करें।

# अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्राली सीज

बलरामपुर, संवाददाता। खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र ने शुक्रवार देर रात अवैध खनन कर बालू ला रहे तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर कोतवाली देहात में सीज कर दिया है। बेलवा सुल्तानजोत एवं सिरसिया गांव में अवैध खनन होने की सूचना मिली थी। तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को कोतवाली देहात में सीज किया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

## अदालत से

बलरामपुर, संवाददाता। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में स्पेशल जज पाक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने एक व्यक्ति को 20 वर्ष साश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 50 हजार रुपए जुर्माना भी अदा करना होगा।
शासकीय अधिवक्ता फौजदार पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि तुलसीपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 22 अप्रैल 2017 को तहरीर दी। आरोप लगाया कि दिन में लगभग 12 बजे आरोपी सीताराम उसकी पांच वर्षीय पोती को टॉफी खिलाने के बहाने बहलाया फुसलाया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया। जब इसकी शिकायत पीड़िता के परिजनों ने सीताराम से की तो उसने भला बुरा कहना शुरू कर दिया।
पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा। दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने सीताराम को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## दहेज हत्या के मामले में चार को दस-दस साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने चार दोषियों को दस-दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।
जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि वादी के प्रार्थना-पत्र पर भवरिया थाना गैसड़ी निवासी संतोष कुमार, राजेंद्र पुत्रगण श्याम गिरी, चंपाकली उर्फ सुंदर कली पत्नी श्याम गिरी, ननका उर्फ गीता पत्नी राजेंद्र के विरुद्ध दहेज हत्या सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना कर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी शिव प्रसाद ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मॉनिटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ के सफल प्रयास से न्यायालय के समक्ष गवाह साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। अभियुक्तगण दोषी पाए गए। दोषियों को 10-10 वर्ष कारावास के साथ अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई है।

# ड्यूटी पर तैनात रहे पुलिस कर्मीः सीओ

बलरामपुर। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय ने बैंकों में तैनात पुलिस कर्मियों के ड्यूटी का औचक निरीक्षण किया। सीओ ने पुलिस कर्मियों को समय से ड्यूटी पर तैनात रहने के लिए निर्देशित भी किया। उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह, थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के साथ बैंक में जाकर पुलिस कर्मियों से जानकारी ली।

# साइबर अपराधियों से रहें सतर्क

बलरामपुर। साइबर अपराधियों से लोगों को सतर्क रहने की सलाह पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने दी है। ऐसी घटनाएं होने पर तत्काल साइबर क्राइम थाना की मदद लें। किसी अनजान एप को मोबाइल में डाउनलोड न करें। स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर आपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है। ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 पर काल करें।

# सोहेलवा जंगल के बनकटवा रेंज में 17 बोटा खैर की लकड़ी बरामद, नौ आरोपितों पर मुकदमा

संसू, जागरण • हरैया सतघरवा (बलरामपुर): सोहेलवा जंगल के बनकटवा रेंज में खैर के पेड़ों की कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को स्कार्पियो कार में लदी 17 बोटा खैर की लकड़ी वन विभाग टीम ने पकड़ी। माफिया फरार हो गए।

वन क्षेत्राधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि जंगल से सटे पिपरा गांव के पास स्कार्पियो कार में लदा 17 बोटा खैर की लकड़ी बरामद करने में सफलता मिली है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कटान करने वाले लोग भागने में सफल रहे। यह खैर की लकड़ी पिपरा कक्ष संख्या चार ब में दो पेड़ की है। नौ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## पांच वर्ष पूर्व हुए दहेज हत्या मामले में पति समेत चार को 10-10 वर्ष की सजा, 30-30 हजार रुपये लगाया अर्थदंड

बलरामपुर : जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने दहेज हत्या के दोषी पति समेत चार लोगों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष कैद व 30-30 हजार अर्थदंड से भी दंडित किया है। कोतवाली गैसड़ी के ग्राम राजूडीह लालपुर निवासी बुधई ने 26 जून 2019 में मुकदमा लिखाया था। आरोप लगाया कि बेटी कृष्णा का विवाह ढाई वर्ष पहले ग्राम भंवरिया निवासी संतोष से किया था। शादी के बाद पति दहेज की मांग करने लगे न देने पर पति संतोष, जेठ राजेंद्र, सास चंपाकली व जेठानी ननका ने 25 जून की रात को मार डाला है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सात गवाहों को कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला जज ने चारों को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष की कैद और 30-30 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। (संसू)

# अनुज प्रथम व प्रीति को मिला दूसरा स्थान

**बलरामपुर।** जिले में नियुक्ति के बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उपनिरीक्षकों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में उप निरीक्षक अनुज कुमार यादव को प्रथम, उप निरीक्षक प्रीति वर्मा को द्वितीय और उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी को तृतीय स्थान मिला। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शुक्रवार को इन सभी का उत्साहवर्धन करते हुए 1000-1000 रुपये नकद पुरस्कार दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन ज्योतिश्री एवं प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (संवाद)

# अभियुक्त को 20 साल कारावास और अर्थदंड

संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुर: विशेष सत्र न्यायाधीश देवनारायण तिवारी ने दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 20 साल करवास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना तुलसीपुर में 22 अप्रैल 2017 को प्राथमिक दर्ज कराई गई कि क्षेत्र के एक गांव की तीन साल की बच्ची के साथ सीताराम ने हैवानियत की थी।

अभियोजन की ओर से घटना के संबंध में आठ गवाहों का बयान अंकित कराया गया बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना झूठी है। गवाहों ने गलत बयान दिया है।

न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को 20 साल कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# पीआरवी टीम ने युवक को आत्महत्या करने से बचाया

बलरामपुर : गौरा चौराहा थाना की यूपी डायल 112 पीआरबी टीम ने गौरा बगहना निवासी युवक को कमरे की खिड़की तोड़ आत्महत्या करने से बचाया। एसपी विकास कुमार ने बताया कि गांव निवासी उमेश ने यूपी डायल 112 पर सूचना दी कि उनका भाई आत्महत्या करने जा रहा है, उसकी सहायता करें। टीम उनके घर पहुंची। युवक ने चारों तरफ से खुद को कमरे में बंद कर लिया था। कांस्टेबल यशवंत कुमार, पंकज व स्वामीनाथ यादव ने खिड़की तोड़कर उसे बाहर निकाला। काउंसिलिंग करते हुए जीवन का मोल समझाया। (जासं)

# उपनिरीक्षकों को मिला पुरस्कार

बलरामपुर : जिले में नियुक्त व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपनिरीक्षकों की परीक्षा आयोजित की गई। अब तक मिले प्रशिक्षण के आधार पर हुई परीक्षा में उपनिरीक्षक अनुज यादव प्रथम, प्रीति वर्मा द्वितीय व दुर्गेश तिवारी को तृतीय स्थान मिला। एसपी विकास कुमार ने तीनों को 1000-1000 रुपये पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन किया। (जासं)

# नारेबाजी करने वाले 16 लोग शांतिभग में पाबंद

संवादसूत्र, जागरण • उतरौला (बलरामपुर): बीते 16 सितंबर को बारह रबी उल अव्वल जुलूस के दौरान गणेश प्रतिमा पंडाल व मंदिर के सामने आपत्तिजनक देशविरोधी नारेबाजी मामले में पुलिस ने 16 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। आरोपितों को प्रतिदिन उपजिलाधिकारी कार्यालय व कोतवाली में हाजिरी देनी होगी। ऐसा न होने पर संबंधित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि बारह रबी उल अव्वल जुलूस के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी करने के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। सीसी फुटेज वीडियो व इंटरनेट मीडिया की जांच कर 16 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

**इन पर की गई कार्रवाई:** आरोपित गांधीनगर निवासी मोहम्मद जैद अंसारी, मोहम्मद इरफान, शाहबाज आलम, जैद खान, मोहम्मद हुसैन, आकिब, रफीनगर मुहल्ला निवासी मोहम्मद सलमान, मोहम्मद अशरफ, साबिर अली, मधपुर निवासी गुलाम बख्तीयर उर्फ अरबाज, पटेलनगर निवासी मोहम्मद अफजल, मोहम्मद माजिद उर्फ बब्बू, कासिम, छिपिया निवासी महफूज रजा, जैद व अलिफजोत निवासी कुतुबुद्दीन को पाबंद किया गया है। सभी को रोजाना उप जिलाधिकारी कार्यालय और कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने की हिदायत दी गई है।

# आपदा की घड़ी में मरीजों को सुरक्षित करने का पूर्वाभ्यास

**जासं • बलरामपुर:** भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हितधारकों के साथ राज्य स्तरीय पूर्वाभ्यास का आयोजन संयुक्त चिकित्सालय में किया गया। इसमें आपदा के समय अस्पताल में फंसे मरीजों व तीमारदारों को सुरक्षित बाहर निकालने एवं आग बुझाने का अभ्यास किया गया।

राज्य स्तरीय माक एक्सरसाइज के दौरान अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में शार्ट सर्किट से आग लगने की सूचना कलेक्ट्रेट स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम में दी जाती है। आग लगने एवं वार्ड में मरीजों के फंसे होने की सूचना पर जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आता है। फायर ब्रिगेड एवं इंसीडेंट रिस्पांस टीम के साथ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल मौके पर पहुंचते हैं। डीएम के नेतृत्व में अग्निशमन की टीम ने अस्पताल में बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने वार्ड में भर्ती 15 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही वार्ड में लगी आग को कुशलतापूर्वक बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली। इसके बाद टीम ने आग बुझाने का प्रदर्शन करते हुए लोगों को आग के प्रकार, बचाव के उपाय व अग्निशमन उपकरणों के उपयोग आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया।





संयुक्त जिला चिकित्सालय में आपदा के दौरान मरीज को बाहर निकालने का पूर्वाभ्यास करती अग्निशमन टीम व संयुक्त जिला चिकित्सालय में आपदा के दौरान बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास करती अग्निशमन टीम • सौ. सूचना विभाग

जिलाधिकारी ने कहा कि माकड्रिल का उद्देश्य इन आपदाओं से संबंधित मानक प्रक्रिया की समीक्षा करना एवं यह जांचना है कि हम आपात स्थिति में इन आपदाओं से निपटने के लिए किस स्तर तक तैयार हैं। अभी किन-किन क्षेत्रों में तैयारी की आवश्यकता है। कहा कि इस माकड्रिल से आपदा प्रबंधन के सभी स्टेक होल्डर्स को अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन संबंधी व्यवस्था की समीक्षा करने का अवसर मिला है। पूर्वाभ्यास का नेतृत्व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार एवं आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने किया। सीएमओ डा. मुकेश रस्तोगी, एएसपी योगेश कुमार, एसडीएम सदर संजीव यादव, सीओ ललिया ज्योतिश्री, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके वर्मा, नायब तहसीलदार अनुपम शुक्ल, अग्निशमन अधिकारी अंकित कुमार, आपदा लिपिक राजेश कुमार, आपदा सहायक प्रवीण पांडेय समेत आपदा मित्र और कैडेट्स उपस्थित रहे।

# एसपी ने परखी पुलिसकर्मियों की दक्षता

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गई। परेड में उपस्थित यूपी 112 के वाहनो में दंगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरण चेक किए गए। यूपी-112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड ,जीडी कार्यालय, कैंटीन, परिवहन  शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक का निरीक्षण भी किया। (संवाद)

# अस्पताल में लगी आग, पांच मिनट में पहुंचा दस्ता

## संयुक्त जिला अस्पताल में भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा को लेकर राज्यस्तरीय मॉकड्रिल

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। समय सुबह करीब 10.45 बजे, संयुक्त जिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इसकी जानकारी तत्काल कंट्रोल रूम को दी गई। महज पांच मिनट के भीतर ही डीएम पवन अग्रवाल खुद आपदा राहत दल के साथ मौके पर पहुंच गए। वार्ड में भर्ती 15 मरीजों को बाहर निकाला गया। भूकंप व आग से बचाव को लेकर यह मॉकड्रिल जिला अस्पताल में किया गया।

मॉकड्रिल के दौरान अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना कलेक्ट्रेट स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम को दी गई। आग लगने एवं वार्ड में मरीजों के फंसे होने की सूचना पर जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। फायर ब्रिगेड एवं इन्सीडेंट रिस्पांस टीम के साथ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल स्वयं मौके पर पहुंचे।

एडीएम प्रदीप कुमार व आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने अभियान की कमान संभाली। अग्निशमन टीम ने अस्पताल में रेस्क्यू कार्य शुरू किया। टीम ने वार्ड में भर्ती 15 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। 11 मरीजों को सीढ़ी के सहारे उतारा गया, जबकि 4 गंभीर मरीजों को सुरक्षा कर्मियों ने कंधे पर लादकर बाहर निकाला। साथ ही टीम ने आग बुझाई।

मॉकड्रिल के बाद टीम ने उपस्थित लोगों को आग के प्रकार, आग से बचाव के उपायों तथा अग्नि शमन उपकरणों के उपयोग आदि के बारे में प्रशिक्षित भी किया। साथ ही इसके माध्यम से आपदा की स्थिति में कैसे बचाव करें, इसको लेकर लोगों को जागरूक किया।



बलरामपुर के संयुक्त जिला चिकित्सालय में बचाव का मॉकड्रिल करते कर्मी व अस्पताल में कर्मचारियों को बचाव के टिप्स देते अग्निशमन विभाग के अधिकारी। - स्रोत: विभाग

### ये रहे मौजूद

मॉक एक्सरसाइज के दौरान सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी, एएसपी योगेश कुमार, एसडीएम सदर संजीव यादव, सीओ ललिया ज्योति श्री, सीएमएस डॉ. आरके वर्मा, नायब तहसीलदार अनुपम शुक्ला, हॉस्पिटल की क्वालिटी मैनेजर डॉ.रुचि, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी, अग्नि शमन अधिकारी अंकित कुमार, वायरलेस रेडियो टीम, आपदा लिपिक राजेश कुमार, आपदा सहायक प्रवीण पाण्डेय, आपदा मित्र, एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति समेत चार को दस साल की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**न्यायालय ने 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

**बलरामपुर।** दहेज हत्या के मामले में शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने फैसला सुनाया। पति समेत चार को दस वर्ष की कैद के साथ ही 30-30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

कोतवाली गैसड़ी के ग्राम राजूदीह लालपुर निवासी बुधाई ने 26 जून 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि उसने अपनी बेटी कृष्णा की शादी ढाई वर्ष पहले ग्राम भवारिया निवासी संतोष से की थी। आरोप लगाया कि दहेज कम मिलने से नाराज पति संतोष, जेठ राजेंद्र, सास चंपाकली और जेठानी ननका ने 25 जून की रात को उसकी बेटी को मार डाला।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज विवेचना के बाद चारों के खिलाफ दहेज हत्या और दहेज उत्पीड़न का प्रथम दृष्ट्या दोषी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने सात गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला जज ने चारों को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष की कैद व तीस-तीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**अदालत से**

## मारपीट में तीन दोषियों को तीन साल की कैद

**गोंडा।** आम के पेड़ के बंटवारे को लेकर मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में तीन दोषियों को कोर्ट ने तीन साल के कारावास और छह हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कश्मीरवा निवासी सांवल प्रसाद ने थाने में छह जुलाई 2015 को आम के पेड़ के बंटवारे में मारपीट कर घायल करने के आरोप लगाकर गांव के अशोक पांडेय, अमरीश पांडेय व मुन्नालाल व एक किशोर अपचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान न्यायालय के आदेश से 16 अगस्त 2024 को किशोर अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। विचारण के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेशनारायण मणि त्रिपाठी ने सजा सुनाई। (संवाद)

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीप नारायन तिवारी ने दुष्कर्म के दोषी एक व्यक्ति को 20 वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। थाना तुलसीपुर में एक व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 22 अप्रैल 2017 को उसके गांव के ही सीताराम ने नाबालिग तीन वर्षीय पोती को टॉफी देने के लिए बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शुक्ल ने न्यायालय में सात गवाहों को पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने सीताराम को नाबालिग से दुष्कर्म करने का दोषी करार देते 20 वर्ष की कैद और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। (संवाद)

# पुलिस ने युवक को बचाया

**बलरामपुर।** पीआरवी की टीम ने अपने आपको कमरे में बंद करके आत्महत्या करने जा रहे युवक को बचा लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि यूपी-112 के पीआरवी 2469 को उमेश निवासी ग्राम गौरा बगनहा थाना गौरा चौराहा ने शुक्रवार को सूचना दी कि मेरा छोटा भाई आत्महत्या करने जा रहा है, कृपया सहायता करें। इस सूचना पर पीआरवी 2469 की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। अंदर से बंद कमरे की खिड़की तोड़कर युवक को बचा लिया। (संवाद)

## ■ सपा नेता को धमकाने में एसपी से शिकायत

**बलरामपुर।** सपा के जिला मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव को धमकाने का मामला गरमा गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने इस मामले में एसपी को शिकायत भेजी है। प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि 31 अगस्त को जिला मीडिया प्रभारी ने साथियों के साथ जिले की खराब बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन दिया था, इसमें शीघ्र सुधार न होने पर आंदोलन व आत्मदाह की चेतावनी दी गई थी। जिस पर पहली सितंबर को उसे हाउस अरेस्ट कर लिया गया था। बाद में समस्या का निराकरण किया गया। आरोप लगाया कि पांच सितंबर को सपा मीडिया प्रभारी जब अपने घर पर नहीं थे, तब अज्ञात लोगों ने पहुंचकर धमकी दी। (संवाद)

## ■ वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था जांची

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी थानों की पुलिस ने अपने क्षेत्र के बैंक, डाकघर व जनसेवा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से बात कर सुरक्षा के उपकरण सीसीटीवी कैमरा व फायर अलार्म आदि को चेक किया। संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखने पर तत्काल सूचना देने की बात कही। (संवाद)

# बेटियों को दी कानून की जानकारी

**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो दल व महिला बीट पुलिस की तरफ से सार्वजनिक स्थानों पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेटियों तथा महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए नये कानून की जानकारी दी गई। पुलिस की सहायता के लिए वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181 पर काल करने का सुझाव दिया गया। (संवाद)

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मध्यनगरी गांव के मोड़ पर खड़े युवक को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना में मध्यनगरी निवासी संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में उनका पैर टूट गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (संवाद)

# 16 पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**उतरौला (बलरामपुर)।** 16 सितंबर को बारह रबी-उल अव्वल के जुलूस में नारे लगाए जाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने बताया कि 16 सितंबर को जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने फलस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। बताया कि इस मामले में 16 लोगों को शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। (संवाद)

# गाड़ी छोड़ तस्कर फरार, 17 बोटा खैर की लकड़ी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

## वन विभाग के छापे में हुआ खुलासा, एक लाख रुपये है अनुमानित कीमत

हरैया सतघरवा (बलरामपुर)। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बनकटवा रेंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात वन विभाग की टीम ने स्कॉर्पियो से ले जाई जा रही 17 बोटा खैर की लकड़ी बरामद की है। इसकी कीमत बाजार में एक लाख रुपये बताई जा रही है। हालांकि स्कॉर्पियो सवार तस्कर मौके से फरार हो गए। श्रावस्ती के वाहन नंबर के आधार पर वन विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है।

डीएफओ डॉ. एम सेम्मारन ने बताया कि कुछ दिनों से जंगली लकड़ी की तस्करी के बारे में सूचना मिल रही थी। इस पर अलग से टीम का गठन किया गया था। टीम तीन दिनों से नजर रखे हुए थी। बृहस्पतिवार की रात सूचना मिलने के बाद उप प्रभागीय वनाधिकारी एमवी सिंह, प्रभारी रेंजर अनिमेष वर्मा के नेतृत्व में बनकटवा रेंज की टीम ने भटपुरवा गांव के पास छापा मारा। तभी एक स्कॉर्पियो आती हुई दिखाई दी, वन विभाग टीम की भनक लगते ही तस्कर रास्ते में ही वाहन छोड़ टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

टीम ने कुछ दूर पीछा किया लेकिन, अंधेरा होने के कारण हाथ नहीं लग सके। टीम ने स्कॉर्पियो से खैर की लकड़ी के 17 बोटे बरामद किए हैं। इनकी कीमत बाजार में एक लाख रुपये आंकी जा रही है। टीम ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### की जा रही है जानकारी

“ जांच में वन विश्राम भवन पिपरा के पास खैर के दो पेड़ों की कटान की जानकारी हुई है। इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। वाहन श्रावस्ती का है। इसके आधार पर वाहन मालिक के बारे में जानकारी की जा रही है।

-एमवी सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी

# आंदोलन को धार देने के लिए बनाई रणनीति

**बलरामपुर।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे आंदोलन को धार देने के लिए अटेवा के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के संघ भवन में बैठक कर रणनीति बनाई। 26 सितंबर को प्रस्तावित जनाक्रोश रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनुराग रस्तोगी ने कहा की प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर 26 सितंबर को जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। दोपहर तीन बजे से नगर के छोटा परेड ग्राउंड से रैली निकालकर वीर विनय चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां पर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जनाक्रोश रैली में अधिक से अधिक कर्मचारियों की भागीदारी के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संचालन मंडलीय संगठन मंत्री मो. इकबाल खान ने किया। (संवाद)

# नवरात्र के लिए देवीपाटन मंदिर में तैयारियां हुईं तेज

## गुरु गोरक्षनाथ ने की थी स्थापना, देश-विदेश से आते हैं श्रद्धालु

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। भारत-नेपाल सीमा के निकट तुलसीपुर में स्थित देवीपाटन मंदिर देवी सती के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यह मंदिर शक्तिपीठ होने के साथ-साथ योग साधना का भी प्रमुख स्थल है। शारदीय नवरात्र में मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना के लिए यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे से भी परिसर की निगरानी की जाएगी।



बलरामपुर के तुलसीपुर में स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर। -संवाद

### गुरु गोरक्षनाथ ने कराया था मंदिर का निर्माण

देवी पाटन में उपलब्ध एक शिलालेख के अनुसार भगवान शिव की आज्ञा से यहां पहली बार गुरु गोरक्षनाथ ने मंदिर का निर्माण कराया था। गोरक्षनाथ द्वारा योग साधना के लिए जलाई गई अखंड धूनी आज भी निरंतर प्रज्ज्वलित होती रहती है। मंदिर परिसर में गोरक्षनाथ का मंदिर भी स्थापित है। बाद में जीर्ण-शीर्ण हो चुके मंदिर का जीर्णोद्धार महाराजा विक्रमादित्य ने कराया था।

### मंदिर में हैं प्रमुख दर्शनीय स्थल

- पाताल चबूतरा-इसी स्थान पर देवी सती का बामस्कंध व पाटंबर गिरा था। यहीं पर देवी सीता ने पाताल गमन भी किया था।
- सूर्य कुंड-यहां पर दानवीर कर्ण ने भगवान श्री परशुराम जी से शस्त्र विद्या की दीक्षा ली थी।
- अखंड धूनी-इस स्थान पर योगीराज गुरु गोरक्षनाथ ने योग साधना किया। उनके द्वारा जलाई गई अखंड धूनी आज भी प्रज्ज्वलित हो रही है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा जाता है ध्यान

" देवी पाटन मंदिर में नवरात्र के समय देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं को देवी दर्शन व पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

\- मिथिलेशनाथ योगी, महंत शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर तुलसीपुर

# फिरोज पप्पू हत्याकांड में विवेचक की गवाही

बलरामपुर। वर्ष 2022 में तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या के मामले में शुक्रवार को न्यायालय में विवेचक अवधेश राज सिंह की गवाही हुई। जिरह के लिए सोमवार को तारीख तय की गई है। पूर्व चेयरमैन की हत्या के मामले में ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद व माफिया रिजवान जहीर समेत अन्य पर आरोप है।

**अदालत से**

चार जनवरी 2022 की रात तुलसीपुर में फिरोज पप्पू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उनकी बेटी जेबा व दामाद रमीज सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए राजेश भारद्वाज के न्यायालय में हो रही है। उस वक्त मामले के विवेचक व वर्तमान में पचपेड़वा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह शुक्रवार को न्यायालय में पेश हुए। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

हिन्दुस्तान

# दुष्कर्म के मामले में बीस वर्ष का सश्रम कारावास

बहराइच। अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप कांत मणि ने दलित किशोरी के अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट के मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा सुनाई और 1.05 लाख का जुर्माना ठोका है। जिसे अदा न किए जाने पर दस माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

हुजूरपुर थाने के एक गांव की किशोरी 25 जुलाई 2021 को 9 बजे घर से निकली और लापता हो गई थी। बालिका की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों ने हर सम्भावित जगह पर तलाश की। करीब एक माह बाद 24 अगस्त 2021 को पता चला कि कैसरगंज थाने के गण्डारा गांव का निवासी युवक रकीब उर्फ इरफान उसे भगा ले गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि इस बात की जानकारी होने पर बालिका के पिता ने हुजूरपुर थाने में रकीब उर्फ इरफान के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कराया। पुलिस ने बालिका को बरामद कर मेडिकल कराया। विवेचक ने साक्ष्य संकलित कर अपहरण, रेप, पाक्सो व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

हिन्दुस्तान

# नेपाली महिला के पास से चरस बरामद

रुपईडीहा। एक पखवारे से भोली भाली नेपाली महिलाओं को कैरियर बनाकर चरस तस्कर चरस तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में फिर एसएसबी व पुलिस के संयुक्त जांच दल ने एक नेपाली महिला को 1 किलो 170 ग्राम चरस संग गिरफ्तार किया है। एसएसबी की 42 वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि एसएसबी की रुपईडीहा बीओपी के एएसआई केएस मेथाई, महिला कांस्टेबल कुमारी सुनीता, विजोयता महालिया डॉग हैंडलर अनुज कुमार के साथ जांच कर रही थी।

थाने के एसआई जितेश कुमार सिंह व रोशनी वर्मा भी चेकिंग पॉइंट पर मौजूद थे। नेपाली महिला को संदिग्ध समझकर महिला जवानों ने इसकी तलाशी ली। इस दौरान इसकी कमर में बंधी 1 किलो 170 ग्राम चरस बरामद हुई। महिला की पहचान 25 वर्षीया हरिकला पुन मगर पुत्री जय प्रकाश घर्ती मगर निवासिनी थबाड गांव सभा वार्ड नं 5 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है।

## चाइनीज लहसुन की तस्करी तेज, बरामद

रुपईडीहा। एसएसबी की 42 वीं वाहिनी की शिवपुरा बीओपी के जवानों ने रात्रि गश्त के दौरान तस्करी कर भारतीय क्षेत्र में ले जाया जा रहा 4 कुंतल 20 किलो चाइनीज लहसुन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। 42 वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन की तस्करी का संज्ञान लेकर जवानों को हिदायत देकर सतर्क किया गया। उन्होंने बताया कि शिवपुरा बीओपी के एसएसबी के एसआई सतीश कुमार, अमरजीत, तपन बरुवा, कांस्टेबल संदीप तीरे व नरेश धुर्वे आदि ने पिलर संख्या 651/18 से भारतीय क्षेत्र में साइकिलों पर लहसुन लादकर तस्कर भाग रहे थे। जवानों ने दौड़ा कर लगभग 200 मीटर दूर इन्हें पकड़ लिया। तस्कर साइकिल छोड़कर भागने लगे। कुछ भाग गए, लेकिन रुपईडीहा इलाके का एक किशोर पकड़ लिया गया। 15 बोरा लहसुन, पांच साइकिलें भी पकड़ ली गईं।

हिन्दुस्ता

# तीन दिन बाद भी हमलावरों की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

**बहराइच, संवाददाता।** शहर के नाजिरपुरा में भूमि विवाद में कहासुनी के बाद हमलावरों ने बुधवार को हमला कर जमकर लाठियां भांजी थी। जिसमें दो महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए थे। घायलों को कोतवाली ले जाने पर पुलिस ने मेडिकल कराया था। इस मामले में तीन दिन बाद भी कोई हमलावर गिरफ्तार नहीं हुआ है। हमलावर जान माल की धमकियां दे रहे हैं।

नगर कोतवाली के नाजिरपुरा निवासी मोहम्मद अली पुत्र मंगल ने एक भूमि अपने परिजनों से खरीदी थी। उस समय बैनामा न कराकर एग्रीमेंट किया था। बैनामा बाद में कराया जाना तय था। कुछ दिन पूर्व इसी भूमि का दूसरे के नाम बैनामा कर दिया गया। जब इसकी जानकारी मोहम्मद अली को हुई, तो उन्होंने इस बारे में बुधवार को अपने परिजनों से पूछताछ की, तो कहासुनी होने लगी। इसी दौरान हमलावरों ने अचानक लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे मोहम्मद अली, उनके बेटे मंजूर अली, राजा, अहमद अली, अशिफिया पत्नी नसरत अली, उम्मैदाहानी पत्नी अहमद अली घायल हो गए। घायलों को कोतवाली ले जाने पर पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि तहकीकात की जा रही है।

हिन्दुस्तान

# बाढ़ को लेकर सभी विभाग अलर्ट मोड पर काम करें : शाही

**मंत्री का दौरा**



कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करती डीएम मोनिका रानी।

बहराइच, संवाददाता। जिले के दौरे पर पहली बार पहुंचे प्रभारी कृषि, शिक्षा व अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी हर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। बाढ़ व कटान को लेकर सभी विभाग अलर्ट मोड में रहें, ताकि नेपाल से पानी आने पर बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर बिना देर प्रभावित लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। कहा कि बाढ़ प्रभावित सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री शुक्रवार को सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर रहे थे। आपदा राहत कार्यों के संचालन में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ित परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर आवासीय योजना, स्वच्छ भारत मिशन, खाद्यान्न वितरण तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। जल स्तर में गिरावट को देखते हुए प्रभारी मंत्री ने डीपीआरओ को बाढ़ प्रभावित ग्रामों में सफाई अभियान संचालित कर पर्याप्त साफ-सफाई के निर्देश दिए। जल भराव वाले क्षेत्रों से जल निकासी की भी व्यवस्था कराएं। बाढ़ से मुक्त हुए ग्रामों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के दृष्टिगत फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव कराने को कहा। डीएम ने प्रभारी मंत्री को ओडीओपी के तहत निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**कोढ़वा व टिकुरी कटान प्रभावितों को बांटी राहत:** प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रभावित तहसील महसी के ग्राम टिकुरी व कोढ़वा का शुक्रवार को भ्रमण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला के साथ ग्राम टिकुरी में 60 व कोढ़वा में 50 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने ग्राम कुड़वा में कटान से हुई क्षति का भी जायजा लिया।

## बाढ़ से जूझी 49 गांवों की 14156 आबादी

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि बाढ़ के लिहाज से चार तहसीलों के कुल 49 ग्राम नदी के जल स्तर बढ़ने से प्रभावित हुए थे। लगभग 14,156 जनसंख्या के बचाव व राहत के लिए 40 बाढ़ शरणालय व 48 राहत वितरण केन्द्र संचालित हैं। 166 नावें लगाई गई हैं। जिले में 7780 खाद्यान्न किट, 11823 लंच पैकेट संग 8397 अदद त्रिपाल का वितरण किया गया है। प्रभावित 91 कृषकों को 08 लाख 50 हजार 999 का कृषि निवेश अनुदान के रूप में दिया गया है।

## अखिलेश सीएम थे, तो दंगाई पुरस्कृत होते थे : शाही

बहराइच। कैबिनेट मंत्री व जिले के नए प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को पहली बार जिले में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ से उत्पन्न दिक्कतों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुरुवार को सपा प्रमुख की ओर से भेड़िए को पकड़ने के लिए एसटीएफ लगाने व पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने में भेदभाव करने के आरोप लगाने के बयान को लेकर कड़ी निंदा की। प्रभारी मंत्री ने अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि वह अक्सर ऐसे निराधार आरोप लगाते रहते हैं। समाजवादी सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह तार-तार हो गई थी। आम जनता हाहाकार कर रही थी। यहां तक कि मुजफ्फरनगर के दंगे के दो आरोपियों को सीएम आवास में भोज के साथ पुरस्कृत किया जाता था। यह उनके पाप हैं, और उनकी इस तरह के बयानों के कारण ही जनता ने उन्हें उस समय भी रिजेक्ट किया था।

## विद्यार्थी ने प्रभारी मंत्री को सुझाया पृथ्वी पर सूर्य की महत्ता

बहराइच। प्रभारी मंत्री ने ग्राम कोढ़वा में संचालित संविलियन विद्यालय मुरौव्वा मुन्सरी का निरीक्षण किया। कक्षा 06 व 07 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पृथ्वी के लिए सूर्य की उपयोगिता के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न का बच्चों ने बेहतर तरीके से उत्तर दिया, तो कक्षा 08 के छात्र विकास ने कम्प्यूटर पर भारत का नक्शा उकेर कर उसकी उपयोगिता की जानकारी साझा की। विकास की विषय पर पकड़ देखकर प्रभारी मंत्री ने पीठ थपथपाई।

# दो हत्यारों को पहले 10 वर्ष, फिर भुगतनी होगी उम्रकैद

**13 साल पुराने मामले में प्रत्येक को देना होगा 70- 70 हजार रुपये का जुर्माना**

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** न्यायालय से मुकदमे की पैरवी कर लौट रहे दो भाइयों की पांच लोगों ने गर्दन काटकर 13 वर्ष पूर्व हत्या कर दी थी। मामले में दो आरोपियों को शुक्रवार को एडीजे न्यायालय ने दोषी मानते हुए अलग-अलग अपराधों में अलग-अलग सजा सुनाई। पहले कम समय फिर आजीवन कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोनों को अलग-अलग 70-70 हजार रुपये का जुर्माना भी देना होगा।

17 फरवरी 2011 को सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बड़रहवा निवासी नुक्के खां व उसका सगा भाई कून खां गांव के ही शमसुलहक के साथ भिनगा न्यायालय गया था। वहां से पुत्री को भगा ले जाने के मामले में पैरवी कर तीनों घर लौट रहे थे। उसी दौरान रास्ते में ग्राम भुतना निवासी जाहिल के खेत के पास बड़रहवा के ही बदरुद्दीन, पप्पू, अबरार, मेराजुद्दीन व शमसुद्दीन ने तलवार से नुक्के व भाई कून खां की गला काटकर हत्या कर दी थी। साथ ही दोनों के सिर उठा ले गए थे।

उनके साथ में मौजूद शमसुल के बताने पर नुक्के खां के पुत्र इंतजार खां ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। घटना के 12 दिन बाद पुलिस ने दोनों सिर थाना क्षेत्र के पूरेशिवदीन स्थित चिलमहवा नाला से बरामद किया था।

मामले में बदरुद्दीन, पप्पू व अबरार को जिला जज न्यायालय से पहले ही आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी थी जबकि शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन विचारण के दौरान लॉकअप से न्यायालय लाते समय फरार हो गए थे जिन्हें चार वर्ष बाद मुंबई से गिरफ्तार किया गया था।

शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन को शुक्रवार को एडीजे (प्रथम) अमित कुमार प्रजापति ने दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को सभी अपराधों में अलग-अलग सजा सुनाई। घातक हथियार से हमला करने के मामले में दो-दो वर्ष का कारावास व 5000-5000 रुपये का जुर्माना, साक्ष्य मिटाने के मामले में पांच वर्ष का कारावास व 10-10 हजार रुपये का जुर्माना, शस्त्र अधिनियम में तीन-तीन साल कारावास व पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना तथा हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय ने अपराध को जघनतम मानते हुए यह आदेश दिया है कि दोनों दोषियों के विरुद्ध आरोपित अपराध की सभी सजा अलग-अलग चलेगी। दोनों को पहले दो वर्ष, फिर तीन वर्ष, फिर पांच वर्ष और अंत में आजीवन कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**अदालत से**

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**बहराइच।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने शुक्रवार को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

पिता ने 24 अगस्त 2021 को हुजूरपुर थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 25 जुलाई 2021 को लापता हो गई थी। 24 अगस्त 2021 को जानकारी हुई कि बेटी को कैसरगंज थाना क्षेत्र के गंडारा गांव निवासी राकिम उर्फ इरफान अपहृत कर ले गया था। तहरीर के आधार पर थाने की पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की अदालत में सौंपी थी।

शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि ने मुकदमे में सुनवाई शुरू की। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो ने घटना को गंभीर बताते हुए अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की दलील पेश की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर अभियुक्त को 10 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। (संवाद)

हिन्दु

# कोटेदार पर ईसी एक्ट में दर्ज हुआ मुकदमा

बहराइच। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने अंगरौरा दुबहा के कोटेदार के विरुद्ध हरदी थाने में ईसी एक्ट में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों की गंभीर शिकायतों पर एसडीएम ने तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक को सौंपी गई जांच में कोटेदार दोषी पाए गए। कोटेदार रामबहादुर पर निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न देने, ई मशीन पर फिंगरप्रिंट लेने के बाद अनाज न देने व कालाबाजारी करने की शिकायतें तमाम ग्रामीणों ने एसडीएम महसी से की थी।

# पाक्सो एक्ट में फरार नामजद आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा, दरोगा वेद राम यादव, मुख्य सिपाही अंशुल यादव, सिपाही महावीर पाल ने आसाम रोड चौराहे से मल्हीपुर रोड पर जौहरा गांव निवासी भूरे को धर दबोचा। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# 15 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह थाने की पुलिस ने बाइक सवार दो शातिर तस्करों को 15 लाख की ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 51 हजार नकदी व दो एंड्राइड मोबाइल फोन भी मिले है। एसपी ने बताया कि एएसपी सिटी व सीओ सिटी के पर्यवेक्षण में दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा, दरोगा चुन्नी लाल व पुलिस बल ने अनारकली रेलवे क्रासिंग के पास दबिश दी।

# दहेज हत्या मामले में एक फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को जानकारी मिली कि दहेज हत्या मामले में आरोपी इमामगंज में मौजूद है। उन्होंने तत्काल दरोगा देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य सिपाही पिन्टू यादव को दबिश को भेजा। पुलिस ने बल्दीपुरवा के मजरे बाजपुरवा निवासी राहुल सिंह को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# कोर्ट से गैर हाजिर तीन आरोपी गिरफ्तार

बहराइच । नवाबगंज एसएचओ शीला यादव को भनक लगी कि डीपी एक्ट व आर्म्स एक्ट में नामजद कोर्ट से गैर हाजिर तीन आरोपी कस्बे में मौजूद है। उन्होंने तत्काल दरोगा अशोक कुमार चतुर्वेदी व अशोक कुमार निषाद को पुलिस बल सहित दबिश को भेजा। पुलिस ने अली नगर निवासी लल्लन, बेचन, नवाबगंज कस्बे निवासी रईश को गिरफ्तार किया।

# नवोदय विद्यालय के दो शिक्षकों पर मुकदमा

- शिक्षक की पिटाई से आहत छात्र ने खाया था कापर सल्फेट
- कमेटी की जांच पूरी, दोषी पाए गए शिक्षक

**जासं • बहराइच** : नवोदय विद्यालय में छात्र के कापर सल्फेट खाने के मामले में दो शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। शिक्षकों पर पिटाई समेत अन्य आरोप लगे हुए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, डीएम की निगरानी में भी तीन सदस्यीय टीम जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में दो शिक्षक छात्र की पिटाई के दोषी पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम भी कार्रवाई करेंगी। नवोदय विद्यालय में बीते तीन दिन पहले एक छात्र ने कापर सल्फेट खा लिया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालात में सुधार आने पर छात्र ने अपने हिंदी व उर्दू अध्यापक पर पिटाई के साथ जातिवादी भेदभाव रखने का आरोप लगाया था। छात्र के पिता ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ देहात कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने धारा 115 (2) 352, 108, 62 एवं 75 मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में देहात कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि छात्र के पिता ने तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार व सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद जांच अपराध निरीक्षक आलोक सिंह को सौंपी गई है।

# 15 बोरा किलो लहसुन बरामद, एक गिरफ्तार

**बहराइच।** सीमा पर बृहस्पतिवार शाम कुछ लोग साइकिल पर सामान लादकर आते दिखे। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने उन्हें रुकने के लिए कहा। इस पर सभी भागने लगे। जवानों ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसने अपना नाम रुपईडीहा थाना क्षेत्र के भरथनवा गांव निवासी आमिन राई बताया। उप निरीक्षक अमरजीत ने बताया कि आमिन के पास से 15 बोरा लहसुन बरामद हुआ। लहसुन व साइकिल समेत उसको कस्टम के हवाले कर दिया गया। (संवाद)

# 20 दिन बाद भी चोरी का राजफाश नहीं

**जासं • बहराइच** : 20 दिन पूर्व देहात कोतवाली के बंजारीमोड़ स्थित एक घर में लाखों के जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन राजफाश नहीं कर सकी है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है।

देहात कोतवाली के बंजारी मोड़ निवासी सत्यव्रत दास का कहना है कि 24 अगस्त को वह मकान में ताला लगाकर हुजूरपुर के कटका मरौठा के मगनपुरवा स्थित अपने पैतृक गांव सपरिवार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होने चले गए। 30 अगस्त को जब वह वापस लौटे तो मकान का दरवाजा टूटा देख सन्न रह गए। कमरे के अंदर रखी अलमारी व बक्से का लाकर तोड़कर चोर लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व 23 हजार रुपये की नकदी उठा ले गए। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

# भेड़िए 'अल्फा' की नहीं मिल रही लोकेशन

## अब तक पांच भेड़िए पकड़े, कुनबे के सरदार की तलाश, वन विभाग की 25 टीमें खोजने में जुटीं

**संसू, जागरण • महसी (बहराइच):** कछार में आतंक का पर्याय बने पांच भेड़िए अब तक पकड़े जा चुके हैं। कुनबे के आखिरी सदस्य 'अल्फा' की बीते छह दिनों से लोकेशन नहीं मिल रही है। वनकर्मी परेशान हैं और लगातार सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है।

भेड़िए के हमले से प्रभावित परिवारों से भेंट करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र में भेड़िए के आतंक के खात्मे तक टीमों की तैनात रहने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों का भी मानना है कि कुनबे का सरदार अभी पकड़ा जाना बाकी है। उसे पकड़ने के हर तरकीब अपनाई जा रही है। वन विभाग की 25 टीमें कांबिंग कर उसे तलाशने में जुटी हैं।

सोमवार की देर शाम भेड़िए ने सिसैया के रामकिशन की बकरी का शिकार किया। वन कर्मियों व ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में घेराबंदी की, लेकिन भेड़िया भाग निकला। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार को टीम ने हरिबक्सपुरवा, मुकेरिया समेत कछार के विभिन्न गांवों में थर्मल ड्रोन से सर्च अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। भेड़िए की लोकेशन न मिलने से वन कर्मी भी हलकान हैं।



महसी के घाघरा स्थित कछार में भेड़िए की तलाश में मौजूद वन कर्मी • जागरण

### वीती रात नहीं किया भेड़िए ने हमला : डीएफओ

महसी : प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात भी भेड़िए की ओर से कोई हमला नहीं किया गया। प्रभावित क्षेत्र को तीन सेक्टर में बांटकर सेक्टर प्रभारियों के नेतृत्व में उपद्रवी भेड़िया को पकड़ने के लिए रेस्क्यू की जा रही है। चार थर्मल ड्रोन व ट्रैप कैमरा से सर्च किया जा रहा है।

> लगातार सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। कुनबे का छठवां भेड़िया भी पकड़ लिया जाएगा।
>
> - अजीत प्रताप सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी वहराइच

**गोष्ठी से कर रहे जागरूक:** प्रभावित गांवों में टीमों की ओर से पोस्टर, बैनर लगाने के साथ गोष्ठी आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। रात में ग्रामीणों को घरों के दरवाजे बंद कर सोने की अपील की जा रही है।

अति संवेदनशील गांवों के बाहर पटाखों को दगाकर भेड़िए के गांव में प्रवेश को रोकने की कार्रवाई की जा रही है। इस बारे में डीएफओ ने बताया कि प्रभाग स्तर पर स्थापित कमांड सेंटर पर गश्ती दलों से सूचनाओं को प्राप्त कर उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

### वर्दिया में हाथियों ने रौंदी एक वीघे धान की फसल

**संसू, जागरण • बिछिया (बहराइच) :** कतर्नियाघाट रेंज के भारत-नेपाल सीमा से सटे बर्दिया गांव में गुरुवार रात तीन जंगली हाथियों के झुंड ने किसान बंशराम के धान के खेत में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। पेट्रोलिंग कर रहे गजमित्रों की टीम ने वन विभाग को सूचना दी। हांका लगाकर किसी तरह हाथियों को भगाया। इस दौरान किसान की एक बीघा धान की फसल को नष्ट कर दिया। बीते कुछ दिनों से जंगली हाथियों का मूवमेंट नहीं मिल रहा था, लेकिन रात में तीन हाथियों का झुंड दिखने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हाथी विशेषज्ञ अभिषेक ने बताया कि गजमित्र अपने-अपने क्षेत्रों में बने रहें और हाथियों की हर मूवमेंट की सूचना वन विभाग को दें। ग्रामीणों को भी जागरूक करें।

# दुष्कर्मी युवक को 20 वर्ष की सजा, 1.05 लाख का जुर्माना

**अदालत से**

**जासं • वहराइच :** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को दोष सिद्ध ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदालत करने पर 10 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि हुजूरपुर के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी कि उसकी लड़की 25 अगस्त 2021 को सुबह नौ बजे लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला।



जिला न्यायालय परिसर का मुख्य द्वार • जागरण

24 अगस्त 2021 को पता लगा कि कैसरगंज के गंडारा निवासी रकीब उर्फ इरफान बेटी को ले गया है। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके बताए हुए स्थान से पीड़िता को बरामद कर बयान के लिए न्यायालय में पेश कराया। न

्यायालय में पीड़िता ने आरोपित पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद आरोप पत्र दाखिल किया। मामले का विचारण पूरा होने के बाद अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुना और आरोपित रकीब उर्फ इरफान को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

अदालत ने पीड़िता की उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए नियमानुसार प्रतिकर धनराशि उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश की प्रति भेजा।

## चरस तस्कर को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**जासं • बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम ने चरस तस्करी के आरोपित को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतानी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मिश्र ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि रुपईडीहा थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक प्रेमचंद्र यादव ने पांच दिसंबर 2021 को नेपाल के जूलखेत वार्ड नंबर चार साख निवासी अमर बहादुर धरती के खिलाफ थाने में मुकदमा लिखाया था कि उनके पास से तलाशी के दौरान चार किलो से ज्यादा चरस की बरामदगी हुई थी। इस दौरान हमराही आरक्षी वकील सिंह, सूर्यकांत पांडेय, एसएसबी के एसआइ व कर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने विवेचना पूरी करके आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत में मामले का विचारण हुआ। रुपईडीहा थाने के पैरोकार संदीप राजभर ने सभी गवाहों को उपस्थित कराया और उनके बयान अदालत में दर्ज हुए। अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपित को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# सियार को भेड़िया समझ दहशत में आ रहे ग्रामीण

जितेंद्र दीक्षित

**बहराइच।** तहसील क्षेत्र महसी के 55 से अधिक गांवों में सात महीने से भेड़ियों की दहशत है। दहशत का आलम ये है कि ग्रामीण काम-धंधा छोड़कर रात भर पहरेदारी कर रहे हैं लेकिन ये दहशत अब गांवों में अक्सर दिखने वाले सियारों की जान की दुश्मन बन गई है। दहशत के चलते अब ग्रामीण सियार को देख उसे भेड़िया समझ रहे हैं। सहमे ग्रामीणों के संघर्ष में मासूम सियारों की मौत भी हो रही है।

ग्रामीणों में भेड़ियों की दहशत किस कदर बढ़ी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मात्र चार दिन में दो सियारों को मार डाला गया। रिसिया थाना क्षेत्र के विशुनपुर में 17 सितंबर को ग्रामीणों ने सियार देखा तो भेड़िया-भेड़िया का शोर मचाते हुए भगदड़ मच गई।

इसमें गांव निवासी ओम प्रकाश (45) घायल भी हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने भेड़िये की खौफ में सियार को पीट-पीट कर मार डाला। वहीं 19 सितंबर को जरवलरोड की ग्राम पंचायत करनई में गन्ने के खेत में गए अक्षय प्रताप ने दावा किया कि उन पर सियार ने हमला कर दिया। यहां भी भेड़िया समझकर लोगों ने सियार को मार डाला। (संवाद)

## चार दिनों में दो सियार बने दहशत का शिकार



मुकेरिया में भेड़िये को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा ड्रोन से की जा रही निगरानी। -स्रोत : विभाग

## चिपकाए जा रहे जागरूकता पोस्टर

महसी तहसील क्षेत्र में जगह-जगह जागरूकता पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं। साथ ही जागरूकता गोष्ठियों के माध्यम से भेड़ियों के पगचिह्न, उनकी बनावट व उनकी हरकतों आदि की जानकारी भी दी जा रही है। जानकारी के अभाव में लोग सियारों पर हमले कर रहे हैं।**-अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ**

## महसी ही नहीं, जिलेभर में फैली दहशत

महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र से शुरू हुआ दहशत का दौर अब धीरे-धीरे पूरे जिले में फैल रहा है। अब जिले के अधिकांश क्षेत्रों में लोग सियार को भेड़िया समझने लगे हैं और खौफ में हैं। वहीं सियारों को देखने के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ने की भी आशंका है।

## गांव-गांव जागरूकता अभियान की जरूरत

वन्यजीव से जुड़े जानकारों के मुताबिक सियारों को बचाने और मानवों से इनके संघर्ष को रोकने के लिए अब गांव-गांव जागरूकता अभियान की जरूरत है। रिसिया और जरवलरोड में हुई घटनाओं के बाद लोगों का सियार और भेड़िये के बीच फर्क जानना बेहद जरूरी हो गया है।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** खैरीघाट के बाजपुरवा बल्दूपुरवा गांव निवासी राहुल सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस कई दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नामजद आरोपी को खैरीघाट के इमामगंज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

बहराइच। थाना क्षेत्र दरगाह के टांडा जलाल गांव निवासी ननके उर्फ ननकऊ पर बीते दिनों दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उसे कई दिनों से तलाश रही थी। शुक्रवार को दरगाह पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि मल्हीपुर रोड स्थित खैराहसन मोड़ पर उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# चरस तस्करी में महिला कोर्ट में पेश

रुपईडीहा (बहराइच)। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह व एसएसबी के उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह, पुलिस उप निरीक्षक रोशनी वर्मा ने संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान 18 सितंबर को नेपाल के रोल्पा निवासी हरिकला पुन से 1170 ग्राम चरस बरामद की थी। उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। (संवाद)

# चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बहराइच।** थाना क्षेत्र नवाबगंज के तीन वारंटी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक शीला यादव ने बताया कि अलीनगर निवासी लल्लन, बेचन व नवाबगंज कस्बा निवासी रईश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। थानाध्यक्ष सुजौली हरीश सिंह ने बताया कि चहलवा गांव निवासी वारंटी गुड्डू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2024

# सिर काट हत्या करने वाले दोषियों को उम्र कैद

## अदालत से

- 2011 में आरोपी दो भाइयों का सिर काट उठा ले गए थे साथ
- हत्या के 13 दिन बाद नाले से बरामद हुए थे मृतक के सिर

श्रावस्ती, संवाददाता। हत्या के मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों दोषियों को अर्थदंड से भी दंडित किया। दोनों ने 2011 में मुकद्मे की पैरवी कर लौट रहे भाइयों का सिर काट हत्या की थी साथ ही दोनों का सिर मौके से उठा ले गए थे।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 17 फरवरी 2011 को सिरसिया के बड़रहवा निवासी सगे भाई नुक्के खां व कून खां गांव के ही समसुलहक पुत्र खलील खां के साथ भिनगा न्यायालय में मुकद्मे की पैरवी में आए थे। शाम को वापस जाते समय भुतना के सिवान में बड़रहवा के ही बदरुद्दीन, पप्पू अबरार, मेराजुद्दीन व समसुद्दीन ने तलवार से सिर काट कर दोनों व्यक्तियों की हत्या कर दी थी तथा दोनों मृतकों के सिर साथ उठा ले गए थे। सिर विहीन लाश घटनास्थल से बरामद की गई थी। घटना के साक्षी समसुल के बताने पर नुक्के खां के पुत्र इंतजार खां ने थाना सिरसिया में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकद्मा पंजीकृत करवा था। वहीं घटना के 13 दिन के बाद दोनों मृतकों का सिर चिलमहवा नाला ग्राम पुरे शिवदीन से बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन दोषियों को पहले ही आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी थी। जबकि विचारण के दौरान लाकप से न्यायालय लाते समय शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन फरार हो गए थे। चार वर्ष बाद दोनों मुंबई से पकड़कर लाए गए थे। दोनों का विचारण अपर सत्र न्यायालय (प्रथम) की अदालत पर हुआ। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति ने शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन को दोषी करार देते हुए सभी अपराधों में अलग-अलग सजा दी हैं। धारा 148 आईपीसी में दो-दो वर्ष का करवास व 5000-5000 रुपए का अर्थ दंड, धारा 201 आईपीसी में पांच वर्ष का करवास व दस-दस हजार रुपए का अर्थ दंड, 25 आयुध अधिनियम में तीन-तीन साल का करवास व पांच - पांच हजार रुपये का अर्थ दंड तथा धारा 302, 149 आईपीसी में आजीवन कारावास व पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने अपराध को विरलतम मानते हुए यह आदेश दिया कि आरोपियों के विरुद्ध आरोपित अपराध की सभी सजा अलग-अलग चलेगी।

# आईजी ने नेपाल सीमा की देखी सुरक्षा

श्रावस्ती, संवाददाता। महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय एसएसबी लखनऊ रत्न संजय गुरुवार शाम को दो दिवसीय भ्रमण पर श्रावस्ती पहुंचे। एसएसबी 62वीं वाहिनी मुख्यालय भिनगा में आईजी को गार्ड आफ आनर दिया गया। उन्होंने भारत नेपाल सीमा का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया।



नेपाल सीमा का निरीक्षण करते आईजी।

62वीं वाहिनी मुख्यालय भिनगा में महानिरीक्षक रत्न संजय ने सम्मान गार्ड का निरीक्षण किया करते हुए वाहिनी के क्वाटर गार्ड, कैम्पस एरिया, मोटर परिवहन पार्क, जवान मेस व वाहिनी चिकित्सालय आदि का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने एसपी घनश्याम चौरसिया, कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी समेत अन्य पुलिस व एसएसबी जवानों के मेस में भोजन ग्रहण किया। वाहिनी मुख्यालय परिसर में पौधारोपण कर जवानों को पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश दिया। साथ ही वाहिनी की सभी उपलब्धियों व गतिविधियों के आंकड़े व वाहिनी कार्यालय के सभी कामकाज को जांचा व परखा। शुक्रवार को उन्होंने भारत नेपाल सीमा का भ्रमण कर सीमा की सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों को जरूरी निर्देश देते हुए अवैध गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने व देश विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

# आपदाओं से निपटने को पूर्वाभ्यास से मिलेगी मदद

## तैयारी

श्रावस्ती। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभिन्न आपदाओं से निपटने को पूर्वाभ्यास कर अपनी क्षमता का परीक्षण करता है। इसी क्रम में शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय भिनगा में भूकंप, अग्निकांड व हाईराइज बिल्डिंग से रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व प्राधिकरण के सह अध्यक्ष दद्दन मिश्र रहे। सेफ्टी ऑफिसर के रूप में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व इंसीडेंट कमांडर के रूप में अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा मौजूद रहे। मॉकड्रिल का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। मॉकड्रिल कार्यक्रम में एनडीआरएफ की ओर से हाई राइज बिल्डिंग में फंसे हुए एक बच्चे व एक नागरिक को निकाला गया। इसके बाद भूकंप में मकान के अंदर फंसे हुए नागरिक को दीवार काटकर निकालने का पूर्वाभ्यास किया गया। जिला अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निकांड से बचाव की मॉकड्रिल की गयी। पूर्वाभ्यास को देखने के लिए स्कूल के 200 विद्यार्थी, एसएसबी के 10, एनसीसी के 10, पुलिस के 10, रेडक्रॉस के पांच, दो चिकित्सक, पांच पैरामेडिकल स्टाफ के लोग सम्मिलित हुए।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के लाल बनकटी निवासी अंतिमा पत्नी प्रमोद कुमार की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता घनश्याम पुत्र आदिल प्रसाद निवासी ग्राम भेठिया भूपाल थाना पयागपुर जनपद बहराइच ने इकौना थाने में तहरीर देकर दामाद समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। शुक्रवार को इकौना पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति प्रमोद कुमार पुत्र उदयराज को सौरूपुर रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# नौ बाल श्रमिक मुक्त कराए गए

श्रावस्ती। थाना एएचटीयू टीम की ओर से शुक्रवार को कोतवाली भिनगा क्षेत्र के कस्बा चौकी सेमरी व थाना इकौना के कस्बा इकौना बाजार में बालश्रम की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। जिसके तहत होटल व दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान अलग अलग प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले नौ बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराकर नोटिस दी गई।

# अवैध टेम्पो संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग

श्रावस्ती। बहराइच भिनगा सिरसिया मार्ग व बहराइच मल्हीपुर जमुनहा मार्ग पर धड़ल्ले से जारी बैटरी रिक्शा व टेम्पो का संचालन मार्गो से पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। संयुक्त जिला बस यूनियन बहराइच व श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष अजय सिंह अज्जू भैया के नेतृत्व में दोनों मार्गों के यूनियन के अध्यक्ष और महामंत्री जिलाधिकारी श्रावस्ती से मिले और समस्या का मांग पत्र सौंपा।

# दो हत्यारों को पहले 10 वर्ष, फिर भुगतनी होगी उम्रकैद

### 13 साल पुराने मामले में प्रत्येक को देना होगा 70- 70 हजार रुपये का जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। न्यायालय से मुकदमे की पैरवी कर लौट रहे दो भाइयों की पांच लोगों ने गर्दन काटकर 13 वर्ष पूर्व हत्या कर दी थी। मामले में दो आरोपियों को शुक्रवार को एडीजे न्यायालय ने दोषी मानते हुए अलग-अलग अपराधों में अलग-अलग सजा सुनाई। पहले कम समय फिर आजीवन कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोनों को अलग-अलग 70-70 हजार रुपये का जुर्माना भी देना होगा।

17 फरवरी 2011 को सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बड़रहवा निवासी नुक्के खां व उसका सगा भाई कून खां गांव के ही शमसुलहक के साथ भिनगा न्यायालय गया था। वहां से पुत्री को भगा ले जाने के मामले में पैरवी कर तीनों घर लौट रहे थे। उसी दौरान रास्ते में ग्राम भुतना निवासी जाहिल के खेत के पास बड़रहवा के ही बदरुद्दीन, पप्पू, अबरार, मेराजुद्दीन व शमसुद्दीन ने तलवार से नुक्के व भाई कून खां की गला काटकर हत्या कर दी थी। साथ ही दोनों के सिर उठा ले गए थे।

उनके साथ में मौजूद शमसुल के बताने पर नुक्के खां के पुत्र इंतजार खां ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। घटना के 12 दिन बाद पुलिस ने दोनों सिर थाना क्षेत्र के पूरेशिवदीन स्थित चिलमहवा नाला से बरामद किया था।

मामले में बदरुद्दीन, पप्पू व अबरार को जिला जज न्यायालय से पहले ही आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी थी जबकि शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन विचारण के दौरान लॉकअप से न्यायालय लाते समय फरार हो गए थे जिन्हें चार वर्ष बाद मुंबई से गिरफ्तार किया गया था।

शमसुद्दीन व मेराजुद्दीन को शुक्रवार को एडीजे (प्रथम) अमित कुमार प्रजापति ने दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को सभी अपराधों में अलग-अलग सजा सुनाई। घातक हथियार से हमला करने के मामले में दो-दो वर्ष का कारावास व 5000-5000 रुपये का जुर्माना, साक्ष्य मिटाने के मामले में पांच वर्ष का कारावास व 10-10 हजार रुपये का जुर्माना, शस्त्र अधिनियम में तीन-तीन साल कारावास व पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना तथा हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय ने अपराध को जघनतम मानते हुए यह आदेश दिया है कि दोनों दोषियों के विरुद्ध आरोपित अपराध की सभी सजा अलग-अलग चलेंगी। दोनों को पहले दो वर्ष, फिर तीन वर्ष, फिर पांच वर्ष और अंत में आजीवन कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

अदालत से

बहराइच। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने शुक्रवार को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

पिता ने 24 अगस्त 2021 को हुजूरपुर थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 25 जुलाई 2021 को लापता हो गई थी। 24 अगस्त 2021 को जानकारी हुई कि बेटी को कैसरगंज थाना क्षेत्र के गंडारा गांव निवासी रहिम उर्फ इरफान अपहृत कर ले गया था। तहरीर के आधार पर थाने की पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की अदालत में सौंपी थी।

### विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि ने मुकदमे में सुनवाई शुरू की। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो ने घटना को गंभीर बताते हुए अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की दलील पेश की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर अभियुक्त को 10 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। (संवाद)

# संरक्षित क्षेत्र में मजार पर मेले का आयोजन प्रतिबंधित

इकौना (श्रावस्ती), संवाददाता। पुरातत्व विभाग के संरक्षित सहेट महेट श्रावस्ती क्षेत्र में मजार पर मेले का आयोजन प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसडीएम ने आदेश जारी करके अगले आदेश तक मेले पर प्रतिबंध लगा दिया है। यहां कुछ समय से अवैध रूप से कब्जा करके गुरुवार को मेले का आयोजन किया जा रहा था।

इकौना तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले बौद्ध तपोस्थली के विनियमित क्षेत्र के ग्रामों में पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। जिसे सहेट महेट कहा जाता है। क़रीब आठ किमी परिधि में स्थित इस संरक्षित क्षेत्र में पुरातत्व विभाग की ओर से खुदाई कर बौद्ध अवशेषों की तलाश की जा रही है। इसी संरक्षित क्षेत्र में आने वाले ग्राम राजगढ़ गुलहरिया स्थित जमीन पर विशेष समुदाय की ओर से कथित मीरा शाह बाबा की मजार बना दिया गया है। इसका बोर्ड एक बार हटाया गया था लेकिन दोबारा बोर्ड लगा दिया गया। जहां पर कुछ वर्ष पूर्व से मेला भी लगने लगा। इस पर बीते दिनों हिंदू संगठनों की ओर से शिकायत की गई। इसके बाद हरकत में आए स्थानीय प्रशासन ने मजार पर लगने वाले मेले पर रोक लगा दिया। साथ ही एसडीएम इकौना ओम प्रकाश ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उप मंडल श्रावस्ती के संरक्षक अखिलेश तिवारी को पत्र भेजकर पुरातत्व विभाग के संरक्षित क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले मेले को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी यहां बृहस्पतिवार मेले का आयोजन हुआ। वहीं इसे रोकने पहुंचे नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी को पुलिस के न आने के कारण बैरंग लौटना पड़ा। इकौना व्यापार मंडल के अध्यक्ष कन्हैया कसौधन ने प्रकरण को उच्च स्तरीय अधिकारियों से शिकायत की बात कही है।

# 'आपदा से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास से प्रबंधन क्षमता में होगी वृद्धि'

जासं• श्रावस्ती : जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास कर अपनी क्षमताओं का परीक्षण कर रहा है। केंद्रीय विद्यालय भिनगा में शुक्रवार को भूकंप, अग्निकांड व बहुमंजिला भवन से रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास किया गया। अध्यक्षता डीएम व प्राधिकरण अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व प्राधिकरण के सह अध्यक्ष दद्दन मिश्र रहे। उन्होंने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए किए जा रहे पूर्वाभ्यास से आपदा प्रबंधन की क्षमता में वृद्धि होगी।

जिपं अध्यक्ष ने कहा कि श्रावस्ती बाढ़ व भूकंप के प्रति अतिसंवेदनशील है। इस तरह की गतिविधियों की लगातार जरूरत है। डीएम ने कहा कि आपदाओं को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बाढ़ से पूर्व भी पूर्वाभ्यास किया गया था। अब भूकंप व अग्नि सुरक्षा के खतरे से निपटने

- केंद्रीय विद्यालय भिनगा में भूकंप अग्निकांड व बहुमंजिला भवन से रेस्क्यू का किया पूर्वाभ्यास
- डीएम बोले - आपदाओं को नियंत्रित करने के लिए लगातार किया जा रहा प्रयास

के लिए पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। लगातार पूर्वाभ्यास से आपदा आने पर क्षमताओं का सदुपयोग बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

जिपं अध्यक्ष, डीएम व एसपी ने पूर्वाभ्यास में शामिल सभी प्रतिभागियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनसे परिचय प्राप्त किया और उत्साहवर्धन किया। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी, छात्र-छात्राएं व माकड्रिल करने वाले प्रतिभागी शामिल थे। एनडीआरएफ की टीम ने बहुमंजिला भवन में फंसे एक बच्चे व एक नागरिक को सकुशल बाहर निकालने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर पूर्वाभ्यास में एसपी घनश्याम चौरसिया सेफ्टी आफीसर के रूप में नजर आए। इसके बाद टीम की ओर से भूकंप में मकान के अंदर फंसे नागरिक को दीवार काटकर सुरक्षित बाहर निकालने का पूर्वाभ्यास किया गया।



आपदा से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास करती केंद्रीय विद्यालय की छात्राएं • जागरण

## 200 छात्र-छात्राएं भी रहे शामिल

अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निकांड से बचाव के तरीके का पूर्वाभ्यास कर दिखाया गया। इंसीडेंट कमांडर के रूप में एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। पूर्वाभ्यास का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। पूर्वाभ्यास देखने के लिए स्कूल के 200 विद्यार्थी, एसएसबी, एनसीसी व पुलिस के 10-10 जवान, दो चिकित्सक व पांच पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हुए। इसका उद्देश्य सभी संबंधित विभागों को पूर्वाभ्यास का लाभ देना था।



केंद्रीय विद्यालय भिनगा में आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र (दाएं) • जागरण



केंद्रीय विद्यालय भिनगा में भूकंप, अग्निकांड व बहुमंजिला भवन से रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास करते एनडीआरएफ जवान • जागरण

# दोषी को मिली सजा

श्रावस्ती : न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव द्विवेदी ने भैंस चोरी के दोषी केवलपुर निवासी मालिकराम को दोष सिद्ध ठहराते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।(वि.)

वामियारी।

# हत्या कर सिर उठा ले जाने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास

## अदालत से

संसू, जागरण● श्रावस्ती : जिले के बहुचर्चित मुड़कटवा कांड के दो दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 70-70 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 17 सितंबर 2011 को सिरसिया के बड़रहवा निवासी सगे भाई नुक्के खां व कून खां गांव के ही शमसुल हक के साथ दीवानी न्यायालय भिनगा में अपने लड़की को भगा ले जाने के मुकदमे की पैरवी में आए थे। वापस जाते समय भिनगा जंगल के भुतना के सिवान में गांव के ही बदरुद्दीन, पप्पू, अबरार, मेराजुद्दीन, समसुद्दीन ने भाइयों नुक्के खां व कून खां की तलवार से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी थी। दोनों के सिर साथ उठा ले गए थे। सिर कटे शव घटनास्थल पर पड़े थे। चश्मदीद साक्षी समसुल के बताने पर नुक्के खां के पुत्र इंतजार खां ने सिरसिया थाने पर तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना के 12 दिन बाद दोनों मृतकों के सिर पूरे शिवदीन गांव के पास स्थित चिलमहवा नाला से बरामद हुआ था। इस मामले में आरोपित समसुद्दीन व मेराजुद्दीन विचारण के दौरान भिनगा तहसील स्थित लाकप से न्यायालय ले लाते समय फरार हो गए थे। लगभग चार वर्ष बाद दोनों मुंबई से पकड़े गए थे। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायालय (प्रथम) अमित कुमार प्रजापति के न्यायालय पर हुआ। न्यायालय ने अपराध को विरलतम मानते हुए यह आदेश दिया है कि आरोपितों के विरुद्ध अपराध की समस्त सजा पृथक-पृथक चलेंगी। सर्वप्रथम आरोपितों को न्यूनतम दंडादेश के संबंध में सजा भुगतनी होगी। इसके बाद उसे वृहद दंडादेश की सजा भुगतने के बाद सबसे अंत में आजीवन कारावास की सजा भुगतनी होगी। अर्थदंड की आधी धनराशि जमा होने पर मृतक नुक्के खां व कून खां की पत्नियों को दिया जाएगा। मामले के तीन दोषियों को भी आजीवन कारावास की सजा हुई है।

**पुलिस आफिस के एकाउंटेंट घायल:**
**श्रावस्ती** : पुलिस कार्यलय भिनगा में उपनिरीक्षक अनुराग पांडेय एकाउंटेंट का काम देखते हैं। शुक्रवार शाम वे आफिस का काम निपटाकर बाइक से पुलिस लाइन स्थित अपने कमरे पर जा रहे थे। परिवहन कार्यालय के निकट सड़क पर भैंस से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में उपनिरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

# शांतिभंग की आशंका में 13 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अलग-अलग स्थानों से 13 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को 39 वाहनों का ई-चालान कर 52,500 रुपये जुर्माना किया। (संवाद)

# नौ बच्चों को कराया गया मुक्त

**श्रावस्ती।** बालश्रम मुक्त अभियान व बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत थाना एएचटीयू टीम ने शुक्रवार को भिनगा कस्बा व सेमरी सहित इकौना बाजार में अभियान चलाया। इस दौरान नौ बाल श्रमिकों को मुक्त कराते हुए श्रम विभाग की ओर से संबंधितों को नोटिस दिया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को विधिक कार्रवाई के लिए जिला चिकित्सालय व बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाद में भविष्य में बच्चों से बालश्रम न कराने व बाल विवाह न करने की हिदायत देते हुए परिवार के सुपुर्द किया गया। इस दौरान एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम, श्रम निरीक्षक दिनेश कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने शुक्रवार को दहेज हत्या के मामले में वांछित लाल बनकटी निवासी प्रमोद को शौरूपुर रोड से गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। (संवाद)

# चोरी के दोषी पर 500 रुपये जुर्माना

**श्रावस्ती।** कोतवाली पुलिस भिनगा ने ग्राम केवलपुर के मजरा अहिरन पुरवा निवासी मालिकराम को 28 वर्ष पूर्व भैंस चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में शुक्रवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन व न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव द्विवेदी ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की कैद व 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)

# चौकीदार हुआ बेहोश, मृत घोषित

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** थाना क्षेत्र मल्हीपुर के ग्राम शिकारी चौड़ा के मजरा रमवापुर निवासी बच्छराज (40) मल्हीपुर थाने में ग्राम प्रहरी थे। बृहस्पतिवार शाम वह घर पर अचानक बेहोश हो गए। परिजनों ने आनन-फानन उनको सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस के कहने के बावजूद परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग शव को अपने साथ घर ले गए व अंतिम संस्कार कर दिया। (संवाद)

# आपदा से बचाव के लिए किया पूर्वाभ्यास

## केंद्रीय विद्यालय भिनगा में किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय भिनगा में आपदा से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मियों व छात्रों को पूर्वाभ्यास में शामिल किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर केंद्रीय विद्यालय भिनगा में शुक्रवार को भूकंप, अग्निकांड व हाईराइज बिल्डिंग से रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कहा कि इस आयोजन से जिले के बचाव दल व अन्य लोगों की क्षमता का विकास होगा। बाढ़, अग्निकांड व भूकंप के प्रति अति संवेदनशील इस जिले में इस तरह के पूर्वाभ्यास की आवश्यकता है। यह नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि विभिन्न आपदाओं को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बाढ़ आने से पहले भी पूर्वाभ्यास किया जाता है। इस पूर्वाभ्यास से बचाव कार्य में अधिक कुशलता आएगी।

इस मौके पर एसपी घनश्याम चैरसिया व एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने भी बचाव कर्मियों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया। मॉकड्रिल का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। पूर्वाभ्यास को देखने के साथ ही इससे शिक्षा लेने के लिए 200 छात्रों को भी बुलाया गया था। पूर्वाभ्यास में एसएसबी के 10, एनसीसी के 10, पुलिस के 10, रेडक्रॉस के पांच, दो चिकित्सक व पांच पैरामेडिकल कर्मी शामिल हुए।



अग्निकांड की घटना से बचाव का अभ्यास करते एनडीआरएफ जवान। संवाद

## छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेटों ने किया पूर्वाभ्यास



बहराइच के केडीसी में जानकारी देते अधिकारी। संवाद

**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज में जिला आपदा विभाग की ओर से शुक्रवार को आपदा से बचाने के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेटों को आपदा के दौरान क्या करें, क्या न करें, अपने व परिवार की सुरक्षा कैसे करें की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लोगों को आपातकाल में मरीजों का प्राथमिक उपचार करते हुए जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए बताया गया। (संवाद)